www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 05 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-तृतीया, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 56 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

खाड़ी देशों में तनाव: तरबूज-खरबूज, केला सहित सब्जी उत्पादक किसानों को भारी नुकसान

युद्ध की आंच से झुलसा छत्तीसगढ़, फल-सब्जी कारोबार को 500 करोड़ का झटका!

नवप्रदेश पड़ताल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग-भिलाई और रायपुर की फल मंडियों में कुछ फलों के दाम औधे मुंह गिर गए हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस बार आधे दाम में फलों को बेचना पड़ रहा है। निर्यात ठप होने से छत्तीसगढ़ के फल उत्पादकों को 500 से 550 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान हो रहा है। इजराइल-अमेरिका- ईरान तनाव के कारण कारोबार पूरी तरह प्रभावित हुआ है।

मुंबई और विशाखापट्टनम के रास्ते संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और ओमान भेजे जाने वाले तरबूज, खरबूज और केले अब स्थानीय मंडियों में ही अटक गए हैं। किसानों के मुताबिक, इस वर्ष प्रदेश में 10 से 15 हजार एकड़ नदी क्षेत्र में तरबूजे और खरबूजे की खेती की गई है। दुर्ग जिले के धमधा, बालोद, रायपुर, राजनांदगांव बेमेतरा, गरियाबंद महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा और सारंगढ सहित कई जिलों में बड़े पैमाने पर तरबूजे और खरबूजे की पैदावारी हुई है। केले के पैदावारी करने वाले दुर्ग जिले के किसान विजय भाई चौहान बताते हैं कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कृषि उत्पाद

■ **चावल:** छत्तीसगढ़ का चावल, विशेष रूप से सुगंधित चावल, खाड़ी देशों में लोकप्रिय है। राज्य के चावल का निर्यात बड़े पैमाने पर होता है।

■ **फोर्टिफाइड चावल:** छत्तीसगढ़ से फोर्टिफाइड चावल (पोषण युक्त) का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात किया जा रहा है।

■ **अन्य खाद्य पदार्थ:** प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और अनाज।

औद्योगिक उत्पाद

■ **इस्पात और स्टील उत्पाद:** इस्पात नगरी भिलाई और रायपुर के औद्योगिक क्षेत्रों से स्टील, स्पंज आयरन, बिलेट्स और स्ट्रक्चरल सामग्री खाड़ी देशों में भेजी जाती है।

■ **एल्यूमीनियम और सीमेंट:** छत्तीसगढ़ के सीमेंट कारखानों से सीमेंट और कोरबा व अन्य क्षेत्रों से एल्यूमीनियम का निर्यात होता है।

■ **इंजीनियरिंग सामान:** छत्तीसगढ़ से औद्योगिक मशीनरी और अन्य इंजीनियरिंग उत्पाद।

वन और अन्य उत्पाद

■ **हस्तशिल्प:** छत्तीसगढ़ की हस्तशिल्प वस्तुएं और बांस से बने उत्पाद।

■ **वन उत्पाद:** हर्बल उत्पाद, महुआ और अन्य प्राकृतिक उत्पाद।

■ **नोट:** छत्तीसगढ़ से इन उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, एपीईडीए ने रायपुर में एक क्षेत्रीय कार्यालय भी स्थापित किया है।

आलू के दाम गिरे

भनपुरी थोक मंडी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल के मुताबिक खाड़ी देशों में भारत से आलू और प्याज भी निर्यात होता है। प्याज तो कम मात्रा में जाता है, लेकिन आलू बहुत जाता है। आलू का खाड़ी देशों में जाना बंद होने के कारण पहली बार इसके दाम बहुत कम हो गए हैं।

खाड़ी देशों में छत्तीसगढ़ के सुगंधित चावल की डिमांड

कारोबारी व सफल कृषक हरिशंकर चक्रधारी ने बताया कि इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की आग में देश के कई सेक्टरों पर भी मार पड़ रही है। खाड़ी देशों में छत्तीसगढ़ के सुगंधित चावल, टमाटर, तरबूज-खरबूज और फलों की सप्लाई बंद हो गई है। खाड़ी देशों में चावल सहित कई सामानों का जाना बंद होने के कारण इसके दाम स्टॉक ज्यादा होने के कारण कम हो गए हैं। अभी टमाटर के दाम कम हैं। छत्तीसगढ़ से सुगंधित चावल और आर्गेनिक उत्पादों की सप्लाई अभी अफ्रीकन कंट्री में हो रही है। श्री चक्रधारी ने बताया कि ऑल ओवर सभी चीजों को जोड़ेंगे तो 500 करोड़ का नुकसान युद्ध की वजह से होने का अनुमान है।

दुर्ग-बेमेतरा सहित प्रदेश के केला उत्पादक किसानों को नुकसान

दुर्ग, बेमेतरा, रायपुर, महासमुंद सहित प्रदेश के केला उत्पादक किसानों को इस बार घाटा उठाना पड़ रहा है। केले के दाम पिछले साल वर्ष 2025 में 30 से 40 रुपए प्रति किलो थोक भाव में बेचते थे, लेकिन इस बार यह घटकर 8 से 12 रुपए किलो बिक रहा है। कतर, ओमान, ईरान और दुबई में छत्तीसगढ़ से केले कमीशन एजेंट के माध्यम से भेजे जाते थे। इस बार एजेंट ही नहीं आ रहे हैं। इसलिए केले की खपत लोकल स्तर पर करना पड़ रहा है। किसान विजय चौहान ने बताया कि अभी केला 5 से 6 रुपए किलो में स्थानीय स्तर पर बिक्री हो रही है।

निर्यात में कमी से तरबूज-खरबूज के थोक खरीदार नहीं मिल रहे

थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि 'युद्ध शुरू होते ही खाड़ी देशों के सभी रास्ते बंद कर दिए गए, जिससे तरबूज का निर्यात पूरी तरह से रुक गया है।' निर्यात पर रोक लगने के कारण बाजार में तरबूजों की भरमार हो गई है। निर्यात बंद होने के कारण तरबूज स्थानीय बाजार में बिक रहे हैं, जिससे उनकी कीमतें गिर गई हैं। पहले फल थोक में 20 से 25 रुपये प्रति किलो बिकता था, अब वह 7 से 8 रुपये प्रति किलो में बिक रहा है। तरबूज के निर्यात में कमी के कारण किसानों को लगभग 300 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला, 3 कंपनियां तबाह

■ **इजराइल ने पेट्रोकेमिकल जोन पर एयरस्ट्राइक की**

तेल अवीव/तेहरान / वॉशिंगटन डीसी। ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजराइल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया। इजराइल के सुरक्षा सूत्रों ने भी पुष्टि की है कि ये हमले उसकी वायुसेना ने किए हैं। इस हमले में तीन कंपनियों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों में पांच लोग घायल हुए हैं।

ईरान ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमान गिराए

ईरान ने शुक्रवार को अमेरिका के दो लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है। इनमें एक एफ-35 फाइटर जेट और दूसरा ए-10 अटैक एयरक्राफ्ट है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गिरने वाला पहला फाइटर जेट एफ-35 नहीं बल्कि एफ-15 ई है। वहीं, ट्रम्प ने कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान युद्ध में अब तक 365 अमेरिकी सैनिक घायल, 13 की मौत

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान अब तक कुल 365 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जबकि 13 सैनिकों की मौत हुई है। बीसीसी ने अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के हवासे से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 13 ही बनी हुई है। युद्ध के दौरान घायल हुए अमेरिकी सैनिकों में सेना के 247 जवान, नौ सेना के 63 जवान, वायु सेना के 36 जवान और 19 मरीन सैनिक शामिल हैं।

अमेरिका एसी-130 गनशिप से ईरान में कर रहा पायलट की तलाश

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका ईरान में गिराए गये अपने लड़ाकू विमान के पायलट की तलाश के लिए अभियान तेज कर दी है और इसके लिए वह एसी-130 गनशिप का इस्तेमाल कर रहा है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। बीबीसी के अमेरिकी साझेदार सीबीएस न्यूज से बात करते हुए अमेरिका के एक पूर्व कमांडर ने बताया कि अगर बचाव अभियान का लक्ष्य ऐसे इलाके में है, जहाँ हेलिकॉप्टर नहीं पहुँच सकता, तो एसी-130 गनशिप के स्क्वाड्रन उस विमान से छलांग लगाएँगे और पैदल ही तलाश अभियान शुरू कर देंगे।

ट्रम्प का ईरान को अल्टीमेटम- 48 घंटे में होर्मुज खोलो नहीं तो तबाही

वाशिंगटन डीसी (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ईरान नहीं माना तो उसे तबाह कर दिया जाएगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि समय खत्म हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले उन्होंने ईरान को 10 दिन की मोहलत दी थी, लेकिन अब सिर्फ 48 घंटे बचे हैं। ट्रम्प अब तक होर्मुज खोलने के लिए ईरान को तीन बार अल्टीमेटम दे चुके हैं। उन्होंने कहा है कि ईरान अगर ऐसा नहीं करता है तो उसके ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।

आज बेबाक

सच है कि होशियार और समझदार लोगों की कहीं कद्र नहीं होती। राजनीति के क्षेत्र में तो कतई नहीं होती। सब जगह चमचों और चाटुकारों को तरजीह दी जाती है। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को यदि घुंघरू सेठ के आदेश पर राज्यसभा के उपनेता पद से हकाला गया है और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने से रोकने के लिए उनके बोलने पर पाबंदी लगवाई गई है तो इसमें ताज्जुब वाली बात नहीं है। कबाड़ी भला हीरे की कीमत कहां समझता है? अब राघव चड्ढा बैठे यह गाते रहें - हमसे का भूल हुई जो ये सजा हमका मिली...।

दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटके

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदूकुश था। अफगानिस्तान में भूकंप में 8 लोगों की मौत हो गई।

आप ग्लोबल सोच अपनाएं और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दें: जयशंकर

■ **भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने आज अपने नया रायपुर स्थित परिसर में अपना 15वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया। इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों के 552 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें प्रमुख एमबीए प्रोग्राम के 314, एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम के 230 और 8 डॉक्टरेट शोधार्थी शामिल थे। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने दीक्षांत भाषण दिया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. एस. जयशंकर ने जोर देकर कहा कि 'स्नातक होने वाले इस बैच को खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए, क्योंकि यह उस पीढ़ी का हिस्सा है जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियत है। आप एक दशक की ठोस प्रगति और विकास के लाभार्थी हैं। आपको तकनीक और सूचना तक वह पहुंच प्राप्त हुई है, जिसकी कल्पना एक पीढ़ी पहले करना भी असंभव था। यही नहीं, आप वैश्वीकरण के उस युग में बड़े हुए हैं जिसने आपको शेष विश्व के साथ बहुत गहराई से जोड़ा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वैश्विक बदलाव के क्षण में स्नातक हो रहे: पुनीत

स्नातक होने वाले बैच को अपने प्रारंभिक संबोधन में आईआईएम रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पुनीत डालमिया ने कहा, '2026 के बैच, आप गहरे वैश्विक बदलाव के क्षण में स्नातक हो रहे हैं। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल व्यवधान, भू-राजनीतिक बदलाव और तेजी से बदलते उपभोक्ता व्यवहार वाले युग में जी रहे हैं। ऐसी दुनिया में ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन अनुकूलन क्षमता अनिवार्य है। रणनीति मायने रखती है, लेकिन गति उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। महत्वाकांक्षा आवश्यक है, लेकिन सत्यनिष्ठा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जीवन भर सीखने वाले बने रहें, ईमानदारी के साथ नेतृत्व करें और स्वयं से परे प्रभाव पैदा करें। आपका मूल्यांकन आपके पद या वेतन से नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में आपके द्वारा लाए गए बदलाव से किया जाएगा।' दीक्षांत समारोह का समापन शिवांग छिकारा, शालिनी दुबे और बोबन चाको सहित अन्य मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करने के साथ हुआ। अपने द्वितीय चरण के परिसर विस्तार और ?20.93 लाख प्रति वर्ष के औसत पैकेज के साथ एक मजबूत प्लेसमेंट सीजन के साथ, आईआईएम रायपुर प्रबंधन उत्कृष्टता के लिए एक प्रमुख संस्थान और भारत के पेशेवर परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है।

महासमुंद में 1.51 करोड़ का 303 किलो गांजा जब्त

■ **दो लग्जरी कारों सहित महाराष्ट्र-ओडिशा के 7 तस्कर गिरफ्तार**

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (ANTF) और सिंघोड़ा व महासमुंद पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान लगभग 1 करोड़ 51 लाख रुपये मूल्य का 303.900 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। मामले में महाराष्ट्र के 5 और ओडिशा के 2 सहित कुल 7 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा के फूलबानी जिले से गांजा महाराष्ट्र के पुणे ले जाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर, पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की। कुछ ही देर में दो संदिग्ध लग्जरी वाहन, एक फार्च्यूनर (MH 12 WC 0090) और एक स्कॉर्पियो (MH 12 YH 0090), वहां पहुंचे जिन्हें रोक लिया गया। वाहनों की तलाशी लेने पर उनमें बोरियों में भरा गांजा बरामद हुआ। इन वाहनों में महाराष्ट्र के सतारा जिले के प्रशांत शंकर गोली (38), क्षितिज वीर सेन (21), अक्षय नंदकुमार निगम (27), अभिषेक डेविड जगले (26) और महेश काटकर (39) सवार थे। पुलिस ने इन पांचों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे गांजा ओडिशा से पुणे ले जाने की योजना में शामिल थे।

पुलिस ने गांजे के अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दोनों लग्जरी गाड़ियां भी जब्त कीं, जिनमें 40 लाख रुपये की फार्च्यूनर और 25 लाख रुपये की स्कॉर्पियो शामिल हैं। इसके साथ ही, 4 मोबाइल फोन भी जब्त किए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नासिक में कुएं में गिरी कार छह बच्चों सहित 9 की मौत

■ **सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे**

नासिक/ए.। महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहे थे, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खाड़ी देशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध, दुश्मनी चाहती है कांग्रेस: मोदी

तिरुवल्ला (केरल)। केरल में चुनावी बिगुल बज चुका है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सूबे के तिरुवल्ला में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर प्रहार किए। पीएम ने कांग्रेस पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ चुनावी फायदे और मुझे गाली देने के लिए एक करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा बेहद खतरनाक है। वे चाहते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

केरल में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के काफिले पर हमला, 5 पर केस दर्ज

■ **गनमैन के साथ मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार**

मलप्पुरम (ए.)। केरल के मलप्पुरम जिले में शुक्रवार रात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर के काफिले पर हमले की खबर से हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई जब थरूर वंडूर इलाके में एपी अनिल कुमार के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, चेलिथोड के पास करीब शाम 7 बजे कुछ लोगों ने थरूर के काफिले का पीछा किया और उनकी गाड़ी को रोकने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है ■ शेष पृष्ठ 8 पर

साजिश या राजनीतिक रंजिश?

पुलिस अफसरों का कहना है कि हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में यह संदेह जताया जा रहा है कि हमलावर जानबूझकर हंगामा करने और अशांति फैलाने के इरादे से आए थे। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि इस हमले के पीछे कोई गहरी राजनीतिक रंजिश थी या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा था। पूरी पूछताछ और सबूतों के संकलन के बाद ही इस उकसावे के पीछे के असली मकसद का खुलासा हो पाएगा।

चुनाव: टीएमसी सरकार के अन्याय का जवाब देने पश्चिम बंगाल की जनता पूरी तरह तैयार

बंगाल में परिवर्तन की लहर, भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल की जनता को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रखा गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना और किसान सम्मान निधि जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ गरीबों और किसानों तक नहीं पहुंच पाया। बंगाल में रोजगार के अवसरों की भारी कमी है और महिलाओं से किए गए आर्थिक सहायता के वादे भी पूरे नहीं किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है और युवाओं के सामने रोजगार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चुनावी सभा में सीएम साय ने टीएमसी पर किया प्रहार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान नयाग्राम, गोपीबल्लवपुर, झारग्राम एवं बिनपुर विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया तथा जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन की अपील की। वहीं टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। इस दौरान सड़कों पर उमड़े जनसैलाब और हर वर्ग के अपार समर्थन ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि पश्चिम बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए पूरी तरह तैयार है।

भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी: विष्णु देव

मुख्यमंत्री श्री साय ने झारग्राम की भूमि को वीर सपूतों और विद्वानों की धरती बताते हुए यहां के भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल देश ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहाँ एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम के बल पर सर्वोच्च पदों तक पहुँच सकता है। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि एक किसान परिवार से आने के बावजूद पार्टी ने उन्हें सांसद, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष और आज मुख्यमंत्री जैसे दायित्व सौंपे - जो भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है।

परिसीमन की आहट में पाण्डुका-गरियाबंद बना सियासी रणक्षेत्र

■ उपेक्षा बनाम विकास के दावों पर आमने-सामने भाजपा कांग्रेस

कोपरा/नवापारा/नवप्रदेश। प्रस्तावित परिसीमन की सुगबुगाहट के बीच पाण्डुका से गरियाबंद तक का इलाका इन दिनों सियासी बहस का केंद्र बन गया है। एक ओर जहां स्थानीय लोगों और विपक्ष ने क्षेत्र की अनदेखी और विकास कार्यों के ठप पड़ने के गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं भाजपा ने इन दावों को पूरी तरह भ्रामक बताते हुए करोड़ों के विकास कार्यों का ब्यौरा पेश कर पलटवार किया है।

विपक्ष का हमला तेज

कांग्रेस ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाते हुए जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। विपक्ष का कहना है कि किसी भी क्षेत्र का विकास राजनीतिक गणित के आधार पर नहीं बल्कि पूरे कार्यकाल में समान रूप से होना चाहिए।

लगातार बढ़ती नाराजगी को देखते हुए विपक्ष इसे जनता के साथ अन्याय बता रहा है और आने वाले समय में बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है।

भाजपा नेताओं का पलटवार—'जमीन पर दिख रहा विकास': इन आरोपों पर भाजपा ने कड़ा जवाब देते हुए उन्हें दुष्प्रचार करार दिया है। पार्टी नेताओं का दावा है कि क्षेत्र में 170 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं और हकीकत आरोपों से बिल्कुल अलग है।बताया गया कि बीते एक वर्ष में जिले के विभिन्न हिस्सों में 100 करोड़ रुपए से अधिक के 60 से ज्यादा कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें सड़क, पुल-पुलिया, अस्पताल भवन और अन्य बुनियादी परियोजनाएं शामिल हैं।

'भ्रम फैला रही कांग्रेस'—भाजपा का आरोप: भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से घबराकर झूठी और भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। उनका कहना है कि जिन नेताओं पर अब सवाल उठ रहे हैं, वे अपने कार्यकाल में क्षेत्र से दूरी बनाए रखते थे और अब जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

उपेक्षा के आरोपों से बढ़ी सियासी गर्मी

राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पाण्डुका से गरियाबंद तक के ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इलाके में विकास कार्यों की रफ्तार थम सी गई है। अधूरे प्रोजेक्ट लटके हुए हैं। नई योजनाओं की शुरुआत नहीं हो रही और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण अधूरा रहने, पेयजल योजनाओं के अटकने,बिजली और अन्य सुविधाओं की कमी तथा प्रशासनिक उदासीनता जैसे मुद्दे उठाए हैं। उनका कहना है कि पहले जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय दौरा होता था लेकिन अब दूरी बढ़ती जा रही है। परिसीमन की आहट या बदली प्राथमिकताएं इलाके में यह चर्चा भी तेज है कि परिसीमन के बाद यह क्षेत्र वर्तमान विधानसभा से अलग हो सकता है। ऐसे में लोगों को आशंका है कि संभावित राजनीतिक बदलाव को देखते हुए प्राथमिकताएं बदल दी गई हैं। यही वजह है कि विकास की गति पर असर पड़ा है।

पाण्डुका क्षेत्र में भी करोड़ों के प्रोजेक्ट

भाजपा के अनुसार पाण्डुका क्षेत्र में ही 70 करोड़ रुपए से अधिक के 40 से ज्यादा कार्य स्वीकृत हैं। इनमें सड़क निर्माण, सीसी रोड, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन, पुल-पुलिया, नाली, स्ट्रीट लाइट और सिंचाई योजनाएं शामिल हैं।स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल संसाधन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भी करोड़ों की परियोजनाएं स्वीकृत बताई गई हैं।

न्यूज गैलरी

हनुमान जयंती पर विधायक अनुज शर्मा विभिन्न ग्रामों की शोभायात्रा में हुए शामिल

धरसीवां / नवप्रदेश। कूंराहनुमान जयंती के पावन पर्व पर आज विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनेक स्थानों पर आयोजित भव्य शोभायात्राओं और भंडारा,धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने ग्राम चरौदा, धरसीवां में आयोजित हनुमान जयंती के शोभायात्रा व ग्राम चिखली व सिलतरा में आयोजित भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ में हिस्सा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्तिभाव को देख विधायक स्वयं भी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने रथ की पूजा-अर्चना की और गदाधारी हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की जनता की सुख-शांति और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान शोभायात्रा के मार्ग में ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। कई स्थानों पर आयोजन समितियों द्वारा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया गया। ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के जयघोष के बीच निकली शोभायात्रा।

सिहावा पहाड़ पर अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

नगरी / नवप्रदेश। सिहावा क्षेत्र के शांत और प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित पहाड़ों में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की खबर ने पूरे इलाके को दहला दिया।

सामान्यतः सन्नाटे और शांति में डूबे रहने वाले सिहावा पहाड़ पर अचानक हलचल तेज हो गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ स्थानीय ग्रामीण पहाड़ के एक सुनसान और कम आवाजाही वाले हिस्से से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर एक संदिग्ध अवस्था में पड़े शव पर पड़ी। दृश्य इतना भयावह और चौंकाने वाला था कि ग्रामीणों ने बिना देर किए तत्काल इसकी सूचना सिहावा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र को घेरकर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का लहराया परचम

नगरी / नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पत्थरीडीह, कुकरेल एवं आसपास के क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि यहां के युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

नगरी के निवासी रवि नेताम, जो एक राष्ट्रीय बॉडीबिल्डर एवं आईबीबीएफ (ढ्ढक्चक्चस्न) बॉडीबिल्डिंग टीम के मैनेजर हैं, ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के लगभग 8 खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित प्रतिष्ठित ÷मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता÷ में भाग दिलाया।इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में शामिल 8 खिलाड़ियों में से 2 खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर राज्य को विशेष सम्मान दिलाया। इनमें खिलाड़ी अशोक बेहरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 मेडल अपने नाम किए, वहीं आनंद राव ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच पांचवां स्थान प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया।इस उपलब्धि के पीछे टीम मैनेजर रवि नेताम की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं खिलाड़ियों के प्रति मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अनुशासन, कठिन परिश्रम एवं आत्मविश्वास के साथ राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सेवकों के अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण सुविधा योजना प्रारंभ कराने पर फेडरेशन ने दी बधाई

नगरी / नवप्रदेश। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पहल पर छग शासन द्वारा प्रदेश के शासकीय सेवकों के लिए के 16मार्च2026से 'अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना' प्रारंभ की गई है जिसका शुभारंभ मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में किया गया हैंजिसको लेकर प्रदेशभर के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

इस महत्वपूर्ण योजना को लागू करवाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा को कर्मचारियों ने बधाई देते हुए हार्दिक आभार व्यक्त किये है।कर्मचारियों ने कहा कि यह योजना लंबे समय से लंबित मांगों में शामिल थी, जिसे साकार करने में वर्मा जी के निरंतर प्रयास, दृढ़ संकल्प एवं प्रभावी नेतृत्व का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना के लागू होने से कर्मचारियों को आवश्यकता पड़ने पर बिना ब्याज के अग्रिम राशि प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी एवं आवास ऋण,शिक्षा ऋण जो उनके आर्थिक संबल को मजबूत करेगी।जिसमें कर्मचारियों ने वर्मा जी के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल कर्मचारी हितों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है,साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी उनके सक्षम ,कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कर्मचारियों के हित में ऐसे ही सकारात्मक निर्णय होते रहेंगे।

विधायक अनुज शर्मा नें सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों का जताया आभार

कुंवरगढ़ महोत्सव का भव्य समापन, छत्तीसगढ़ के दिग्गज कलाकारों के नाम रही अंतिम शाम

■ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर झूम उठे दर्शक

■ छत्तीसगढ़ी कलाकारों ने बांधा समां

धरसीवां/नवप्रदेश। कुँवरगढ़ नगर के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। विधायक अनुज शर्मा की विशेष पहल और प्रयासों से आयोजित 'कुँवरगढ़ महोत्सव' का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल एवं विधायक अनुज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महोत्सव की अंतिम शाम छत्तीसगढ़ के दिग्गज कलाकारों के नाम रही। मंच पर प्रदेश के जाने-माने कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनुराग शर्मा, छाया चंद्राकर और कंचन जोशी के सुमधुर गीतों ने समां बांध दिया। रेखा जलक्षत्री और शैलेश साहू की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।लोक संगीत और पारंपरिक नृत्यों की इस जुगलबंदी ने पूरे वातावरण को छत्तीसगढ़ी रंग में सराबोर कर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने कुंवरगढ़ की ऐतिहासिक धरती को नमन करते हुए कहा कि यह केवल मेला या उत्सव नहीं है, यह हमारी पहचान का शंखनाद है।यह महोत्सव केवल नाच-गाने का मंच नहीं है, बल्कि हमारी लुप्त होती परंपराओं और पूर्वजों के पराक्रम को जीवंत रखने का एक अनुष्ठान है। कुंवरगढ़ की माटी में वह सुगंध है जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है।

जब हम अपनी कला, अपने लोकगीत और अपनी परंपराओं का सम्मान करते हैं, तो ईश्वर का आशीर्वाद स्वतः प्राप्त होता है। अनुज ने न केवल इस महोत्सव को भव्यता दी है, बल्कि जनता की भावनाओं को एक मंच प्रदान किया है। एक सजग जनप्रतिनिधि वही है जो अपनी माटी की कला और संस्कृति को सहेजने के लिए समर्पित रहे।विकास केवल सड़कों और इमारतों से नहीं होता, विकास तब पूर्ण माना जाता है जब हमारी संस्कृति भी सुरक्षित और गौरवान्वित महसूस करे।

विधायक अनुज शर्मा के गानों पर झुमे दर्शक

कुंवरगढ़ के दर्शकों की विशेष मांग को देखते हुए विधायक अनुज शर्मा ने अपनी सुपरहिट फिल्मों के एक से बढ़कर एक गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने सदाबहार गानों से न केवल समां बांधा, बल्कि उपस्थित जनसमूह को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

देर रात भीषण सड़क हादसा, एक युवक की मौत, छह घायल

■ सामाजिक कार्यक्रम से लौटते समय हुआ हादसा

नगरी / नवप्रदेश। भारतमाला सड़क पर देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पालगांव निवासी कुछ लोग एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने कांकेर गए हुए थे। कार्यक्रम से लौटते समय उनकी ईको कार तेज रफ्तार में सामने चल रही मेटाडोर वाहन से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईको कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक हादसे में पालगांव निवासी युवक फ्लेंद्र मंडावी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार अन्य 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उनका विशेष उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दुगली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और असावधानी को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भारतमाला सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

कृषि योजना से बदली किसान गंगाराम की तकदीर

■ चाफ कटर व आधुनिक तकनीक से बढ़ा दुग्ध उत्पादन

खैरागढ़ / नवप्रदेश कृषि विभाग की योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन के लाभ से जिले के कृषक गंगाराम ने खेती और पशुपालन के क्षेत्र में अपनी आमदनी बढ़ाते बेहतर प्रगति की है। जिले के ग्राम जीराटोला निवासी कृषक गंगाराम के पास 5 एकड़ कृषि होने के साथ पशुपालन उनकी आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। उनके पास 15 गाय , 2 भैंस हैं। जिनके माध्यम से दूध उत्पादन कर परिवार की आजीविका चलाते रहे हैं। योजनाओ का लाभ लेने से पहले गंगाराम पशुओं के लिए पर्याप्त और पौष्टिक चारे की व्यवस्था नहीं कर पा रहे थे । पशुओं को मुख्य रूप से पैरा, भूसी जैसे पारंपरिक चारे पर ही निर्भर होने के चलते दूध उत्पादन अपेक्षाकृत कम । था और पशुपालन से आय सीमित थी। 24-25 में कृषक गंगाराम ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रमों में भाग लेकर खेती और पशुपालन की आधुनिक तकनीकों, उन्नत चारा प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने के विभिन्न उपायों की जानकारी ली। कृषि विभाग की रैनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत उन्हें चाफ कटर मशीन उपलब्ध कराई गई। इस मशीन से उन्होंने अपने खेत में हरा चारा उगाना शुरू करते चाफ कटर से काटकर पशुओं को खिलाना प्रारंभ किया। हरे चारे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर खिलाने से पशुओं को संतुलित और पौष्टिक आहार मिलने लगा, पशुओ के स्वास्थ्य में सुधार हुआ तो दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि हो गई।

बैगा महिलाओं को सशक्त और सक्षम बनाने दिया प्रशिक्षण

■ स्वसहायता समूह से जुडक़र निभाएंगी सहभागिता

खैरागढ़ / नवप्रदेश जिले के बैगा बहुल साल्हेवारा क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु 3 दिवसीय विशेष अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत ग्राम हाथी झोला एवं समुंदपानी, निजामडीह , सिंगबोरा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य बैगा जनजाति की महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोडक़र आर्थिक रूप से सशक्त बनाना एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री फुलबासन यादव के मार्गदर्शन में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के लाभों की विस्तृत जानकारी देते समूह से जुडक़र आय में वृद्धि सामाजिक रूप से भी सशक्त बनने , समूह की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में 400 महिलाओं ने भाग लिया। कई महिलाओं ने स्व-सहायता समूह से जुडने् की इच्छा जताई । संभावित सदस्यों की सूची तैयार कर समूह गठन की आगामी प्रक्रिया की पहल की गई। ग्राम सिंगबोरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिक बिसेसर साहू, घम्मन साहू, जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, बैगा समाज अध्यक्ष पंचू मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक्स-रे एवं स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई, साथ ही आधार कार्ड निर्माण का कार्य भी किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर विधायक अंबिका मरकाम ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि हेतु की मंगलकामना

नगरी/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव के पावन एवं धार्मिक महत्व से परिपूर्ण अवसर पर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर भगवान हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। इस दौरान उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य एवं निरंतर प्रगति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए जनकल्याण की मंगलकामनाएं कीं।विधायक श्रीमती मरकाम इस अवसर पर ग्राम उमरगाँव एवं ग्राम शिवपुर पहुंचीं, जहां हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई। उन्होंने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने की कामना की।

राजस्व वसूली बढ़ाने छुट्टी के दिन भी सड़क पर उतरे सीएमओ

■ बड़े बकायादार टारगेट मे, 16 दुकानो से साढ़े 88 हजार मिला राजस्व

खैरागढ़ / नवप्रदेश। शहर मे राजस्व करो की वसूली करने अवकाश के बाद भी पालिका प्रशासन सडक़ पर उतरा । सीएमओ पुनीत वर्मा की अगुवाई मे पालिका के राजस्व विभाग के कर्मचारी शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाको मे पालिका द्वारा बनाए गए काम्पलेक्स और विभिन्न दुकानों के किराए दारो के पास पहुँची और राजस्व बकाया राशि की मांग की । इस दौरान पालिका के अधिकारियो कर्मचारियो ने 16 दुकानों मे वसूली अभियान चलाकर 88 हजार 500 रू का बकाया दुकान किराया वसूला । अवकाश के दौरान राजस्व वसूली अभियान से कई दुकानदारो मे हडक़ंप भी मचा । कई जगह बहानेबाजी भी सामने आई । लेकिन सीएमओ ने दो टूक किराए की राशि का भुगतान पालिका को समय पर करने की चेतावनी दी ।

राजस्व वसूली नहीं होने से पालिका फंड खाली

पालिका मे समाप्त हुए वित्तीय वर्ष मे राजस्व की अपेक्षाकृत वसूली नही आने से पालिका का फंड खाली है । अधिकारियो कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य विकास कार्यो पर इसका सीधा फर्क पड़ रहा है । लगातार अधिकारियो के तबादले, निलंबन, और प्रभारी अधिकारियो के भरोसे कार्य चलने से पूरे सत्र मे राजस्व वसूली चरमराई रही । इसका खामियाजा इस बार भी अधिकारियो कर्मचारियो को बिना वेतन के रहना पड़ा ।

वन विभाग कवर्धा वनमंडल की सख्त कार्रवाई

अवैध लकड़ी परिवहन पर प्रहार, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित लकड़ी जब्त

कवर्धा / नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल द्वारा वन्यजीव एवं वन संपदा के संरक्षण हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में भोरमदेव अभयारण्य (चिल्फी रेंज) एवं कवर्धा वन परिक्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से अवैध लकड़ी परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध दो महत्वपूर्ण कार्रवाइयाँ की गई हैं।अवैध लकड़ी परिवहन पर कार्रवाई: भोरमदेव अभयारण्य के चिल्फी परिक्षेत्र में दिनांक 01.04.2026 की रात्रि मुखबिर से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रात्रि के अंधेरे का लाभ उठाकर वन क्षेत्र से कीमती लकड़ी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन एवं अधीक्षक भोरमदेव के मार्गदर्शन में रेंजर चिल्फी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर संदिग्ध मार्ग पर घेराबंदी की गई।

तलाशी के दौरान टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका, जिसमें भारी मात्रा में लकड़ी लदी हुई थी। वाहन चालक एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 (शास्ति), 52, 55 एवं छत्तीसगढ़ वनोपज (अभिवहन) नियम, 2001 के नियम 3, 16, 20, 22 के तहत कार्यवाही की गई। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21694/2 दिनांक 01.04.2026 दर्ज कर लकड़ी सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चिल्फी रेंज परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

दलहन-तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू

किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

महासमुंद/नवप्रदेश। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। यह खरीदी केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम अआसअ) के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत संचालित होगी।

उपसंचालक कृषि एफआर. कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत चना, मसूर एवं सरसों फसलों का उपार्जन किया जाएगा। किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जा चुका है, जिससे पात्र किसानों को सीधे लाभ मिल सकेगा। खरीदी की अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। जिले में किसानों की सुविधा के लिए कुल 6 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कृषि उपज मंडी पिटियाझर (महासमुंद), प्राथमिक कृषि साख समिति सिर्रीपठारीमुड़ा (बागबाहरा), कोमाखान, पिथौरा, बसना तथा कृषि उपज मंडी सरायपाली शामिल हैं।

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश
राजधानी

न्यूज गैलरी

उद्योग मंत्री देवांगन ने रजत जयंती उद्यान को जनसेवा में किया समर्पित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने रजत जयंती उद्यान को जनसेवा के लिए समर्पित किया। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 38 लालघाट चेकपास्ट बस्ती के रहवासियों को आज एक सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात प्राप्त हुई है। इस अवसर पर महापौर संजूदेवी राजपूत, मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद चेतन सिंह मैत्री, सत्येन्द्र दुबे, मुकुंद सिंह कंवर, मंगल बंदे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 38 लालघाट के चेकपोस्ट बस्ती मुख्य मार्ग में 21 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कार्य कराया गया है, छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 से मनाये जा रहे रजत जयंती समारोह के तहत उक्त उद्यान का नामकरण रजत जयंती उद्यान किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुये प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी ने 25 वर्ष पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था। राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस उद्यान का नाम भी रजत जयंती उद्यान रखा गया, मुझे खुशी है कि आज यह सर्वसुविधायुक्त उद्यान जनताजनार्दन की सेवा हेतु समर्पित किया गया है।

लघु धान्य रागी से समृद्धि की ओर बढ़ती शकुन बाई कुंजाम

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य और केन्द्र सरकार लघु धान्य जैसे रागी, कोदो, कुटकी जैसे फसलों को बढ़ावा देने किसानों विशेष अभियान चलाकर जागरूक कर रही है, इसी कड़ी में धमतरी विकासखंड के ग्राम उरपुटी की महिला कृषक शकुन बाई कुजांम लघु धान्य फसल रागी का उत्पादन कर प्रगतिशील किसानों की श्रेणी में शामिल हो गई है। गौरतलब है कि कुंजाम ने परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत, लगन और कृषि विभाग के मार्गदर्शन से सफलता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है। शकुन बाई के पास कुल 7 एकड़ कृषि भूमि है, जो ट्यूबवेल से सिंचित है। उनके पास ट्रैक्टर, रोटावेटर, सीड ड्रिल, मल्टी क्रॉप थ्रेसर एवं रीपर जैसे आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। उनके परिवार के 5 सदस्य खेती में सक्रिय सहयोग करते हैं, जिससे कृषि कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित हो पाता है। शकुन बाई ने बताया कि रबी सीजन में 3 एकड़ क्षेत्र में लघु धान्य फसल रागी (छत्तीसगढ़ रागी-2) की खेती की। उन्होंने बीजोपचार के लिए बीजामृत, तथा खाद के रूप में वर्मी कम्पोस्ट, डीएपी, पीएसबी एवं केएसबी का उपयोग किया। वैज्ञानिक विधियों से की गई खेती के परिणामस्वरूप उन्हें 28.50 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। कुछ वर्ष पहले बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत रागी की खेती से उन्हें 5200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कुल 1,48,200 रुपये की आय हुई। इस उत्पादन में कुल लागत 27,000 रुपये रही, जिससे उन्हें 1,21,200 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मा कार्यक्रम के तहत उन्हें निरंतर मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन और लघु धान्य फसलों की खेती को सफलतापूर्वक अपनाया। फसल कटाई के बाद वे ग्रीष्मकालीन जुताई भी करती हैं, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है। इस प्रेरक सफलता की जानकारी मिलने पर जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा स्वयं शकुन बाई के घर पहुंचे और उनकी खेती-किसानी के संबंध में बातचीत की। उन्होंने शकुन बाई की सराहना करते हुए इसे जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कोतवाली डिवीजन में सघन चेकिंग अभियान, 6 लोगों पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। डीसीपी सेंट्रल जोन के निर्देशन में कोतवाली डिवीजन क्षेत्र में शुक्रवार शाम विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर अवैध हथियार रखने, नशाखोरी कर अड्डेबाजी करने तथा शांति भंग करने वाले तत्वों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल 6 लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए, जिनमें 2 मामलों में आर्म्स एक्ट तथा 4 मामलों में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियान के दौरान उदय गुप्ता (कालीबाड़ी गांधीनगर), अजय सोनी (टिकरापारा), शाहनवाज (मौदहापारा) और विक्रम सिंह ठाकुर उर्फबाबा ठाकुर (जोरापारा) को सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी करते हुए अड्डेबाजी कर शांति भंग करने और आमजन में असुरक्षा का माहौल बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। वहीं, सूरज कुमार साहू (ढूंढा, थाना मुजगहन) को सिटी कोतवाली क्षेत्र में धनतरी गेट के पास अवैध धारदार हथियार के साथ पकड़ा गया। उसके खिलाफआर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा केतन यादव (साई नगर भाठापारा) को थाना गंज क्षेत्र में शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराकर लोगों में भय उत्पन्न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफभी आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

राज्यपाल ने बिरहोर समुदाय के शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

■ राज्यपाल रमेन डेका ने विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज जशपुर जिला के कुनकुरी विकासखंड के बेहराखार ग्राम का दौरा कर विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके रहन-सहन, जीवनशैली को नजदीक से समझा और उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। राज्यपाल ने बिरहोर समुदाय के लोगों से चर्चा करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों तक सभी शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके और वे मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बिरहोर समुदाय के शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर दिया। राज्यपाल रमेन डेका ने बिरहोर समुदाय के लोगों से संवाद करते हुए उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की।

राज्यपाल ने बेहराखार में पीएम जनमन अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया अवलोकन

राज्यपाल रमेन डेका ने आज जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बेहराखार में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मोबाइल मेडिकल यूनिट में ऑक्सीजन सिलेंडर, सीवीसी मशीन, आवश्यक दवाइयों सहित विभिन्न उपचार उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही इसमें डॉक्टर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफकी टीम भी तैनात रहती है, जो दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। अवलोकन के उपरांत राज्यपाल ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन समुदायों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर पद्म जागेश्वर यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में माओवाद पर निर्णायक विजय

अब कहीं भी रेड कॉरिडोर नहीं, हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के 31 मार्च 2026 को माओवादी आतंक से मुक्त होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, शहीद जवानों, बस्तर की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र, सुरक्षा बलों और बस्तर की जनता के सामूहिक संकल्प का परिणाम है।

उन्होंने सर्वप्रथम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसपूर्ण और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया, जिनके मार्गदर्शन, संकल्प और सतत प्रेरणा ने माओवादी हिंसा के विरुद्ध इस निर्णायक अभियान को दिशा दी। मुख्यमंत्री साय ने वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उस संदेश को भी स्मरण किया, जिसमें उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़ने का आह्वान करते हुए युवाओं से मानवता के दृष्टिकोण से सोचने की प्रेरणा दी थी।

मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्हें माओवादी उन्मूलन की रणनीति का प्रमुख शिल्पी बताया। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने रायपुर में 31 मार्च 2026 तक माओवाद समाप्त करने का संकल्प लिया था, जिसे पूरी दृढ़ता के साथ पूरा किया गया। उनके नेतृत्व में सुरक्षा बलों को स्पष्ट दिशा, आवश्यक संसाधन और निरंतर प्रोत्साहन मिला, साथ ही उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया कि हिंसा का उत्तर दृढ़ता से दिया जाएगा, जबकि शांति का मार्ग अपनाने वालों का स्वागत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद माओवादी हिंसा के विरुद्ध एक निर्णायक और सुनियोजित रणनीति पर कार्य प्रारंभ हुआ, जिसके परिणामस्वरूप देश के कई राज्य इस चुनौती से मुक्त हुए, हालांकि छत्तीसगढ़ और उसके पड़ोसी क्षेत्रों में यह समस्या बनी रही; ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से राज्य में डबल इंजन सरकार के गठन के बाद पिछले ढाई वर्षों में सामूहिक संकल्प के बल पर इस सशस्त्र माओवादी नासूर का समूल नाश संभव हो सका।

मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने उन लोगों का स्वागत किया है, जिन्होंने माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास जताया है, और यह परिवर्तन केवल सुरक्षा अभियान का परिणाम नहीं बल्कि विश्वास, पुनर्वास और विकास के समन्वित प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि जनता के विश्वास की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि अब बस्तर में एक नया अध्याय प्रारंभ हो चुका है - जहाँ बच्चे निर्भय होकर विद्यालय जाएंगे, माताएं और बहनें स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सकेंगी और विकास का प्रकाश हर गांव तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं, हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है। इसी विश्वास और संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ एक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर है।

शहीदों के बलिदान से लिखी गई बस्तर की नई कहानी: मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री साय ने शहीद जवानों के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके सर्वोच्च बलिदान ने इस ऐतिहासिक सफलता की नींव रखी है। साथ ही उन्होंने सुरक्षा बलों के उन बहादुर जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने साहस और संकल्प के साथ अपनी जान की परवाह किए बिना माओवाद की जड़ों पर प्रहार किया। ुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर की जनता के प्रति भी विशेष कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही इस परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत बना। उन्होंने उस दौर को याद किया जब मतदान करने पर उंगली काटने की धमकियाँ दी जाती थीं, इसके बावजूद लोगों ने निर्भय होकर लोकतंत्र को मजबूत किया। यही जनविश्वास एक ऐसे नेतृत्व को स्थापित करने में निर्णायक सिद्ध हुआ, जिसने एक दशक के भीतर इस चुनौती का समाधान किया। हिंसक माओवादी विचारधारा ने वर्षों तक अनगिनत परिवारों को पीड़ा दी – मांओं की कोख उजड़ी, बहनों का सुहाग छिना और मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, जबकि देश की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए हजारों जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी; यह संघर्ष केवल सुरक्षा बलों का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के आत्मबल और संकल्प का प्रतीक रहा।

पुलिस ने पांच चोरी के मामलों का किया खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना डीडी नगर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। डीडी नगर थाना और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त कार्रवाई में कुल 5 चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए 2 बालिग आरोपियों सहित 2 विधि से संघर्षरत बालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 2.80 लाख रुपये मूल्य का चोरी गया सामान बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपी: कबीर ध्रुव (26 वर्ष), निवासी त्रिमूर्ति चौक चंगोराभाठा, सलीम मरई (19 वर्ष), निवासी अयोध्या नगर मटकोड़वा पारा, शामिल हैं। इसके अलावा 2 नाबालिग अपचारियों को भी पकड़ा गया है।

बरामद मशरूका: पुलिस ने आरोपियों से विभिन्न मामलों में चोरी किया गया सामान जब्त किया, जिसमें 4 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 2 लाख रुपये), मंदिर की दानपेटी, 12 लाउडस्पीकर यूनिट, एम्प्लीफायर, एलईडी लाइट, ऑक्टोपैड, छोटा गैस सिलेंडर, कूलर, प्लास्टिक कुर्सियां और 2 टुल्लू पंप और नकद राशि शामिल हैं।

ऐसे हुआ खुलासा: डीसीपी पश्चिम जोन संदीप पटेल और डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसीपी देवांश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में टीम गठित कर जांच शुरू की गई। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

ये हैं प्रमुख घटनाएं: जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चंगोराभाठा से डीजे और अन्य सामान चोरी किया, काली मंदिर की दानपेटी पार की, अयोध्या नगर से मोबाइल और नकदी चोरी की, निर्माणाधीन मकानों से टुल्लू पंप चोरी किए।

आपराधिक रिकॉर्ड: मुख्य आरोपी कबीर ध्रुव के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट और चोरी से जुड़े प्रकरण शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

नियद नेल्लानार: बीजापुर के पालनार में स्वास्थ्य क्रांति, गांव में अस्पताल

■ 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' से सुदूर वनांचल के ग्रामीणों को मिल रही नई सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए संचालित 'नियद नेल्लानार' (आपका अच्छा गाँव) योजना अब धरातल पर सार्थक परिणाम दे रही है।

जिला बीजापुर के दुर्गम क्षेत्र ग्राम पालनार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के खुलने से 28 जनवरी 2026 से अब तक सैकड़ों ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पालनार और आस-पास के गांवों में स्वास्थ्य के प्रति आई इस जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस अल्प अवधि में ही कुल 747 मरीजों ने ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाया है। इसके अलावा, आवश्यकतानुसार 16 मरीजों को भर्ती कर उनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। पहले जिन ग्रामीणों को छोटी बीमारियों के लिए भी मीलों पैदल चलना पड़ता था, उन्हें अब विशेषज्ञ परामर्श और निःशुल्क दवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल रही हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस केंद्र में अब तक 5 सुरक्षित प्रसव कराए गए हैं। शासन की मंशा के अनुरूप, नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु नवजातों के जन्म प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। साथ ही, क्षेत्र की 15 गर्भवती महिलाओं और 18 धात्री माताओं की नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण सुनिश्चित किया गया है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने हरित खाद, नीली-हरी शैवाल और जैव उर्वरकों पर दिया जोर

■ राज्य के 150 से अधिक कृषि अधिकारियों और वैज्ञानिकों को दिया गया प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कृषि अधिकारियों और वैज्ञानिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ की। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ÷हरित खाद, नीली-हरी शैवाल एवं जैव उर्वरकों÷ पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी खरीफसीजन से पहले किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्पों के प्रति जागरूक करना और सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना था। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों की संभावित कमी को देखते हुए हरित खाद, नीली-हरी शैवाल और जैव उर्वरक जैसे विकल्प फसलों की पोषक आवश्यकताओं का लगभग 50 प्रतिशत तक पूरा कर सकते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले दो से तीन महीनों में इन तकनीकों के उत्पादन और उपयोग को गांव-गांव तक पहुंचाया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए 150 से अधिक कृषि अधिकारियों, वैज्ञानिकों और कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की आपूर्ति को लेकर उभरती अनिश्चितताओं के बीच छत्तीसगढ़ ने टिकाऊ कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

वन मंत्री कश्यप सुदूर ग्राम केजंग में पहुंचे, 1.20 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

बस्तर में अब विकास को मिलेगी नई दिशा: केदार

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री केदार कश्यप ने आज कोंडागांव के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग पहुंचे और क्षेत्रवासियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के 11 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं सड़कों, पुलों, जल संरक्षण के कार्य और सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में आवागमन को आसान बनाना, कृषि को मजबूती देना और ग्रामीण जीवनस्तर में सुधार लाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, किन्तु पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है और अब बस्तर संभाग भयमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ेगा और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा।

विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत कुधूर में 1 किमी मुरमीकरण कार्य (मांझानार से साहूपारा प्रतीक घर तक) लागत 19 लाख रुपए, तरईपारा से पंडेला घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कोरमेल के पटेलपारा में सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं।

राजधानी रायपुर में इस साल बनेंगे 4 फ्लाईओवर्स, जाम से मिलेगी मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में इस साल 4 फ्लाईओवर्स के काम शुरू होंगे। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने चारों फ्लाईओवर्स के लिए कुल 360 करोड़ 35 लाख 93 हजार रुपए मंजूर किए हैं। इन फ्लाईओवर्स के निर्माण से शहर के व्यस्त यातायात को तेज, स्मूथ और सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। शहरवासी इनके निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे थे।

लोक निर्माण विभाग ने शहर के बीच जी.ई. रोड पर गुरू तेज बहादुर उद्यान से तेलीबांधा के नेताजी सुभाष चौक तक फ्लाईओवर के लिए 172 करोड़ 86 लाख 28 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

> राज्य शासन रायपुर में यातायात को तेज, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। शहर में फ्लाईओवर्स और सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इनसे ट्रैफिक-जॉम में कमी आएगी और लोगों की आवाजाही अधिक सहज होगी। हमारी प्राथमिकता है कि रायपुरवासियों और यहां आने वाले हर व्यक्ति को बेहतर और सुगम यातायात मिले।'
>
> – **अरुण साव**, उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री

छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने देखी मध्यप्रदेश की संवरती तकदीर

सीएम मोहन यादव के भागीरथ प्रयासों से उज्जैन की बदल रही है तस्वीर

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) रायपुर ने पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के चौदह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के लिए एक विशेष प्रेस टूर का आयोजन किया। जिसमें इन पंक्तियों के लेखक को भी दैनिक नव प्रदेश के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने का अवसर मिला। पत्रकारों के इस दल की अगुवाई पीआईबी नई दिल्ली के अधिकारी समीर वर्मा ने की और पीआईबी रायपुर के पुरूषोत्तम झा सहायक के रूप में साथ रहे।

हरिओम चौहान

केन्द्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं और विकास के साथ ही सांस्कृतिक विरासत की गौरवगाथा को मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पीआईबी समय-समय पर विशेष प्रेस टूर का आयोजन करता रहता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के चौदह पत्रकारों के एक दल को मध्यप्रदेश भ्रमण कराया गया जिसका कभी छत्तीसगढ़ भी एक हिस्सा रह चुका है। छह दिवसीय इस यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने मध्यप्रदेश में संचालित विभिन्न परियोजनाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया और वहां की समृद्ध व जीवंत सांस्कृतिक विरासत से भी रुबरु हुए। पत्रकारों ने देखा कि वहां के मुख्यमंत्री मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में कैसे मध्यप्रदेश की तकदीर संवर रही है और महाकाल की नगरी उज्जैन की तस्वीर कितनी तेजी के साथ बदल रही है।

इस यात्रा के दौरान पत्रकारों ने इंदौर में भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान का अवलोकन किया और सोया दूध उत्पादन की तकनीक व नवाचार से अवगत हुए। संस्थान के निदेशक डा. कुंवर हरेन्द्र सिंह ने पत्रकारों को संस्थान की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

इंदौर प्रवास के दौरान ने पत्रकारों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत पीपीपी माडल पर आधारित भारत के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट गोवर्धन का भी अवलोकन किया और वेस्ट टू वेल्थ माडल को समझा। इस प्लांट से प्रतिदिन 17000 किलो सीएनजी गैस तथा 100 टन जैविक खाद का उत्पादन होता है। मिडिल इस्ट में चल रही जंग के चलते गैस और खाद संकट की आज जो भयावह स्थिति बनी हुई है वैसी भविष्य में भी निर्मित हो सकती है ऐसे में इस तरह के संयंत्र उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। इंदौर प्रवास के बाद पत्रकारों का दल मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचा। वहां मानव संग्रहालय का का भ्रमण किया और भारत की सांस्कृतिक विविधता से परिचित हुए। मानव संग्रहालय में संजोय गये छत्तीसगढ़ से संबंधिक वस्तुओं और आवास परिसरों में गहरी दिलचस्पी दिखाई इस बाबत् उन्हें संबंधित अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी भी दी। इसके बाद पत्रकारों का दल बिसनखेड़ी स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में गया और वहां उन्होंने खेल गतिविधियों की जानकारी ली खिलाड़ियों और विभिन्न खेलों के कोच से मुलाकात कर उनसे खेल सुविधाओं के बारे में भी चर्चा की वहां के निदेशक अभिषेक सिंह ने खेलों के विकास के लिए की जा रही कोशिशों से पत्रकारों को अवगत कराया।

उज्जैन विकास प्राधिकरण विकास द्वारा उज्जैन का कायाकल्प किया जा रहा है। सिंहस्थ महाकुंभ में आवागमन बाधित न हो इसके लिए 700 करोड़ रूपये की लागत से बाईपास रोड का भी निर्माण शुरू किया गया है। उज्जैन जिसे महाकाल की नगरी और अवंतिका भी कहा जाता है। वहां विश्प विख्यात महाकालेश्वर ज्योतिरलिंग है जो भगवान शिव के 12 ज्योतिरलिंगों में एकमात्र दक्षिणमुखी है। यहां की भस्म आरती भी विश्व विख्यात है। यहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं और शिंहस्थ कुंभ के दौरान उनकी संखा करोड़ो में पहुंच जाती है। इन श्रद्धालुओं को यहां विश्वस्तरीय आध्यातमिक आयोजन में किसी भी तरह की असुविधा न हो इसके लिए उज्जैन के बुनियादी ढांचे को विकसित करने ढाई हजार करोड़ रूपये मंजूर किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि शिप्रानदी के तट पर स्थित इस प्राचीन और पवित्र शहर उज्जैन को अब धार्मिक नगरी के साथ ही विज्ञान की नगरी बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। वैसे भी उज्जैन प्राचीनकाल से सूर्य की छाया से समय नापने की कला विकसित करने वाला विश्व का एकमात्र स्थान रहा है जो कर्क रेखा पर स्थित होने के कारण पृथ्वी का मध्य बिन्दु माना जाता है और उज्जैन काल गणना का केन्द्र रहा है। अब इसे ज्ञान के साथ ही विज्ञान का भी केन्द्र बनाने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार संकलपित है और इस उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ महाकुंभ निश्चित रूप से एक नया इतिहास रचेगा।

पत्रकारों ने महाकाल की नगरी का किया भ्रमण

मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान पत्रकारों ने विश्व धरोहर में शामिल स्तूप भी देखा और फिर उन्होंने उज्जैन जाकर महाकाल की नगरी का भी भ्रमण किया और महाकालेश्वर ज्योतिरलिंग के दर्शन भी किये। गौरतलब है कि उज्जैन में दो साल बाद सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। यह महाकुंभ हर 12 साल बाद यहां लगता है। जिसमें करोड़ो श्रद्धालु देश के कोने कोने से आते हैं। सिंहस्थ महाकुंभ 2028 से 35 से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने का अनुमान लगाया गया है। इसे ही दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन में इंफ्रास्टर के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। गौरतलब है कि उज्जैन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह नगर और निर्वाचन क्षेत्र भी है। उन्हीं के भागीरथ प्रयासों से पूरे उज्जैन नगर का कायाकल्प किया जा रहा है। यहां विभिन्न विकास कार्यों के लिए 722 करोड़ रूपये की लागत से विकास की गंगा बहाई जा रही है।

व्यंग्य : यमराज का कोटा

भगवान के दरबार में यमपुरी से एक गुजारिश पहुंची। गुजारिश यह थी कि महामारी, भुखमरी, भूकंप, युद्ध, सारे उपायों के बावजूद धरती पर इंसान तेजी से बढ़ रहा है। चार अरब की आबादी आठ अरब हो गई है। यमराज अपना कोटा बढ़वाना चाहते हैं।

उन्होंने विचार किया, अपने सलाहकारों से मंत्रणा कर कुछ सर्वे करवाये। इतनी आबादी बढ़ने का कारण पूछा। पता लगा कि इंसान शरीर के प्रति जागरूक हो गया है। गर्भ में स्थित बच्चे की रक्षा, अच्छा पालन-पोषण और शारीरिक श्रम करने के साथ पौष्टिक आहार भी ले रहा है। कभी व्याधिग्रस्त हो जाए तो डॉक्टर बढ़िया इलाज कर देते हैं।

धरती माँ की पुकार थी कि यमराजजी मेरा बोझ कम करो, मैं इतने ज्यादा मनुष्यों का पालन नहीं कर पा रही। यमराजजी अपने कोटे की स्वीकृति अनुसार धरती से माल उठा रहे थे, उसी कोटे का रिवीजन करना था। आबादी बढ़ने के कारण जानकर भगवान ने सोचा कि यमलोक के आयी अर्जी पर कोटा बढ़ा देना चाहिए। एक सलाहकार बोला कि सीधे कोटा बढ़ाने और अचानक धरती खाली करने से आपके नाम खराब होने की आशंका है। जो दिखाने के लिए ही सही आपकी पूजा पाठ करते हैं वे मरेंगे तो आप पर भरोसा खत्म हो जाएगा, टीआरपी भी घट जाएगी । ऐसा कुछ करें भगवन कि आदमी सीधे सीधे मरता हुआ न दिखे। कोई आड़ बना दें प्रभु ! एक गुप्त मंत्रणा व अभियान शुरू हुआ। लोभ, नफ़रत, ईर्ष्या, गैरत और मगरूरी को काम पर लगाया गया। लोभ ने धन खींचने की नीयत जगा दी और गैरत कम हो गई। खाने में मिलावट करने, जमाखोरी कर दाम बढ़ाने से शुरुआत हुई। मिलावटी तेल में खाना बनने लगा। जीभ का स्वाद बढ़ाने के लोभ में जहरीले रसायन मिलाकर, पाम तेल, अजीनोमोटो जैसी चीजें डालकर पका खाना खपने लगा। औरतों ने घर में खाना बनाने की जगह होटलों में खिलाने को तवज्जो दी। बाहर जाना संभव नहीं होने पर जोमैटो व स्वीगी से यह जहरीला खाना घर बुलाने लगी। माँ की इस ममता पर बच्चों को प्यार आने लगा। माँ को बार-बार नाखूनों को रंगने व मोबाइल पर रील बनाने का और अधिक समय मिलने लगा। होटल बासी बचे भोजन को फेंकने की जगह गरम कर सैचुरेटेड फैट बनाने व ग्राहकों के पेट में उतारने में कामयाब होने लगे। कड़ाके की ठंड में आइसक्रीम खाने की चाहत बढ़ी। आधे अधूरे कपड़े पहन कर या कभी कभी न पहनकर मौसम की मार शरीर पर झेलने का शौक बढ़ा। योग व व्यायाम से मजबूत फेफड़ों में हुक्का-बार के शौक ने जहरीली हवा भरने में कामयाबी पाई। मोबाइल और नेट के टावरों से उत्पन्न तरंगों से प्रजनन क्षमता घटी और शहरों में जाकर खूब कमाने के लालच ने इस अक्षमता को और बढ़ावा दिया। नये दम्पत्ति कोशिश करके भी बच्चा पैदा करने में असफल होने लगे। तबीयत खराब होने, निःसंतान होने से पूजा पाठ में श्रद्धा बढ़ने लगी। धर्मस्थलों में भीड़ बढ़ी और ढोंगियों की दुकानें चल निकलीं। उससे भगवान का नाम और बढ़ा, कुछ भोलू बाबाओं को लालची औरतों का जुगराफ़िया टटोलने में भी सफ़लता मिली । अब शतायु होने का आशीर्वाद देना बंद कर दिया गया। 'खुश रहो मस्त रहो' वाले आशीर्वाद जारी हुए। फ़िर भी डॉक्टर अपने ज्ञान से बच्चे पैदा कराने, शारीरिक व्याधियों को दूर करने में जुटे रहे।अभियान की समीक्षा हुई। यमराज ने बताया कि भगवन इन उपायों से स्थिति में सुधार आया है। सत्तर अस्सी साल जीने की जगह कई बार चालीस पचास में लुढ़क जाने को लोग स्वाभाविक मानने लगे हैं। पर ये डॉक्टर नहीं मानते, वे अधमरों को भी जिंदा कर रहे हैं। भगवान मुस्कुराए बोले कि चलो जिंदा को अधमरा करने वाला उपाय कर देते हैं। सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के नेताओं के मन में विचार डालकर चिकित्सा ज्ञान में शून्य और शून्य से भी नीची समझ वाले लोगों को डॉक्टर बनवा दिया। पढ़ाई में जीरो तथा माइनस अंक लाने वालों को भी डॉक्टर बनवा दिया। वे अब स्टेथोस्कोप व कलाइयां पकड़ कर दवाएं लिखते, पेट खोल देते, फेफड़ों और हार्ट से छेड़छाड़ करते। कोई कोई नाड़े भी खोल देते और ऊपरी अंगों से भी छेड़छाड़ कर लेते। यमराज के ये समरूप धरती के तारनहार बन गये। यमराजजी ने अगली समीक्षा मीटिंग में बताया कि प्रभु अब मेरा कोटा बढ़ाने की जरूरत नहीं है, यह काम अब ये कोटे वाले कर रहे हैं।

ईस्टर: मृत्यु पर जीवन की शाश्वत विजय और मानवता के पुनरुत्थान का महापर्व

ईस्टर ईसाई धर्म के सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र त्योहारों में से एक है, जो केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए आशा, प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व ईसा मसीह (जीसस क्राइस्ट) के पुनर्जीवित होने की खुशी में मनाया जाता है। जहाँ 'गुड फ्राइडे' हमें मसीह के असीम त्याग, क्षमा और बलिदान की याद दिलाता है, वहीं ईस्टर उस बलिदान के बाद मिलने वाली जीत और शाश्वत जीवन का महा-उत्सव है। यह त्योहार वसंत ऋतु के उस समय आता है जब प्रकृति स्वयं को नए पत्तों और फूलों से सजाकर नव-जीवन का संदेश दे रही होती है। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, ईस्टर का आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन जब ईसा मसीह अपनी कब्र से जीवित होकर बाहर आए, तो उन्होंने सिद्ध कर दिया कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता और मृत्यु जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक दिव्य शुरुआत है। यह चमत्कार 'अंधकार पर प्रकाश' और 'बुराई पर अच्छाई' की उस जीत का जीवंत प्रमाण है, जो सदियों से इंसानी सभ्यता को प्रेरित करती आ रही है। ईस्टर से पहले का 'पवित्र सप्ताह' (Holy Week) विश्वासियों के लिए आत्म-मंथन का समय होता है, जिसमें पाम संडे, मोंडी थर्सडे और गुड फ्राइडे जैसे महत्वपूर्ण दिन शामिल हैं, जो अंततः ईस्टर की सुनहरी सुबह में विलीन हो जाते हैं। ईस्टर की परंपराएं इसे और भी रंगीन और अर्थपूर्ण बनाती हैं। इस पर्व में 'ईस्टर एग्स' (अंडों) का विशेष स्थान है। जिस प्रकार एक अंडा ऊपर से कठोर लेकिन भीतर से जीवन समेटे होता है, ठीक उसी प्रकार यह मसीह की कब्र और उसके भीतर से फूटे जीवन के प्रकाश को दर्शाता है। लोग अंडों को आकर्षक रंगों से सजाते हैं और बच्चों के बीच 'ईस्टर बनी' की कहानियाँ प्रचलित हैं, जो नई शुरुआत और खुशहाली का प्रतीक मानी जाती हैं। चर्चों में आधी रात और भोर के समय होने वाली विशेष प्रार्थना सभाएं (Sunrise Service) वातावरण को शांति और दिव्यता से भर देती हैं। आज के इस आपाधापी और संघर्षपूर्ण समय में ईस्टर का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। यह हमें सिखाता है कि चाहे जीवन में कितनी भी बड़ी निराशा या संकट (क्रूस) क्यों न आए, अटूट विश्वास रखने वालों के लिए पुनरुत्थान का सवेरा निश्चित रूप से आता है। यह पर्व हमें नफ़रत के बदले प्रेम और दुश्मनी के बदले क्षमा का मार्ग दिखाता है। ईस्टर वास्तव में एक आह्वान है–अपने भीतर की बुराइयों को दफ़न करने का और एक बेहतर, नेक और परोपकारी मनुष्य के रूप में फ़िर से जी उठने का।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बितेगा। ये यात्रा ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है।

वृषभ : आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में आज सुखद वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज मधुरता से भरपूर रहेगा।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा।आज आपके कलीग और बॉस दोनों मिलकर आपके प्रदर्शन से खुश होकर आपको स्पेसेल फील करवाने के लिए सरप्राइज पार्टी प्लान करके इस दिन को आपके लिए बहुत खास बना देंगे।

कर्क : आज आपका मन स्थिर रहेगा। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस अच्छी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से खुश होकर बुक गिफ्ट कर सकते हैं। सहकर्मी आपके पक्ष में रहेंगे।

सिंह : आज आपके मन में नए नए विचार उत्पन्न होंगे। हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने से भविष्य में आपको फायदा होगा।

कन्या : आज का दिन आपके लिए काफी रिफार्मेटिव रहने वाला है। सर्वोच्च पदाधिकारियों को आज बहुत सारे नियम और कानून में रिफार्म यानी सुधार करना पड़ेगा जो की अनिवार्य होगा।

तुला : आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपका मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है और उनके साथ आप पास के किसी दार्शनिक स्थल पर घूमने जाएंगे।

धनु : समय आज व्यस्तता में बीतेगा। आज आपके करीबी आपको अचानक गिफ्ट देकर सरप्राइज कर सकते हैं। आज बहुत पुराना कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आ सकता है।

मकर : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपको अपने लोगों के बीच अपनी छवि बेहतर करने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपके दुश्मन आपसे दूर ही रहेंगे।

कुंभ : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।संतान की सफलता से आपको प्रसन्नता होगी।

मीन : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है व बच्चों के पढ़ाई का हो सकता है। बॉस और कालीगस आज आपसे बहुत खुश रहने वाले हैं।

QUIZ TIME

1) थारू जनजाति मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है?

2) भारत में जनगणना कराने के लिए कौन सा मंत्रालय जिम्मेदार है?

3) पार्किंसन रोग (पीडी) किस प्रकार की विकृति है?

4) महाराष्ट्र सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज का पहला मंदिर किस जिले में उद्घाटित किया?

5) प्लास्टिक खाने वाले कीट मीलवॉर्म लार्वा किस देश में खोजे गए हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार (2) गृह मंत्रालय (3) तंत्रिका संबंधी (4) ठाणे (5) केन्या

पहेली

शब्द सामर्थ्य -363



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 362 का हल

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अधिवक्ताओं ने दिखा में उत्साह, मतगणना आज

■ **कुल 1702 में से 1454 मतदाताओं ने किया मतदान, न्यायालय परिसर में रहा गहमागहमी का माहौल**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला अधिवक्ता संघ के दो वर्षीय कार्यकाल वाले प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए गहमागहमी माहौल के बीच अधिवक्ता मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। चुनाव में कुल 1702 मतदाताओं में से 1454 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान का कुल प्रतिशत 85.50 रहा। मतदान के लिए 6 बूथ बनाए गए थे। बुथ क्रमांक-1 में 227, बूथ क्रमांक-2 में 276, बूथ क्रमांक-3 में 243, बूथ क्रमांक-4 225, बूथ क्रमांक-5 में 239, बूथ क्रमांक 6 में 244 मत पड़े। 17 पदों के लिए हो रहे चुनाव में 64 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है। मतदान के दौरान प्रत्याशियो ने अधिवक्ता मतदाताओं को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वे अंतिम समय तक अपने पक्ष में मतदान करने अधिवक्ता मतदाताओं से निवेदन-आग्रह करते रहे। जिससे जिला न्यायालय परिसर चुनावी रंग में रंगा रहा। मतदान उपरांत सभी प्रत्याशियों द्वारा अपने-अपने जीत के दावे किए गए है, लेकिन मतदान के बाद सामने आए रुझानों में सभी पदों पर कड़े मुकाबले के आसार बन रहे है। इस चुनाव में कौन विजयी होगा या किस प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल इस पर कुछ कहना संभव नही हो पाएगा। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से पदाधिकारी पदों के प्रत्याशियों की मतगणना और 6 अप्रैल को सुबह 9 बजे से कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशियों की मतगणना की जाएगी। जिसके बाद ही जीत हार का फैसला हो पाएगा। इसके पहले शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए सुबह 9 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरु हुई। अधिवक्ता मतदाताओं द्वारा जिला न्यायालय परिसर स्थित बार क्रमांक-4 के पास बने मतदान केन्द्र में उत्साह के साथ मतदान किया। मतदान के लिए 6 बूथ बनाए गए थे। मतदान के दौरान अधिवक्ता मतदाताओं से एक घोषणापत्र भी भरवाया गया। घोषणापत्र के माध्यम से वन बार वन इलेक्शन के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया। मतदान की प्रक्रिया शाम 5 बजे तक चली।

मतदान की यह प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय के मार्गदर्शन में पूरी की गई। जिसमें उप मुख्य चुनाव अधिकारी इसराईल शरीफ मुरली मनोहर देवांगन, राजेश महाडिक, श्याम मिश्रा, हरेन्द्र प्रसाद शाह, असीम कुमार सिंह व टीम के अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया। जिला अधिवक्ता संघ का यह चुनाव अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित 1 पद), सचिव, सह-सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित, कोषाध्यक्ष, ग्रंथालय सचिव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित के अलावा 7 कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए हो रहा है। कार्यकारिणी के 7 पदों में से 2 पद महिलाओं के लिए आरक्षित है।

न्यूज गैलरी

अफीम कांड: कृषि विस्तार अधिकारी एकता बहाल, धमधा में दी नई पोस्टिंग

दुर्ग। जिले में अफीम की खेती के मामले में निलंबित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को राहत मिल गई है। कृषि विभाग ने मानवीय आधार पर उनका निलंबन वापस लेते हुए उन्हें बहाल कर दिया है। बहाली के साथ ही एकता साहू की नई पदस्थापना धमधा में की गई है। हालांकि राहत मिलने के बावजूद उनकी मुश्किलें पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं, क्योंकि उनके खिलाफ विभागीय जांच अभी भी जारी रहेगी। निलंबन के विरोध में संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गया था। मामला समोदा गांव का है, जहां भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के खेत में अवैध रूप से अफीम की खेती पकड़ी गई थी। जांच के दौरान लापरवाही पाए जाने पर जिला प्रशासन ने 13 मार्च को एकता साहू को निलंबित कर दिया था। अधिकारियों ने पाया कि जिस खेत को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मक्का फसल का प्रदर्शन प्लॉट बताया गया था, वहां मक्का की जगह धान की फसल लगी हुई थी। इसके अलावा पास के ही खेत में अफीम की फसल उगाई जा रही थी, जिसकी जानकारी संबंधित विभाग को नहीं दी गई थी। एकता साहू को नई पदस्थापना मिल गई है, लेकिन उन पर लगे आरोपों की जांच अभी समाप्त नहीं हुई है। इस मामले में कलेक्टर अभिजीत सिंह अलग से निर्णय लेंगे। जांच में यह भी सामने आया है कि पोर्टल पर किसान की जगह किसी अन्य व्यक्ति की फोटो अपलोड की गई थी। साथ ही, मौके पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया था। इस मामले में पटवारी अनिता साहू और फसल सर्वेयर शशिकांत साहू को भी नोटिस दिया है।

बुजुर्ग महिला से 1.50 लाख की ठगी

दुर्ग। व्यस्त हटरी बाजार इलाके में ठगों ने बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया है। ठगों ने झांसा देकर करीब 1.50 लाख के सोने के जेवर लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने महिला को कागज की गड्डी दिखाकर बातों में उलझाया और असली जेवर लेकर भाग निकले। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बालोद जिले के डौंडी की रहने वाली लक्ष्मी जैन (68) मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे दुर्ग के हटरी बाजार स्थित प्रदीप ग्रीन स्टोर के पास थी। इसी दौरान एक महिला और दो पुरुष उनके पास पहुंचे। ठगों ने नोटों के बंडल दिखाकर बातों में उलझाया। पास से देखने पर वे नोट नहीं, कागज की गड्डियां निकलीं। महिला के अनुसार आरोपियों में करीब 40 साल की महिला, 35 साल का पुरुष, 25 साल का युवक शामिल हैं। महिला ने बताया कि सामने आने पर पहचान सकती हैं। चोरी हुए जेवर में 10 ग्राम मंगलसूत्र, 25 ग्राम चूड़ियां, 5 ग्राम अंगूठी शामिल हैं। कुल 40 ग्राम सोने की कीमत करीब 1 लाख 52 हजार रुपए बताई जा रही है। दुर्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

रेलवे में नौकरी-दिलाने के नाम पर 7 लाख की ठगी, आरोपी गया जेल

दुर्ग। जिले में रेलवे में नौकरी के नाम पर 7 लाख रुपए की ठगी की गई है। आरोपी ने खुद को रेलवे कर्मचारी बताकर पैसे ऐंठ लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नेवई थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, ग्राम खोरपा पाटन निवासी सतीश कुमार मरकाम ने स्टेशन मरोदा बीआरपी कॉलोनी के खिलेश्वर साहू से ठगी की है। आरोपी ने खुद को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर में वेल्डर ग्रेड-3 पद पर कार्यरत बताया। उसने दावा किया कि उसकी रेलवे के बड़े अधिकारियों से सीधी पहचान है और वह नौकरी लगवा सकता है। 10 फरवरी 2022 को आरोपी सतीश खिलेश्वर के घर आया। आरोपी ने उसकी पत्नी की मौजूदगी में 7 लाख रुपये नकद लिए। पीड़ित ने नेवई थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार मरकाम के खिलाफ बीएनएस की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बीएसपी में 'सेव अ लाइफ' हैंड्स-ओनली सीपीसीआर प्रशिक्षण

भिलाई। बीएसपी जवाहरलाल नेहरू अस्पताल व अनुसंधान केंद्र के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा सेव अ लाइफ अभियान के अंतर्गत ओपीडी कॉम्प्लेक्स में हैंड्स-ओनली सीपीसीआर (कार्डियो-पल्मोनरी सेरेब्रल रीससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 7 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) डॉ. उदय कुमार ने कहा कि हृदयाघात के शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे समय में प्रशिक्षित व्यक्ति ही जीवन एवं मृत्यु के बीच निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल सीपीआर प्रारंभ किया जाए, तो मरीज के जीवित बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ टीम डॉ. कुमुदनी व डॉ. जयिता सरकार ने किया। प्रतिभागियों को मैनक्विन के माध्यम से छाती पर सही गति और गहराई से दबाव देने का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और डॉ. उदय कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण नागरिकों को फर्स्ट रेस्पोंडर के रूप में तैयार करने महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

भिलाई में एक ही दिन दो छात्रों ने की आत्महत्या

दुर्ग-भिलाई/नवप्रदेश। दो अलग-अलग जगहों पर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है, जहां 11वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। दूसरी घटना स्मृति नगर चौकी क्षेत्र की है, जहां रूंगटा कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहे 19 साल के छात्र उमेश साहू ने घर में फांसी लगा ली। दोनों मामलों में आत्महत्या की वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया है।

पहली घटना अकलोरडीह इलाके की है। यहां 17 साल की वीणा ठाकुर ने अपने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक, वीणा कक्षा 11वीं में पढ़ती थी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जरवाय की छात्रा थी। शनिवार सुबह करीब 3 बजे वह पढ़ाई करने के लिए ऊपर कमरे में गई थी। सुबह करीब 6 बजे घरवालों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो वीणा पंखे के सहारे फंदे पर लटकी मिली।

सुसाइड नोट में लिखा- मुझे माफ कर देना, अब नहीं करुंगी परेशान

पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें वीणा ने अपनी मां, पिता, मामा-मामी और परिवार के अन्य लोगों से माफी मांगी है। उसने लिखा है कि सॉरी मम्मी-पापा, मामा-मामी, अब कभी परेशान नहीं करूंगी। पुलिस सुसाइड नोट और परिवार के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। मृतका के मामा विष्णु सिंह ने बताया कि वीणा उनकी भांजी थी और बचपन से उनके साथ ही रह रही थी। उसकी मां की साल 2011 में मौत हो गई थी, जिसके बाद वह उसे अपने साथ लाकर पढ़ा-लिखा रहे थे। शुक्रवार को वह अपने पिता और रिश्तेदारों से मिलने गई थी और रात में वापस घर लौटी थी। सुबह पढ़ाई के लिए ऊपर गई और कुछ देर बाद उसकी आत्महत्या की खबर मिली।

बेटे ने भी लगा ली फांसी

दूसरी घटना कोहका के आर्यनगर वार्ड 12 की है। यहां ऑटो चालक के बेटे उमेश कुमार साहू ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उमेश रूंगटा कॉलेज में कंप्यूटर साइंस सेकंड ईयर का छात्र था और बीसीए की पढ़ाई कर रहा था। सुबह काफी देर तक उमेश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो घरवालों को शक हुआ। दरवाजा धक्का देकर खोला गया तो उमेश पंखे से फंदे पर लटका मिला।

पिता को फोन से मिली जानकारी

उमेश के पिता ऑटो चालक हैं। उन्होंने बताया कि वह सुबह काम पर निकल गए थे। बाद में परिवार से फोन आया कि उमेश ने फांसी लगा ली है। परिजनों का कहना है कि उमेश पढ़ाई में ठीक था और उस पर किसी तरह का दबाव भी नहीं था। आत्महत्या की वजह समझ में नहीं आ रही है। इधर पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। परिवार के लोगों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

जेईई मेंस में मोबाइल छिपाने काटी चप्पल, 'मुन्नाभाई' पर केस दर्ज

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई-3 स्थित पार्थिवी इंजीनियरिंग मैनेजमेंट कॉलेज में चल रही जेईई मेंस की परीक्षा में एक मुन्नाभाई पकड़ाया है। छात्र अपनी चप्पल के अंदर मोबाइल छिपाकर परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की कोशिश कर रहा था। जिसे गार्ड ने पकड़ लिया। छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पार्थिवी इंजीनियरिंग कॉलेज (आईओन डिजिटल जोन) में जेईई मेंस की पहली पाली की परीक्षा चल रही थी। आरोपी परीक्षार्थी आदित्य कुमार सुबह करीब 8:25 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचा। मुख्य गेट पर चेकिंग के दौरान उसने चालाकी दिखाते हुए अपनी चप्पलें पहले ही उतार दीं। जिससे मेटल डिटेक्टर की जांच में वह न पकड़ा जाए। इसके बाद वह लैब नंबर 12 में जाकर अपनी सीट पर बैठ गया और सुबह 9 बजे से पेपर देना शुरू कर दिया। परीक्षा के दौरान सुबह करीब 11.08 बजे आदित्य ने बायो-ब्रेक (वॉशरूम जाने) की अनुमति मांगी। वह लगभग 20 मिनट तक बाहर रहा। जब वह 11.28 बजे वॉशरूम से वापस आया, तो सुरक्षा गार्ड ओमेंद्र कुमार ने उसकी दोबारा जांच की। इस बार भी चालाकी दिखाई और जांच से पहले ही अपनी चप्पलें दूर उतार दीं। जब गार्ड ने चप्पल चेक की तो उसमें मोबाइल मिला। कॉलेज प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। आरोपी छात्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

नशीली टेबलेट बेचते 2 युवक गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में शनिवार को पद्मनाभपुर पुलिस ने रविशंकर स्टेडियम के पीछे चैनल गेट के पास से 2 युवकों को अवैध नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 98 हजार 200 रुपए की नशीली दवाइयां, मोबाइल फोन, कैश और एक बाइक जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 3 अप्रैल को पद्मनाभपुर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रविशंकर स्टेडियम के पीछे दो युवक नशीली टेबलेट लेकर ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने आसपास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद हुई। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के पास से 97 नग एन-जेडईपी 10 नाइट्राजेपाम टेबलेट, 10 नग अल्फा 0.5 टेबलेट, दो मोबाइल फोन, 400 रुपए कैश और एक एवेंजर बाइक मिली। सभी सामान को जब्त कर लिया गया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 98 हजार बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी में गुलशन कौशल (29) निवासी गुरुघासी दास वार्ड और सुमित भोई (34) निवासी बांसपारा के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से नशीली टेबलेट बेचने की कोशिश कर रहे थे और अवैध कमाई के लिए ग्राहकों की तलाश में थे।

विकास कार्यों का विधायक ललित ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अछोटी एवं ग्राम निकुम में विधायक ललित चंद्राकर ने 73.43 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा-अर्चना से हुई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, स्वच्छता एवं सामुदायिक भवनों जैसे कार्यों से गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है और इनसे सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर सरपंच झन्ना दिल्लीवार, जनपद सदस्य बेला यादव, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुराण देशमुख सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अछोटी में हुए प्रमुख कार्य

ग्राम अछोटी में साहू पारा में 12 लाख की लागत से डोमशेड निर्माण, मंडी बोर्ड योजना के अंतर्गत 17.50 लाख से व्यावसायिक परिसर निर्माण तथा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 6.50 लाख से सतनाम भवन का निर्माण किया गया। इसके अलावा 5.20 लाख से सीसी रोड निर्माण, 1.5-1.5 लाख से बोर खनन एवं हैंडपंप स्थापना, 3.93 लाख से नाली निर्माण (भूमिपूजन) तथा 3.10 लाख से सड़क निर्माण कार्य किए गए।

ग्राम निकुम में विकास कार्य

ग्राम निकुम अटल पारा में 2.60 लाख के सी.सी. रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं 19.60 लाख के डोम शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर बिचपुरिया ने किया महिला शक्ति का सम्मान

■ **आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना की**

भिलाई/नवप्रदेश। आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर के प्रांगण में पहुंच कर ब्रजेश बिचपुरिया ने बजरंगबली एवं बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की और सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्तगणों को हनुमान जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, सचिव संजय सिंह, संजय नेमा एवं समस्त पदाधिकारी ने बिचपुरिया का स्वागत किया एवं उनके माध्यम से समिति की सक्रिय महिलाओं एवं वरिष्ठजनों का सम्मान करवाया। जिन मातृ शक्तियों का सम्मान हुआ उसमें विनीता राजपूत, पूनम सिंह, नीतू नेमा, काकोली जाना, तुलसी राव, अर्चना गुप्ता, इंदुमती पांडे, तामेश्वरी, मनीषा, रितु सिंह, बिंदु साहू, तुलसी देवी देशमुख, हेमलता नशीने, दीपिका देशमुख, कंचन, मीनाक्षी साहू, सातो यादव इसके अलावा क्षेत्र के वरिष्ठ जनों का भी सम्मान किया गया। उसमें दिनेश पांडे, अरुण परिहार, सुभाष गुप्ता, अलन साहू समेत अन्य वरिष्ठ जनों का बिचपुरिया के द्वारा अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल, प्रकाश रौतेला, लोखंडे एवं आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर समिति विवेकानंद नगर समिति एवं कॉलोनीवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मंत्री गजेंद्र ने किया डोम शेड का लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। केबिनेट मंत्री व शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने शहर के वार्ड 25 संतराबाड़ी में नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण किया। उन्होंने वार्ड 46 पद्मनाभपुर में डोमशेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। संतराबाड़ी स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने वेदमाता गायत्री के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं और सुझावों को लेकर चर्चा की। मंत्री यादव ने कहा कि यह भव्य डोमशेड क्षेत्र के धार्मिक व सामाजिक जीवन को नई दिशा देगा। अब यहां विवाह, धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम व अन्य सामुदायिक आयोजन सुविधाजनक वातावरण में आयोजित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सुगमता प्रदान करना है। डोमशेड निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी विभिन्न आयोजनों के लिए एक स्थायी एवं संरक्षित स्थल उपलब्ध होगा। वार्ड क्रमांक 46 पद्मनाभपुर में प्रस्तावित डोमशेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री यादव ने कहा कि डोमशेड के निर्माण से क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को नया मंच मिलेगा और स्थानीय स्तर पर सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनीषा सोनी, संजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, युवराज कुंजाम, सविता साहू, भाजयुमो अध्यक्ष हिमांशु सिंह, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, महेन्द्र लोढ़ा, धीरजलाल टांक, एसपी सिंह, आरडी महिलांग, अभय सोनी सहित क्षेत्रवासी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भूमिपूजन व लोकार्पण: नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकास कार्यों के लिए विधायक कोर्सेवाड़ा का जताया आभार

15वें वित्त आयोग राज्य प्रवर्तित योजना व अधो संरचना मद से 9 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका जामुल भव्य रूप से विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। स्वागत भाषण में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मानीत करते हुए जामुल में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रथम तल निर्माण 66 लाख रूपये, सुरडुंग हाई स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण 19 लाख रूपये, रावण भाठा में 100 फीट तिरंगा झंडा लगाने का कार्य 20 लाख रूपये, वार्ड 20 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण 12 लाख रूपये, वार्ड 14 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण में 12 लाख रूपये, वार्ड 20 में एस.एल.आर.एम. सेंटर निर्माण में 25 लाख रूपये, सुरडुंग हाई स्कूल में ट्री प्लांटेशन कार्य में 28 लाख का आज लोकार्पण एवं 15वें वित्त आयोग राज्य प्रवर्तित योजना एवं अधो संरचना मद से 7 करोड़ रूपये का भूमिपूजन होने जा रहा है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने जामुल सहित प्रदेशभर में हो रहे विकास कार्यों के साथ नक्सल मुक्त भारत, नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डे ने युवाओं में जोश भरते हुए आगामी समय में विकास कार्यों के लिए और अधिक तैयारी करने के साथ सबको साथ मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी ।

मुख्य अतिथि के आसंदी से क्षेत्रीय विधायक एवं अनुसुचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा आज जामुल में 2 करोड़ के लागत से विकास कार्य का लोकार्पण एवं 7 करोड़ रूपये के विकास कार्यों के भूमि पूजन हो रहा है। राशि की कहीं कमी नहीं है यह सब विकास कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के सहयोग से संपादित होने जा रहा है। आप सभी जनप्रतिनिधिगण प्रस्ताव बताइये जिससे और तेजी से कार्य होता रहे।

कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेज कर सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधी सतीश साहू, विधायक प्रतिनिधी रेखराम बंछोर, दीपक गुप्ता, सीमा यादव, कविता बिश्वाल, रामदुलार साहू, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन सहित विशिष्ट प्रशांत गुप्ता, हेमंत देवांगन, नटवर ताम्रकार, ओम प्रकाश साहू, हरीश वर्मा, राजु खान, ध्रुव देवांगन, तुलाराम टंडन, यशवंत राजपूत, अनिता साहू, संजय शर्मा, दुर्योधन साहू, अश्वनी यादव, आकाश ठाकुर, सोनु यादव, चंद्रप्रकाश मांडले, अनवर, मीर अली, लक्ष्मी वर्मा, अनुप राय, राजेश्वरी रेड्डी, राजेश वर्मा, जितेन्द्र साहू, मनीष साहू, प्रेम सागर चतुर्वेदी, राजकुमार बाली सहित अधिकारी कर्मचारी सचिन भागवत उप अभियंता, आशा जंघेल, हरिश साहू, मोहन वर्मा उपस्थित थे।

नए नंबर के साथ चली दुर्ग हटिया एक्सप्रेस का भाटापारा में हुआ अभूतपूर्व स्वागत

सांसद लक्ष्मी वर्मा ने ग्रीन सिंगनल दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

भाटापारा/नवप्रदेश। दुर्ग से हटिया के मध्य शुक्रवार को नए नंबर से चालू हुई ट्रेन का भाटापारा स्टेशन में नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया,इस दौरान उन्होंने ट्रेन को हरी लाइट दिखाकर आगे के लिए रवाना किया।इस ट्रेन के स्वागत अवसर पर काफी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे। विदित हो कि पूर्व में सप्ताह में 2 दिन स्पेशल ट्रेन के रूप में चल रही दुर्ग हटिया एक्सप्रेस को नए नंबर 18641-18642 के साथ चलाने की मंजूरी रेल मंत्री ने दी थी और आज अपने पहले सफर के लिए ट्रेन नए नंबर के साथ रवाना हुई।

इस अवसर पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने रेल यात्रियों को बधाई देते हुए कहा कि अब दुर्ग हटिया ट्रेन के नियमित होने से लोगों को अपनी आगामी यात्रा सुनिश्चित करने में सुविधा मिलेगी,क्योंकि पूर्व में स्पेशल ट्रेन होने के कारण यात्रियों को मन में दुविधा बने रहती थी,की ट्रेन के और आगे चलने की तिथि बढ़ेगी की नहीं।श्रीमती वर्मा ने भाटापारा वासियों को भी इस नई ट्रेन के प्रारंभ होने पर बधाई देते हुए कहा कि सप्ताह में 2 दिन चलने वाली दुर्ग हटिया ट्रेन के नियमित ट्रेन के रूप में चलने से रेल किराया में भी कमी

आएगी,जिसका फायदा भी रेल यात्रियों को मिलेगा। श्री मति वर्मा ने कहा भाटापारा रेलवे स्टेशन रायपुर रेल डिविजन का महत्वपूर्ण स्टेशन होने के साथ बलोदा बाजार भाटापारा जिले के एक मात्र सबसे बड़ा स्टेशन है जिसके समीप काफी बड़ी संख्या में उद्योग धंधे स्थापित है।व्यापारिक दृष्टिकोण से और रेल्वे की आय की दृष्टि से भी भाटापारा स्टेशन का अपना अलग स्थान है।

शुक्रवार को रात उक्त ट्रेन के अपने निर्धारित समय से लगभग 10 मिनट विलंब से भाटापारा स्टेशन पहुंचने पर स्वागतकर्ताओं ने गगन भेदी नारों के स्वागत किया।ट्रेन के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट का सांसद श्रीमती वर्मा ने फूल माला,पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और उनको मीठा खिला कर बधाई।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी स्वागत किया तथा सांसद श्रीमती वर्मा ने ट्रेन को ग्रीन सिंगनल दिखाकर आगे के लिए रवाना किया।इस अवसर पर राजेश शर्मा,संतोष नायक,अभिषेक पांडेय,अभिनव शर्मा,अमरजीत सलूजा,लक्ष्मीनारायण सोनी,कमल सेठी,महाबल दास बघेल,डब्लू सिंह ठाकुर, श्रेणिक गोलछा,श्रीचंद छाबड़िया,गुरमुख गंगवानी,महेश चंदानी सहित सीएसएम अजय कुमार एवं जी आर पी आर पी एफ स्टाफ भी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

छुरा नगर पंचायत की सामान्य सभा का कांग्रेस के पार्षदों ने किया बहिष्कार

छुरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरा में गुरुवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक उस समय विवादों में आ गई, जब कांग्रेस के 9 पार्षदों ने सामूहिक रूप से बैठक का बहिष्कार कर दिया। बैठक में अध्यक्ष पक्ष के मात्र 6 पार्षद ही उपस्थित रहे, जिससे नगर पंचायत की कार्यप्रणाली और जनहित के मुद्दों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, विपक्षी पार्षदों ने बैठक में शामिल न होते हुए सीधे तौर पर नगर पंचायत प्रशासन और अध्यक्ष पर मनमानी कार्यशैली अपनाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद पंचराम टंडन ने बहिष्कार के पीछे के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा कि सामान्य सभा की बैठक नियमानुसार प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जानी चाहिए, जिसमें नगर के विकास और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर ठोस निर्णय लिए जाते हैं। लेकिन छुरा नगर पंचायत में यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बैठकें केवल कोरम पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही हैं, जबकि एजेंडे में वास्तविक और आवश्यक मुद्दों को जानबूझकर शामिल नहीं किया जा रहा। पार्षदों द्वारा बार-बार उठाए गए सवालों और समस्याओं को अगली बैठक में जवाब देने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन उन पर कोई ठोस जवाब या कार्रवाई नहीं होती।

क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त की योजना बैठक सम्पन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की योजना बैठक रायपुर में आयोजित हुई जिसमें छत्तीसगढ़ के 13 जिलों से कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रदेश में क्रीड़ा भारती के कार्य विस्तार की चर्चा हुई। उपरोक्त जानकारी देते हुए क्रीड़ा भारती जिला मंत्री आदित्य सिंह ने बताया कि आगामी जून माह में प्रांत सम्मेलन बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी जिलों की जिला कार्यकारिणी को आमंत्रित किया गया है । क्रीड़ा भारती के कार्य विस्तार के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया गया है,आगामी दिनों में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।श्री सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले पंचसूत्रीय कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है, क्रीड़ा भारती के कार्यकर्ताओं को पंच परिवर्तन के विषय में जानकारी दी गई तथा क्रीड़ा भारती के विभिन्न आयामों और गतिविधियों पर चर्चा की गई ।बैठक में जबलपुर से आए मध्य क्षेत्र के संयोजक अनंत डी के जी ने समापन उद्बोधन दिया उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि आगामी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों को हम खंड स्तर पर आयोजित करें, हम समाज के लिए काम करते हैं और समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य करते हैं खेल जगत में हम नंबर एक के संगठन हैं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में हमारा कार्य हो ये हमारा दायित्व है।

भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान मंडलों में हो रही कार्यशाला

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के निपनिया एवं कौशलपुर मंडल में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की गुडेलिया व कोलिहा में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानङ्क2026 की कार्यशाला सम्पन्न. हुई। वक्ताओ ने संगठन को और अधिक प्रभावी व सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया.।अपने संबोधन में वक्ताओ ने विचारधारा, अनुशासन एवं संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने एकात्म मानववाद विषय पर विचार रखते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका बताई।

जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू को मंच पर बोलने तक नहीं बुलाया

जनसमस्या निवारण शिविर में सभापति की उपेक्षा, अफसरों से जनप्रतिनिधि भारी नाराज

जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों के बीच विवाद की स्थिति, मंत्रालय तक होगी शिकायत

गुरुर/ नवप्रदेश। बालोद जिले के गुरुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरमरीकला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर विवादों के घेरे में आ गया है। शिविर के दौरान अधिकारियों द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, खासकर जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू की कथित उपेक्षा का मामला स्थानीय स्तर पर सुर्खियों में है। इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने-अपने मुद्दे रख रहे थे। जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू भी शिविर में मौजूद थीं। हालांकि, अन्य जनप्रतिनिधियों को मंच पर बोलने का पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद जिला पंचायत सभापति को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं दिया गया। उनकी अनदेखी और अपमान को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जिला पंचायत सभापति जैसे उच्च पद पर आसीन निर्वाचित प्रतिनिधि के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल अनुचित है, बल्कि अफसरों की लापरवाही को दर्शा रहा है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधि का आरोप लगाया कि अफसरों ने जानबूझकर सभापति की उपेक्षा की, जिससे क्षेत्र में शासन के प्रति नाराजगी बढ़ गई है।

जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रहे अफसर

बालोद भाजपा जिलाध्यक्ष चेमनलाल देशमुख ने कहा कि जनपद पंचायत सीईओ सरासर झूठ बोल रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद हमने क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों से वास्तविक स्थिति की जानकारी ली है। अफसरों ने जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू को उद्बोधन के लिए बुलाया ही नहीं है। यह स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सीधा अपमान है। प्रशासनिक अफसर अपनी मनमर्जी कर रहे हैं और यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देशमुख ने कहा कि अफसरों के इस तरह के रवैय्ये और लाल फीताशाही की शिकायत मंत्रालय और मंत्री स्तर पर कर कार्रवाई की मांग करेंगे। वहीं इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर से फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

> जिला प्रशासन एवं जनपद पंचायत गुरुर के सीईओ द्वारा उनकी अनदेखा की गई, जबकि वे क्षेत्र की प्रमुख जनप्रतिनिधि हैं और स्थानीय समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। प्रशासनिक अफसरों का रवैय्या जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा है तो आम आदमी के साथ कैसे होगा समझा जा सकता है।
>
> **-लक्ष्मी अशोक साहू,** सभापति व जिला पंचायत सदस्य

> जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू का नाम दो बार एलाऊसमेंट किया गया था। वे उस समय वहां मौजूद ही नहीं थीं। जन समस्या निवारण शिविर का यह कार्यक्रम नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ है। कहीं कोई अपमान जैसी बात ही नहीं है।
>
> **-उमेश रात्रे,** सीईओ, जनपद पंचायत, गुरुर

> शिविर में कलेक्टर, एडीएम सहित सभी वरिष्ठ अफसर मौजूद थे। मुझे इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करनी नहीं है।
>
> **- राजकुमार सोनकर,** एसडीएम, गुरुर

सरायपाली

सीएचसी में सुरक्षित मातृत्व की मिसाल

महासमुंद/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सरायपाली में सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक और उल्लेखनीय सफलता दर्ज की गई है। यहां चिकित्सकों की टीम ने जटिल परिस्थितियों में 26 वर्षीय महिला नरगिस का सफलतापूर्वक तीसरा सिजेरियन (सी - सेक्शन) ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने 3.200 किलोग्राम वजनी स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। इस सफलता पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने चिकित्सा टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें सरायपाली सीएचसी उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. के. वी. किरण कुमार, डॉ. कुणाल नायक, स्टाफ नर्स प्रगति शर्मा एवं समीर पटेल की टीम ने कुशलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन की सफलता स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती गुणवत्ता और विशेषज्ञता को दर्शाती है। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

खेतों की पराली न जलाने रमन लाल ने की अपील

खिलोराखुर्द आगजनी के बाद प्रशासन से कार्रवाई की मांग

धमधा/नवप्रदेश। क्षेत्र के खिलोराखुर्द गांव में हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे में सैकड़ों एकड़ खेत, खड़ी फसलें, मवेशी, मोटर, बिजली के तार और पाइप जलकर खाक हो गए, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए किसानों से खेतों में पराली न जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने जैसी

लापरवाही ही अक्सर ऐसी भयावह आगजनी की घटनाओं को जन्म देती है, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान होता है।

रमन लाल यादव ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अग्निशमन व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

जीएनए कॉलेज में लैंगिक उत्पीड़न पर व्याख्यान

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा में महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति एवं आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में ÷कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न÷ विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता, अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता ईरम सिद्दिकी ने कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की विभिन्न स्थितियों, इसके दुष्परिणामों तथा इससे जुड़े

प्रमुख कानूनों जैसे पॉश अधिनियम 2013 (कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन अनिवार्य है और पीड़ित को न्याय दिलाने हेतु स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

विशिष्ट वक्ता के रूप में गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय से डॉ. रामाशीष श्रीवास्तव ने महिला उत्पीड़न के सामाजिक एवं कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय संविधान में महिलाओं को प्राप्त मौलिक अधिकारों एवं संरक्षण संबंधी प्रावधानों, जैसे समानता का अधिकार, भेदभाव निषेध तथा गरिमामय जीवन के अधिकार के बारे में विस्तार से बताया।

संगठन सृजन अभियान को मिली गति

धमधा/नवप्रदेश। पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस संगठन को मजबूती देने का कार्य लगातार जारी है। जिला, ब्लॉक, मंडल एवं सेक्टर अध्यक्षों के गठन के बाद अब बूथ और पंचायत स्तर पर कमेटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके साथ ही निकाय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर भी कमेटियां गठित की जाएंगी। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को धमधा रेस्ट हाउस में कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के

निर्देशन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला महामंत्री एवं ब्लॉक कांग्रेस धमधा के प्रभारी प्रकाश ठाकुर की उपस्थिति रही। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गांव-गांव जाकर बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटियों का गठन किया जाएगा।

लो वोल्टेज से त्रस्त ग्रामीण, बिजली विभाग को सौंपा ज्ञापन

छुरा/नवप्रदेश । लो वोल्टेज के चलते परेशान होकर ग्राम पंचायत दुल्ला व ग्राम पंचायत भैसामुड़ा के सरपंच सहित बड़ी संख्या में लोग बिजली ऑफिस छूरा पहुँचकर लिखित रूप में आवेदन सम्बंधित अधिकारियों को देते हुए बताया कि लो वोल्टेज के चलते लाइट ,पंखा ,कूलर ,नल-जल योजना से पानी की बड़ी समस्या,बोर से फसल प्रभावित हो रही हैं इन सभी समस्याओं को अवगत कराया गया बिजली विभाग के उप अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रयाप्त मात्रा में बिजली नहीं मिलने कारण लो वोल्टेज की समस्या हो रही हैं जल्द ही समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया गया हैं ,यह

समस्या ज्यादा कोसमी नवापारा में स्थित सबस्टेशन से सप्लाई हो रही कई गांव लो वोल्टेज से प्रभावित हैं जिनको लेकर कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दिया गया हैं लेकिन आज तक इनका निवारण नहीं हो पाया अधिकारियों द्वारा खाली आश्वासन बस मिल रहा हैं इनका समाधान नही हो रहा हैं ऐसी ही स्थिति रही तो किसानों को अपने फसल को मवेशियों को चराने में मजबूर हो जायेंगे ,आवेदन देने पहुँचे ग्राम पंचायत दुल्ला सरपंच श्रीमती शशिप्रभा ठाकुर, उपसरपंच श्री सुरेश शर्मा ,ग्राम समिति अध्यक्ष विमल ठाकुर जी ,गणेश राम यादव पंचगण संतोषी, ओमलता, ताराबाई, पूर्णिमा,ओमेश्वरी ,ग्राम पंचायत भैसामुड़ा सरपंच श्रीमती फुलेश्वरी ध्रुव ,योगेश्वर यादव,टामेश्वर ध्रुव ,लक्ष्मण कंवर,बीसे साहू, लालेश्वर साहू के साथ बड़ी संख्या में दोनों पंचायत के लोग थे ।

भाजपा शहर मंडल की बैठक सम्पन्न

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल महासमुंद द्वारा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक मंडल प्रभारी एवं प्रदेश सह संयोजक (सहकारिता प्रकोष्ठ) मोनिका साहू तथा सह प्रभारी एवं जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन पटेल भी उपस्थित रहे। मंडल प्रभारी मोनिका साहू ने आगामी कार्यक्रमों को सफल

बनाने के लिए पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए टीम गठन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर इसे उत्साहपूर्वक मनाने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

सह प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने 6 अप्रैल के महत्व को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को भाजपा कार्यालयों में सजावट अभियान चलाया जाएगा, जिसमें विद्युत सजावट, पुष्पमाला, दीपमालिका एवं रंगोली शामिल होंगी। 6 अप्रैल को ध्वजारोहण, मिठाई वितरण, आतिशबाजी और घर-घर दीप प्रज्वलन के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ता सोशल मीडिया के माध्यम से इसे व्यापक रूप से साझा करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि 7 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा, जबकि 8 से 12 अप्रैल तक ÷गांव-बस्ती चलो अभियान÷ चलाया जाएगा, जिसके लिए प्रभारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। बैठक का संचालन महामंत्री अग्रज शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री मीना वर्मा ने किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला महामंत्री शुभ्रा शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा सहित राकेश श्रीवास्तव, हनीश बग्गा, चंद्रशेखर बेलदार, पांडुरंग मदनकार, हाफिज कुरैशी, पीयूष साहू, सोनाघर सोनवानी, मुना साहू, राजेंद्र चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, माधुरी यदु, मधु यादव, कल्पना सूर्यवंशी, लक्ष्मी साहू, दुर्गा सारवा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस में 60 पंचायत और 104 बूथ समितियों का गठन

बागबाहरा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा (ग्रामीण) द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। अभियान के अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू के नेतृत्व में कुल 60 पंचायत समितियों और 104 बूथ समितियों का सफलतापूर्वक गठन किया गया, जिसकी रिपोर्ट जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव को सौंप दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में मंडल अध्यक्षों, सेक्टर प्रभारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संगठन के विस्तार और मजबूती के इस अभियान में जमीनी स्तर पर व्यापक समन्वय देखने को मिला।

अभियान में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष मुकुंद सिन्हा, चंदूलाल साहू, राजेश सिन्हा, हरी यादव एवं हेमसिंह नायक सहित अन्य पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। वहीं सेक्टर प्रभारियों में राहुल, कुलदीप, सहजान पाशा, जीवन नायक, ओमप्रकाश साहू, पुरुषोत्तम साहू, राहुल वनछोर, जयंती चंद्राकर, शांत साहू, नीलकंठ यादव, ओमप्रकाश निषाद, संतोष जांगड़े, नंदकुमार निषाद, सेवाराम साहू और रज्जू यादव सहित सभी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

राजनांदगांव में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का खुलासा, 9 किलो गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश थाना बसंतपुर राजनंदगांव पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही। जप्त गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 1लाख रूपये। अवैध रूप से गांजा तस्करी एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

पुलिस ने आरापी शिव कुमार राय, पिता रामकुमार राय, उम्र 31 वर्ष, निवासी धरमपुर, थाना धरमपुर, जिला पन्ना (मध्यप्रदेश), सालिक राम, पिता पूरन ढीमर, उम्र 24 वर्ष, निवासी दानवारा, थाना धरमपुर, जिला पन्ना (मध्यप्रदेश),पुष्पा बर्मन, पति राजेश बर्मन, उम्र 28 वर्ष, निवासी आधारताल जबलपुर, थाना धरमपुर, जिला पन्ना (मध्यप्रदेश) को गिफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों, विशेषकर मादक पदार्थों की तस्करी, शराब बिक्री एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम को दिनांक 03 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति मुंदड़ा कुंज जी.ई. रोड के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री के उद्देश्य से बस का इंतजार करते हुए खड़े हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम शिव कुमार राय, सालिक राम एवं श्रीमती पुष्पा बर्मन बताया।

पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर आरोपियों के पास रखे काले एवं भूरे रंग के बैगों से कुल 9.114 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख है।

बरामद गांजा को मौके पर विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपियों के विरुद्ध थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 148/2026, धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसके पश्चात तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

न्यूज गैलरी

राशनकार्ड ई-केवाईसी के लिए विशेष शिविर, छूटे सदस्यों का होगा सत्यापन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में राशनकार्डधारियों के ई-केवाईसी से वंचित सदस्यों का डाटा संकलन सुनिश्चित करने हेतु खाद्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ई-केवाईसी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही प्रक्रिया से वंचित न रह जाए।इसी क्रम में रविवार, 5 अप्रैल को पिपरिया नगर पंचायत क्षेत्र में चार अलग-अलग स्थानों पर विशेष ई-केवाईसी शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में राशनकार्ड से जुड़े ऐसे सदस्यों का सत्यापन किया जाएगा, जिनका अब तक ई-केवाईसी नहीं हो सका है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर प्रक्रिया पूर्ण कराएं। वहीं बोड़ला, पण्डरिया, पांडातराई और सहसपुर लोहारा क्षेत्रों में यह विशेष शिविर सोमवार, 6 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए समय पर ई-केवाईसी पूर्ण कराने का आग्रह किया है, जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ निर्बाध रूप से लिया जा सके।

गामेंद्र बने जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से शहर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा प्रस्तावित शहर जिला कार्यकारिणी को प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह

गैन्दू द्वारा पदाधिकारी की सूची जारी की गई हैं। जिसमे गामेंद्र नेताम को शहर जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया हैं। कार्यकर्ता एवं ईष्ट मित्रों में हर्ष व्यापत हैं। जानकारी अनुसार गामेंद्र नेताम जी पूर्व में नगर पालिक निगम में रेवाडीह वार्ड से पार्षद व कनिष्ठ सभापति रहे हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत जिला युवा कांग्रेस में बतौर निर्वाचित जिला महासचिव से हुई हैं। उसके पश्चात नगर निगम में एल्डर मेन नियुक्त ,उत्तर ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष,आदिवासी कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रहे। वर्तमान में नवीन सचिव पद के साथ जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पद का भी निर्वहन कर रहे हैं। संगठन में उनकी मेहनत और सक्रियता बनी रहती है ।नेताम जी ने कहा हैं की उक्त सचिव पद का वो पूर्व की भांति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और संगठन के दिशा निर्देशों का पालन कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। यह जिम्मेदारी मिलने पर नेताम जी ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी (कका) एवं अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत व गति देने वाले सम्मानित शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार का ह्रदय से आभार व धन्यवाद प्रकट किया है।

वार्ड नं. 22 हाउसिंग बोर्ड कालोनी में विधायक निधि से बनेगा रोड व नाली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन की विभिन्न मदो एवं योजनाओ के अलावा सांसद, विधायक एवं महापौर व पार्षद निधि से शहर में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है, विकास की कडी में वार्ड नं. 22 के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृति 5 लाख रूपये की लागत से रोड एवं नाली निर्माण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल वार्ड की पार्षद श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, पार्षद श्री मनोहर यादव पूर्व पार्षद श्री अतुल रायजादा, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुरंजेकर की उपस्थिति में पूजा अर्चनाकर भूमिपूजन किया।भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन की नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा वार्डो में विकास कार्य कराने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि से राशि स्वीकृत किए। जिससे वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कराने विधानसभा अध्यक्ष एंव हमारे विधायक डॉ रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे भी अपनी निधि से राशि स्वीकृति करते है, इसी के तहत विधायक निधि से स्वीकृति अनुसार हाउसिंग बोर्ड में रोड एवं नाली निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्राथमिकता से वार्डो में विकास कार्य कराये जायेगे। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड के काशी नाथ दुबे, महेश श्रीवास्तव, शंकर सिंह, कमलेश दास, राधेश्याम सिंह, देवकी सिंह, संदीप क्षीरसागर, आशीष गौतम, शीतल गौतम, नीरू श्रीवास्तव, प्रशांत अग्रवाल, अर्चना राजपूत, ममता दुबे, निधि अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किये, स्वागत पश्चात अतिथियो ने विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित थे।

पंजवानी बने कांग्रेस के शहर महामंत्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी में अशोक पंजवानी को महामंत्री बनाए जाने से उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के

अनुमोदन पर शहर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा घोषित कार्यकारिणी में अशोक पंजवानी को शहर कांग्रेस कमेटी का महामंत्री बनाया गया हैं। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई।ज्ञात हो कि श्री पंजवानी विगत तीस वर्षों से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता होने के साथ ही संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर अपनी अलग छाप छोड़ चुके हैं। श्री पंजवानी इसके पहले इंदिरानगर वार्ड के पार्षद रह चुके हैं। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ममता पंजवानी भी इसी वार्ड से पार्षद रह चुकी हैं। इसके अलावा श्री पंजवानी शहर व युवा कांग्रेस के महामंत्री और प्रवक्ता जैसे अहम पदों पर रह चुके हैं। उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए उन्हें दो अप्रैल को जारी शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी में महामंत्री बनाया गया है।

कबीरधाम पुलिस ने सट्टा संचालित करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

नगद राशि एवं सट्टा सामग्री जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध जुआ एवं सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल व अमित पटेल तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना पिपरिया की टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

दिनांक 03.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मिरमिटी में योगी ऑटो पार्ट्स दुकान के सामने एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से सट्टा (जुआ) संचालित किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पिपरिया की टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी गई।

कार्यवाही के दौरान आरोपी अरुण नाथ योगी पिता – उम्र 23 वर्ष निवासी – को रंगे हाथ सट्टा पर्ची लिखते हुए पकड़ा गया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, नीली स्याही का डॉट पेन एवं नगद राशि 750 रुपये बरामद किया गया।

उक्त कृत्य के संबंध में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की योजना बैठक रायपुर में सम्पन्न

कवर्धा/नवप्रदेश। रायपुर में आयोजित क्रीड़ा भारती की प्रांत स्तरीय योजना बैठक में प्रदेश के 13 जिलों से कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी जून माह में बिलासपुर में प्रस्तावित प्रांत सम्मेलन तथा सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।आगामी दिनों में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन, साल भर में होने वाले पंचसूत्रीय कार्यक्रमों को भव्य रूप देने तथा खंड स्तर तक गतिविधियों को विस्तार देने का लक्ष्य तय किया गया। कार्यकर्ताओं को 'पंच परिवर्तन' विषय की भी जानकारी दी गई।

कवर्धा जिले ने सम्मेलन में दी सहभागिता : प्रांत स्तर की इस योजना बैठक में कवर्धा जिले से क्रीड़ा भारती की प्रांत टोली सदस्य जसविंदर बग्गा और जिला मंत्री गिरीश चंद्रवंशी भी शामिल हुए. इस प्रांत सम्मेलन की आगामी

योजना निर्माण प्रक्रिया में भाग लेते हुए श्री जसविंदर बग्गा ने कहा कि जून माह में प्रस्तावित प्रांत सम्मेलन दो दिवसीय होना चाहिए. उन्होंने कहा कि इससे पूरे प्रांत से आ रहे जिला पदाधिकारियों को दिन भर के सत्रों के बाद रात्रि विश्राम के समय एक साथ रहने, एक दूसरे को समझने एवं विचारों के आदान - प्रदान का अवसर मिलेगा और जिससे समरसता का विषय प्रगाढ़ होगा। तथा एक वैचारिक परिवार के होने का भाव भी बढ़ेगा. जिसे सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने समवेत स्वर से मंजूरी दी.

निगम का डस्टबिन वितरण अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर को स्वच्छ, साफ एवं सुंदर रखने तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा रैंक लाने नगर निगम द्वारा सफाई में गुणात्तमक सुधार लाने अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत वार्डो में गिला सुखा कचरा अलग अलग रखने डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन वितरण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज वार्ड नं. 11 स्टेशन पारा में घर घर गिला सुखा कचरा अलग अलग रखने महिलाओ को स्टबिन का वितरण किये। वितरण अवसर पर लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वार्ड के पार्षद श्री छोटेलाल रामटेके, पार्षद श्री मनोहर यादव, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, विशेष उप से उपस्थित थे। डस्टबिन वितरण अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि हर घर स्वच्छता बनाये रखने नगर निगम द्वारा डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। आज आपके वार्ड में भी गिला व सुखा कचरा अलग अलग रखने डस्टबिन दिया गया है। उन्होंने कहा कि डस्टबिन का उपयोग कर प्रतिदिन कचरा स्वच्छता दीदीयो को देना है, नाली या घर से बाहर कचरा नही डालना है। आप सबके सहयोग से ही इस स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर अच्छा रैंक प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्वभाव में, व्यवहार में स्वच्छता लाना होगा, तभी हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ दिखकर एक अलग पहचान बनायेगी।

ललित मरकाम को सौंपी शहर कांग्रेस प्रवक्ता की जिम्मेदारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार द्वारा प्रस्तावित कर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के मार्गदर्शन में जारी किया गया। इस कार्यकारिणी में सक्रिय कांग्रेस नेता ललित मरकाम को शहर कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

ललित मरकाम लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी प्रभावशाली वक्तृत्व शैली, स्पष्ट विचारधारा एवं जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की क्षमता उन्हें संगठन में एक मजबूत पहचान दिलाती है।

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार श्री देवेन्द्र कुमार पटेल आ. श्री देवलाल पटेल, निवासी एल.आई.जी. 277. हाऊसिग बोर्ड कॉलोनी, दादर रोड, चरोदा, भिलाई, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) ने श्रीमती जेस्सी निर्मल ध.प. स्व. वी.के. निर्मल से एक जमीन, जिसका खसरा नं. 278/1, प्लाट नं. एल.आई.जी.-273, रकबा - 83.62 वर्ग मोटर, जो कि ग्राम चरोदा भिलाई, छत्तीसगढ गह निर्माण मण्डल, दीनदयाल आवास योजना, हाउसिंग बोर्ड, वार्ड नं. 22, तहसील भिलाई-3, जिला दुर्ग (छ.ग.), संपत्ति नगर पालिका परिषद अंतगर्त में स्थित है, रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 24.11.2015 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को श्रीमती जेस्सी निर्मल ध.प. स्व. वी.के. निर्मल न छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 19.10.2015 के तहत फ्रेहोल्ड किया था। उक्त संपत्ति को श्रीमती जेस्सी निर्मल ध.प. स्व. वी.के. निर्मल ने श्रीमती सुनीता गवाली ध.प. श्री उमेश गवाली से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 31.01.2014 के तहत क्रय किया था। उक्त सपत्ति श्रीमती सुनीता गवाली ध.प. श्री उमेश गवाली ने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से रजिस्टर्ड बयनामा (लीजडीड) दिनांक 19.05.2010 के तहत क्रय किया था। उक्त फ्रीहोल्ड बयनामा की मूलप्रति (छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से श्रीमती जेस्सी निर्मल ध.प. स्व. वी. के. निर्मल) मेर पक्षकार से गुम हो गया था। इस बाबत् मेर पक्षकार द्वारा दिनांक 31.03.2026 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। अत: किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित मूल रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 19.10.2015 अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफको सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त मूल रजिस्टर्ड बयनामा से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

शुभो चक्रवर्ती
अधिवक्ता, वास्ते अश्विनी सिंह
एण्ड एसोससिएट्स 12, नगर निगम परिसर सुपेला भिलाई (छ.ग.)
मो. 9302887265

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 29968 दिनांक 03.04.2026
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR568H0374K** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **OMKAR SEN** पिता / पति श्री/ श्रीमती **RAJKUMAR SEN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **PRAKASH MISHRA** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O SHRI VALLABH MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा, रायपुर
Email ID - rmczone9@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 29890 दिनांक 04.04.2026
वार्ड का नाम- 9 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR226Q00450** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **AMARDEEP SINGH KHANUJA** पिता / पति श्री/ श्रीमती **HAMINDER SINGH KHANUJA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **हरदीप कौर सलूजा** पिता /पति श्री/श्रीमती **गुरजीत सिंह सलूजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (9)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 28/04/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **28/04/2026** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है ।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 27/04/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 28/04/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1) मैसर्स आरना पेपर प्रोडक्ट्स, भाटापारा मोहल्ला, पुट्ठा कंपाउंड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)- 492001 2) श्री धर्मपाल सिंह 3) श्री गौरव सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह 4) श्री सौरभ कुमार सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह, सभी का पताः एफ-7, शिवाजी पार्क, विधानसभा रोड, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) - 492001 5) श्रीमती ज्योति सिंह, एल आई जी- 100/7, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)- 492006	संपत्ति नं. 1:- श्रीमती ज्योति सिंह के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्लूएस-99, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दीः दक्षिण में- फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 100, उत्तर में- खुला स्थान, पश्चिम में- ब्लॉक नं.10, पूर्व में- मार्ग । संपत्ति नं. 2:- श्री गौरव सिंह के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्लूएस-100, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दीः दक्षिण में- खुला स्थान, उत्तर में- फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 99, पश्चिम में- ब्लॉकनं. 10, पूर्व में- मार्ग । संपत्ति नं. 3:- श्री सौरभ कुमार सिंह के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-183, चतुर्थ तल, ब्लॉक नं. 8, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 50.41 वर्गमी. (542.41 वर्गफुट) में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दीः दक्षिण में- फ्लैट नं. एलआईजी-184, उत्तर में- ओटीएस, पश्चिम में- पैसेज, पूर्व में- ब्लॉक नं. 9.	20.09.2022 05.12.2022 ₹ 49,17,427.81 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property -1: ₹ 5,98,000/- / ₹ 59,800/- / ₹ 10,000/- Property -2: ₹ 5,98,000/- / ₹ 59,800/- / ₹ 10,000/- Property -3: ₹ 11,41,000/- / ₹ 1,14,100/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Raipur Main Branch (Mo. 7880150204)
ऋणी- श्रीमती विनीता जलोटा पत्नी राजकुमार जलोटा, महिंद्रा राइस मिल, वर्धमान नगर देवपुरी, रायपुर-492015. श्री राजकुमार जलोटा पुत्र राजकुमार जलोटा, महिंद्रा राइस, वर्धमान नगर देवपुरी, बिन्द्रनवागढ़, रायपुर- 492015.	खसरा नं. 110/17 के परिवर्तित भाग 110/48 मौजा- चंगोराभाटा, प.ह.नं. 105/59 खूबचंद बघेल वार्ड नं. 67, भाटागांव, आरएनएमः रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 816 वर्गफुट पर स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दीः उत्तर- प्रशांत उइके का मकान, दक्षिण- तिवारी जी की भूमि, पूर्व- संजू देवांगन का मकान, पश्चिम- सड़क ।	15/05/2025 30/07/2025 ₹ 24,25,542.59 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 20,50,000/- ₹ 2,05,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Raipur Rajiv Nagar Branch (Mo. 9424204022)
श्री सूरज दास, बसंत मार्बल गली, शिव मंदिर, लक्ष्मी रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	खसरा नं. 1590/39, प.ह.नं. 81, मौजा- बोरियाकला, बोरियाकला शासकीय हाई स्कूल के पास, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. क्षेत्रफल - 1400 वर्ग फीट में स्थित आवासीय प्लॉट के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दीः उत्तर- बोरियाकला शासकीय स्कूल की भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- कार्तिकेय चंदे की भूमि, पश्चिम- श्रीमती धनेश्वरी साहू की भूमि ।	17/07/2025 09/10/2025 ₹ 19,34,389.96 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 17,75,000/- ₹ 1,77,500/- ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Raipur GE Road Branch (Mo. 8770592270)
श्री शेख कासीम पुत्र- शेख दाउद, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773. एवं श्रीमती शमसुन निशा मुसलमान पत्नी- शेख कासीम, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773.	शहर सर्वे शीट नं. 21सी, प्लॉट नं. 166, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, धमतरी, क्षेत्रफल- 118.50 वर्गफीट में स्थित शामिल संपत्ति के समस्त भाग व अंश । चौहद्दीः उत्तर- मंगल प्रसाद का मकान, दक्षिण- त्रिलोक सिंह का मकान, पूर्व- मंगल प्रसाद का मकान, पश्चिम- नगर निगम रोड.	17.02.2020 12.10.2020 ₹ 16,34,781.70 05/11/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 9,43,000/- ₹ 94,300/- ₹ 10,000/-	Property No. - 04 Dhamtari Branch (Mo. 9179933922)

ईएमडी जमा विवरणः आरक्षित मूल्य के 10% की ईएमडी राशि मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड (बैंकनेट) पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे या चालान बनाकर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करने के लिए उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में 27/04/2026 को या उससे पहले जमा की जानी है ।

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **27/04/2026** दोपहर **12.00** से सायं **3.00** बजे तक संबंधित **शाखा प्रबंधक** की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे । (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें । (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवादा' दिनांक 05/04/2026 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 04.04.2026 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

खल्लारी मेला महोत्सव में डिप्टी सीएम अरुण साव शामिल, माता का दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

महासमुंद/नवप्रदेश। पाँच दिवसीय खल्लारी मेला महोत्सव के शुभ अवसर पर प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव शुक्रवार रात खल्लारी पहुंचे। उन्होंने माँ खल्लारी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खल्लारी धाम आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और लोकजीवन का प्रतीक है। यह प्राचीन शक्ति पीठ सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है, जहां दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामनाओं के साथ पहुंचते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के साथ-साथ धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने नेशनल हाईवे से खल्लारी मंदिर तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण की घोषणा भी की।

उन्होंने खल्लारी धाम के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा यह स्थल शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र है। यहां आयोजित मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और लोक संस्कृति के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने मेले को क्षेत्र की पहचान बताते हुए इसके निरंतर विकास पर जोर दिया। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने इसे संस्कृति का जीवंत उदाहरण बताया। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने खल्लारी को सामाजिक समरसता का केंद्र बताया, जबकि जिला स्काउट-गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू ने ऐसे आयोजनों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, अल्का चंद्राकर, स्मिता चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि शुक्रवार से प्रारंभ हुआ यह पाँच दिवसीय खल्लारी मेला महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ जारी है, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

न्यूज गैलरी

ग्रह ग्राम मुड़पार पहुंचने पर सांसद लक्ष्मी वर्मा का हुआ जोरदार स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम मुड़पार ने मुझे सदैव ही बेटी की तरह स्नेह दिया है गांव के एक-एक व्यक्ति के साथ मेरा अपनापन, हर चेहरे के साथ एक स्मृति, हर स्थान से मेरा लगाव.है,उक्त बाते राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुई सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने अपने स्वागत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। श्रीमती वर्मा ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए अथक परिश्रम, अनगिनत संघर्ष और जीवन के समस्त उतार चढ़ाव में सदैव मेरे साथ रहने वाली मुड़पार की मिट्टी में नतमस्तक होने का सौभाग्य आज सांसद बनने के पश्चात प्रथम बार प्राप्त हुआ।गांव की दुल्हन बनकर कदम रखने से लेकर आज सांसद के रूप में कदम रखने तक का यह अनुभव अनंत प्रेरणा से परिपूर्ण है,मै अपने गांव में सांसद नहीं, बेटी बनकर पहुंची हु,आप सभी के अपार प्रेम एवं सम्मान के लिए मै हमेशा आभारी रहूंगी। इस अवसर पर श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने ग्राम की सरपंच निर्मला किरीत निषाद , उपसरपंच खेलेंद्र वर्मा एवं सभी पंचगणों तथा वरिष्ठजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया।इस विशेष अवसर पर बलौदाबाजार भाटापारा के जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव , भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अदिति बाघमार , जनपद पंचायत अध्यक्ष सिमगा दौलत राम पाल डॉ मोहन वर्मा , ईशान वैष्णव ,अनुपम अग्रवाल , मोहन धिकडे , द्वारिका वर्मा , बलकरण सिंह ठाकुर , जवाहर वर्मा , नवीन वर्मा , दिनेश चवरे , रवि आडिल समेत काफी संख्या भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

मारपीट, जान से मारने की धमकी

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को बिंद्रावन के राजाराम यादव ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे अपने खेत के बोर की ओर गया था। वहां ग्राम लोंदामुड़ा निवासी जीवन देवांगन भी आया तब उसने उससे पूछा कि इधर क्यों आया है। इस पर आरोपी ने गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए पीटा । रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से व्यक्ति की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-53 पर शुक्रवार की सुबह एक सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे अवतार ढाबा के पास हुआ। ग्राम बया निवासी आत्माराम दीवान (52) अपनी मोटरसाइकिल से निजी कार्य के सिलसिले में पिथौरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

चंडी मंदिर दर्शन करने गए युवक को बाइक ने मारी ठोकर

महासमुंद/नवप्रदेश। चंडी मंदिर दर्शन करने गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 25 मार्च को लक्की पुरैना अपने दोस्त भूषण डहरिया के साथ चंडी मंदिर दर्शन करने गया था। स्वागत द्वार के पास मंदिर की ओर आ रही बाइक सीजी-06-सीवी-2209 के चालक ने उनकी बाइक को सामने से ठोकर मार दिया। घटना में लक्की के सिर, नाक, और मुंह में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के अपराध दर्ज किया गया है।

20 लीटर महुआ शराब के साथ युवक पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। ओवरब्रिज के पास इमली पेड़ के नीचे इंदिरा कॉलोनी बसना में पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने इंदिरा कॉलोनी निवासी पुष्पा कोसरिया (32) से 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पेट्रोल पंप के सेल्समैन ने युवती को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने युवती से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को सुनीता सिदार ने बताया कि वह ग्राम बगईजोर के मोतीलाल ओमप्रकाश पेट्रोल पंप में सेल्समैन है। 2 अप्रैल को पेट्रोल पंप में अपनी सहेली गोमती पटेल के साथ ड्यूटी पर थी। लगभग 12.30 बजे ग्राम बालसी का योगेश लोहानी पेट्रोल पंप में आकर उसकी सहेली से मारपीट करने लगा। जब उसने बीच बचाव किया, तब आरोपी ने गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 296, 115 (2), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शिकायत मिलने पर पालिका टीम ने नयापारा के वार्डों का लिया जायजा

पेयजल समस्या पर नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी खामी दूर, सप्लाई सामान्य

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नयापारा क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर पालिका का जल विभाग सक्रिय नजर आया। नलों से पानी नहीं आने की शिकायत मिलते ही अध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

पालिका की टीम ने नयापारा के विभिन्न वार्ड नंबर 04, 05, 06, 07, 08, 09 एवं 11 का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बुजुर्ग महिला हेमो मांझी सहित स्थानीय निवासियों से चर्चा कर पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। वार्डवासियों ने बताया कि 2 अप्रैल को तीनों समय नल तो खुले, लेकिन पानी अपेक्षाकृत कम मिला। हालांकि, 3 अप्रैल की सुबह पर्याप्त पानी मिलने की पुष्टि भी नागरिकों ने की।जल विभाग की टीम ने बताया कि बेलसोंडा फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसे अब ठीक कर लिया गया है। वर्तमान में प्लांट की चार मशीनों के माध्यम से शहर के ओवरहेड टंकियों तक पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार के अनुसार, लो वोल्टेज, बार-बार बिजली का अप-डाउन और गौरव पथ निर्माण के दौरान पोल शिफ्टिंग के चलते बिजली बाधित होने से जल आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर टुल्लू पंप के उपयोग से भी अन्य घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता, जिससे समस्या बढ़ती है। ऐसे मामलों में पालिका द्वारा टुल्लू पंप जब्त करने की कार्रवाई भी की गई है।

टुल्लू पंप पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी: नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नागरिकों से अपील की है कि नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी न खींचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा करना अवैध है और इससे अन्य घरों में पानी की आपूर्ति बाधित होती है। नियमों का उल्लंघन करने पर नल कनेक्शन काटने, पंप जब्ती, जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। तकनीकी समस्या आने पर त्वरित सुधार किया जाता है और जरूरत पड़ने पर टैंकर व सिंथेटिक टंकियों के माध्यम से 24 घंटे पानी उपलब्ध कराया जाता है।

पुलिस की जागरुकता मुहिम, 500 लोग हुए लाभान्वित

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पुलिस के द्वारा नवा बिहान जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान साइबर अपराध, अभिव्यक्ति ऐप, नशा मुक्ति, महिला संबंधी अपराध एवं यातायात सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने ग्राम भंवरपुर साप्ताहिक बाजार, भीखापाली बाजार, संजय गार्डन के पास, बागबाहरा दुर्गा मंदिर टाउन हॉल तथा पिथौरा बाजार क्षेत्र में पहुंचकर आमजन को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अभियान के दौरान लगभग 500 से अधिक ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों ने भाग लेकर लाभ उठाया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल, सेक्सटॉर्शन, फेक ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से होने वाली ठगी तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों के बारे में विस्तार से बताया।

मिशन गांव चलो अभियानः संगठन को मजबूती देने कांग्रेस की कवायद

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ÷मिशन गाँव चलो अभियान÷ के तहत जिला भर में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में बूथ और वार्ड स्तर पर संगठन विस्तार का कार्य लगातार जारी है।इसी कड़ी में राजिम विधानसभा अंतर्गत भसेरा मंडल के परसौल सेक्टर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,जिसमें बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति और आगामी रणनीति से अवगत कराया गया तथा जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया।इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा,ब्लॉक कांग्रेस अठ्ठ2ह्य ध्यक्ष रूपेश साहू,भसेरा मंडल अध्यक्ष,जनपद सभापति डॉ.दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और गाँव-गाँव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया।÷मिशन गाँव चलो अभियान÷ का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना,नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है।
बैठक में जो जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि बैठक में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस संगठन अब गांव-गांव तक अपनी पकड़ मजबूत करने में जुट गया है, जिससे आने वाले समय में राजनीतिक समीकरण बदलने के संकेत मिल रहे हैं।

तिल्दा नेवरा के शासकीय भूमि के एक बड़े हिस्से पर गड़बड़ी का संदेह

तिल्दा (नवप्रदेश)। तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में शासकीय और राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है। शासकीय भूमि से जुड़े एक मामले जानकारी के अनुसार खसरा क्रमांक 852/2, 849/2,847/2 कुल लगभग 4:33 एकड भूमि राजस्व अभिलेखों में शासकीय दर्ज बताई जा रही है। जिसमें पहले सुरक्षित भूमि नगर पालिका का बोर्ड लगा था। शासकीय भूमि तिल्दा खसरा क्रमांक 852/2 इस भूमि के लगभग एक एकड़ हिस्से पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का कार्यालय बना हुआ है और कुछ जमीन जैन हार्डवेयर दुकान को लीज पर मिला है, जबकि शेष भूमि खसरा क्रमांक 849 /2 और 847/2 को ऑनलाइन पोर्टल पर दिखा नहीं रहा है, जिसे लेकर असमंजस की स्थिति है। इस खसरा क्रमांक में कई लोगों ने भूमि मांग के लिए आवेदन भी तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किए थे। अचानक शासकीय भूमि का निजी हो जाना लोगों के मन में संदेह पैदा कर रहा है। आखिर ऐसी कौन सी आवश्यकता आन पड़ी थी कि खसरा को संयोजित करना पड़ा

और संयोजित किया गया है तो उसके खसरा को शून्य कर दिया है जो भूईया के ऑनलाइन पोर्टल पर दिखाई दे रहा है।

स्थानीय स्तर पर यह आरोप सामने आ रहे है कि राजस्व अभिलेखों में नक्शा परिवर्तन और खसरा समायोजन के माध्यम से भूमि की वास्तविक स्थिति बदलने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आसपास के खसरा को निजी भूमि में उक्त शासकीय भूमि से जोड़कर दर्शाने की आशंका जताई जा रही है। जिससे सवाल उठेने लगे है। मामले की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत संबंधित विभागों से खसरा नक्शा, नामांतरण आदेश एवं भवन अनुमति से संबंधित दस्तावेज मांगे गए है। एक सामाजिक संगठन ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शासकीय भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

जिला कांग्रेस में बड़ी कार्रवाईः मारपीट व तोड़फोड़ के आरोप में उपाध्यक्ष 6 साल के लिए निष्कासित

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी में अनुशासनहीनता के मामले में सख्त कदम उठाते हुए अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी के निर्देशों के तहत संगठन में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया।

जानकारी के अनुसार, 02 अप्रैल 2026 को जिला कांग्रेस कार्यालय परिसर में पार्टी पदाधिकारी विजय साव द्वारा मारपीट, तोड़फोड़ और गंभीर अनुशासनहीनता की घटना सामने आई थी। इस घटना को पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक मर्यादाओं के खिलाफ माना गया, जिससे संगठन की छवि को भी नुकसान पहुंचा। मामले में संबंधित

पदाधिकारी को स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया, लेकिन तय समय सीमा में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद प्राप्त शिकायतों और तथ्यों पर विचार करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा फैसला लेते हुए विजय साव को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया। आदेश जारी होने के बाद अब संबंधित व्यक्ति पार्टी के किसी भी पद, मंच या गतिविधि से जुड़े नहीं रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया है कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भाजपा स्थापना दिवस में घर घर झंडा फहराना है : नारायण ठाकुर

छुरा/ नवप्रदेश। छुरा विकास खण्ड के मलेवाअंचल भाजपा मण्डल की बैठक में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस में पूरे मंण्डल के हर घरों में झंडा लगाने के लिए बूथ प्रभारी बनाने एवं राज्य केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए नगरपालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखी यादव के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आगामी पार्टी के वर्ष भर के कार्यक्रम के बारे में बताया गया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण सिंह ठाकुर ने समस्त कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं विकास कार्यों की जानकारी हर एक मतदाता तक पहुंचना चाहिए घर घर में कमल का झंडा लहराना चाहिए। मंण्डल अध्यक्ष शिवशंकर जायसवाल ने स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया। आज बैठक कुडेरादादर शिव मंदिर में आहूत किया गया था। भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाटापारा के जीएनए कॉलेज में छात्रों की मांगों पर कार्रवाई शुरू

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर कॉलेज भाटापारा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को बिना कारण स्थगित किए जाने तथा स्पोर्ट्स हॉल में पेयजल व्यवस्था की मांग को लेकर छात्रों द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद अब महाविद्यालय प्रशासन हरकत में आया है। छात्रों के अनुसार, प्राचार्य द्वारा उक्त मुद्दों को आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है। इससे छात्रों में आंशिक संतोष देखा जा रहा है, हालांकि वे अभी भी स्पष्ट निर्णय और समय-सीमा घोषित किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।छात्रों का कहना है कि वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर स्पष्ट तिथि घोषित होना आवश्यक है ।वहीं स्पोर्ट्स हॉल में पेयजल की व्यवस्था भी तत्काल सुनिश्चित की जानी चाहिए। छात्रों ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि एजेंडे में शामिल किए गए विषयों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेकर छात्रों को अवगत कराया जाए। इस दौरान सुशांत नौरंगे, राजीव मिर्झा, पुष्पेंद्र चक्रधारी, देव सिंह ठाकुर, सौरभ राजपूत, रवि माणिकपुरी एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष...

युद्ध की आंच से झुलसा...

अविभाजित दुर्ग जिले में केले का करीब एक लाख टन केला निर्यात होता है। जो मुख्य रूप से समुद्री मार्ग से ईरान और दुबई भेजा गया। दुबई से यह केला सड़क मार्ग के जरिए अन्य देशों में जाता है।

ईरान के बुशहर न्यूक्लियर...

है कि ईरान में अमेरिकी फाइटर जेट गिराए जाने की घटना से दोनों देशों के बीच बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ट्रम्प ने कहा, हम युद्ध में हैं। उन्होंने यह बात अमेरिकी मीडिया एनबीसी से एक फोन इंटरव्यू में कही।

ईरान में अमेरिकी पायलट को पकड़ने पर 55 लाख का इनाम

ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट के पायलट को पकड़ने पर 10 बिलियन ईरानी तोमान (लगभग 55 लाख रुपए) के इनाम का ऐलान किया है। ईरान के सरकारी मीडिया आईआरआईबी के एक एंकर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अमेरिकी पायलट को जिंदा पकड़कर सरकारी अधिकारी या सेना को सौंपे।

आप ग्लोबल सोच अपनाएं...

है। आज, भारत अपनी विकास यात्रा में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है और आपका यह समूह उन लोगों में शामिल होगा जो इस प्रयास का नेतृत्व करेंगे। आपके कौशल हमारे राष्ट्र को समृद्धि की खोज में आगे ले जाने में मदद करेंगे। '

महासमुंद में 1.51 करोड़ का...

गए। जब्त की गई कुल संपत्ति का अनुमानित मूल्य 2 करोड़ 6 लाख 45 हजार रुपये आंका गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क, इसकी सप्लाई चेन और इसमें शामिल वित्तीय पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

दूसरी कार्रवाई में महासमुंद शहर के नयापारा क्षेत्र में गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश करते दो युवकों से पुलिस ने दबिश देकर 22 किलो गांजा जब्त किया है। पकड़े गांजे की कीमत 11 लाख बताई गई है। बताया जाता है कि ओडिशा के गंजाम के रहने वाले सत्यबान नायक (27) और विकास बेहरा (18) रेलवे स्टेशन से लगे छिपियापारा के एक झोपड़ी में छिपा बैठा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेड की और दोनों को पकड़ा।

नासिक में कुएं में गिरी...

लोगों को बाहर निकाला।

पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राइवर को कुआं कैसे नहीं दिखा। उन्होंने आगे कहा, हम चश्मदीदों की तलाश कर रहे हैं और घटना के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

खाड़ी देशों में भारतीयों की...

हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके।

केरल में कांग्रेस सांसद...

कि हमलावरों ने न केवल वाहन को रोका, बल्कि सांसद के साथ अभद्रता करने और उन पर हमला करने का प्रयास भी किया।

गनमैन के साथ मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार-काफिले को रुकते देख जब शशि थरूर के गनमैन ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उपद्रवियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की। इस घटना के तुरंत बाद गनमैन ने वंडूर पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी उमर को गिरफ्तार कर लिया है, जो कलिकावु का निवासी बताया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस ने दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है और हमले में इस्तेमाल की गई दो कारों को जब्त कर लिया है। अब तक कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है।

बंगाल में परिवर्तन की लहर...

का संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसी सरकार को दोबारा सत्ता में आने से रोकें और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देकर पश्चिम बंगाल में सुशासन और विकास की नई दिशा सुनिश्चित करें।दूसरे राजनीतिक दलों में परिवारवाद हावी -मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं एक साधारण परिवार से आए हैं और पिछले वर्षों में उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ देश के हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में नियमित संगठनात्मक चुनाव होते हैं, जबकि अन्य दलों में परिवारवाद हावी है ।और नीतियों व नीयत दोनों की कमी है।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोनी में जटिल स्पाइन सर्जरी का सफल उपचार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, कोनी में जिला प्रशासन के सहयोग से 3 एवं 4 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय स्पाइन सर्जरी शिविर के अंतर्गत जटिल एवं अत्यंत गंभीर मामलों में सफल सर्जरी कर चिकित्सकों की टीम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस शिविर में मुम्बई से आए विशेषज्ञ स्पाइन सर्जनों के सहयोग से गंभीर मरीजों का उपचार किया गया।

शिविर के दूसरे दिन आज 3 मरीजों के अत्यंत क्रिटिकल एवं जटिल स्पाइन ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। विशेषज्ञों के अनुसार इन मरीजों की स्थिति काफी जटिल थी, जिनमें रीढ़ की हड्डी से संबंधित गंभीर विकृतियां एवं न्यूरोलॉजिकल समस्याएं शामिल थीं। आज प्रत्येक सर्जरी में लगभग 4से 5 घंटे का समय लगा। जिसमें उच्च स्तरीय तकनीक, सटीक योजना एवं अनुभवी टीमवर्क की आवश्यकता रही। स्पाइन के टेढ़े मेढ़े ऑपरेशन के लिए न्यूरो मॉनीटिरिंग करने एक विशेष मशीन स्पाइन फाउंडेशन द्वारा लाया गया। डॉ. शेखर भोजराज ने बताया कि बिलासपुर के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में काम करने की अपार संभावनाएं हैं और इसे न्यूरो सर्जरी का स्टेट ऑफ आर्ट सेन्टर बनाने के लिए जरूरी निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दी। इस अवसर पर शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बी. पी. सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सुपरस्पेशलिटी स्पाइन सर्जरी कैम्प भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे।

सर्जरी से पहले मरीजों की जांच

सीटी स्कैन, एमआरआई एवं अन्य आवश्यक परीक्षण कर उनके अनुरूप उपचार योजना तैयार की गई। वहीं, कुछ ऐसे मरीज भी सामने आए जिनमें सर्जरी जटिल संरचनात्मक कारणों के चलते संभव नहीं थी। ऐसे मरीजों एवं उनके परिजनों की विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत काउंसिलिंग की गई तथा उन्हें वैकल्पिक उपचार एवं जीवनशैली प्रबंधन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कलेक्टर ने विशेषज्ञ चिकित्सकों का जताया आभार

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुम्बई से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने शिविर में आए सभी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की तथा इस प्रकार की पहल को जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया। इस कैम्प के माध्यम से यह महत्वपूर्ण संदेश भी दिया जा रहा है कि रीढ़ की हड्डी से संबंधित जन्मजात विकृतियां तथा दुर्घटनाओं के कारण उत्पन्न विकलांगता का आधुनिक चिकित्सा तकनीकों द्वारा सफल उपचार संभव है। समय पर जांच, सही परामर्श एवं विशेषज्ञों द्वारा सर्जरी के माध्यम से कई गंभीर मामलों में मरीजों को पुनः सामान्य जीवन की ओर लौटाया जा सकता है। अस्पताल में कार्यरत विशेषज्ञों एवं सिम्स के चिकित्सकीय टीम के समन्वय से यह अस्पताल अब प्रदेश में उन्नत स्पाइन उपचार का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को लंबे समय से कमर दर्द, हाथ-पैरों में कमजोरी, सुन्नता, चलने में कठिनाई या जन्मजात रीढ़ की समस्या है, तो सिम्स मेडिकल कॉलेज में प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को संचालित स्पाइन क्लिनिक में अवश्य परामर्श लें।

न्यूज गैलरी

परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ की एक आवश्यक बैठक मंच के प्रदेश कार्यालय बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक बिलासपुर में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी के लिए हुई। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं. सुदेश दुबे साथी ने बताया कि बिलासपुर में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के 4 दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन तुर्काडीह रोड लोखंडी में भगवान श्री परशुराम की पूजा अर्चना, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अनूप पांडेय, राजेश पाण्डेय, आदित्य त्रिपाठी, बसंत बाजपेयी, मनोहर लाल मिश्र, दिनेश बाजपेयी, लक्ष्मीकांत दीक्षित, कमलेश मिश्र, शास्वत शैकी तिवारी, अमित तिवारी, योगेश मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, सुदेश दुबे साथी शामिल रहे।

ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्तर रेलवे द्वारा परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली निम्न गाड़ियों की शॉर्ट ओरिजिनेशन एवं शॉर्ट टर्मिनेशन की अवधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। 26 मई तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर केंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा जालंधर केंट से शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी। 28 मई तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12550 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस जालंधर कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से जालंधर कैंट के मध्य रद्द रहेगी। 27 मई तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस, अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा अंबाला कैंट-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी।

अदालतें चिकित्सा क्षेत्र की विशेषज्ञ संस्थाएं नहीं हैं, याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रारंभ की गई आपराधिक कार्रवाई का आदेश निरस्त

'दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड' की दी गई सलाह को उचित सम्मान दें: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने शिक्षक के खिलाफ फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र पेश करने के आरोप में आपराधिक कार्रवाई प्रारंभ किए जाने के खिलाफ पेश याचिका में कहा कि अदालतें चिकित्सा क्षेत्र की विशेषज्ञ संस्थाएँ नहीं हैं, फिर भी उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया की न्यायिक समीक्षा करने का अधिकार प्राप्त है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और स्थापित कानूनी सिद्धांतों के अनुरूप हो तथापि जिन मामलों में चिकित्सा विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है, उनमें उन्हें 'दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड' जो कि इस संदर्भ में एक सक्षम प्राधिकारी है द्वारा दी गई राय को उचित सम्मान देना चाहिए और अंततः उसी पर निर्भर रहना चाहिए। इसके साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक प्रकरण चलाने के आदेश को रद्द किया है।

याचिकाकर्ता लखन बिहारी पटेल पुत्र स्वर्गीय अमृत लाल पटेल सहायक अध्यापक (एलबी) के पद में महासमुंद जिला में कार्यरत है। उसे सुनने में दिक्कत थी, इस पर 10 अगस्त 2010 को मेडिकल बोर्ड के सामने पेश हुआ, और सही जांच में पाया गया कि उसे 45.4% कंडक्टिव हियरिग लॉस है, जिसके आधार पर उसके फ़ेवर में डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट जारी किया गया । उस सर्टिफिकेट के आधार पर, याचिकाकर्ता ने शिक्षाकर्मी ग्रेड 3 की पोस्ट के लिए अप्लाई किया और सही सिलेक्शन प्रोसेस से गुज़रने के बाद, उसे सही तरीके से चुना गया और वह साल 2010 से उस पोस्ट पर काम कर रहा है। पारिवारिक विवाद पर याचिकाकर्ता के भाई कैलाश चंद्र पटेल ने 12 दिसंबर 2017 को कलेक्टर महासमुंद के समक्ष शिकायत की। इस मामले में, कानूनी तौर पर मान्य सबूतों के आधार पर, ऐसा कोई भी निष्कर्ष दर्ज नहीं किया गया है। इसके अलावा, 2016 के एक्ट, उसके तहत बनाए गए नियमों, और विकलांगता सर्टिफ़िकेट को निष्क्रिय या रद्द करने के लिए तय की गई 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिग प्रोसीजर' का पालन नहीं किया गया है। इस तय ढांचे के अनुसार, विकलांगता सर्टिफ़िकेट की प्रामाणिकता (असलीयत) के बारे में किसी भी संदेह की जांच, सर्टिफ़िकेट जारी करने वाले अधिकारी या विधिवत गठित 'मेडिकल बोर्ड' द्वारा एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत की जानी चाहिए; जिसमें निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुनवाई का अवसर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रारंभ की गई कार्रवाई के आदेश को रद्द किया है।

याचिकाकर्ता ने गलत दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर नौकरी की

शिकायत में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने गलत दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी हासिल किया है। कलेक्टर महासमुंद ने शिकायत को जांच के लिए एसडीओ राजस्व सरायपाली को निर्देश दिया। जांच के बाद याचिकाकर्ता के खिलाफ 27 जनवरी 2018 को रेवेन्यू केस रजिस्टर किया गया, पार्टियों को नोटिस जारी किए गए, जवाब व मेडिकल जांच के आधार पर डॉक्यूमेंट्स के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया और याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई। इसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। याचिका में जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक प्रकरण चलाने के आदेश को रद्द किया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा मामले में यह साफ़ है कि जवाब देने वाले अधिकारी ने 2010 में जारी किए गए एक सर्टिफ़िकेट को अमान्य ठहराने के लिए, 2018 में किए गए बाद के मेडिकल टेस्ट पर ज़रूरत से ज़्यादा भरोसा किया है। यह तरीका बुनियादी तौर पर गलत है, क्योंकि विकलांगता कोई स्थिर स्थिति नहीं है और समय के साथ इसमें बदलाव आ सकता है। किसी खास समय पर सही तरीके से जारी किए गए सर्टिफ़िकेट को, सिर्फ़ बाद के मेडिकल आकलन के आधार पर पिछली तारीख से अमान्य नहीं ठहराया जा सकता; जब तक कि कोई सक्षम अधिकारी यह पक्के तौर पर साबित न कर दे कि मूल सर्टिफ़िकेशन प्रक्रिया में ही धोखाधड़ी या गलतबयानी हुई थी।

किसी भी प्राधिकारी को कानून की सीमाओं के भीतर ही कार्य करना चाहिए: हाईकोर्ट

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के आदेश पर व्यस्क, मानसिक रूप से स्वस्थ युवती को नारी निकेतन में रखे जाने के खिलाफ पेश याचिका में कहा है कि वैधानिक शक्तियों का प्रयोग करने वाले किसी भी प्राधिकारी को कानून की सीमाओं के भीतर ही सख्ती से कार्य करना चाहिए, और वह किसी भी वयस्क व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को, कानून द्वारा स्थापित उचित प्रक्रिया के अनुसार ही, सीमित कर सकता है; अन्यथा नहीं। इसके साथ कोर्ट ने याचिका को निराकृत किया है। धमतरी जिला निवासी महिला ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर से एक युवती के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि युवती का उसके पति के साथ अवैध संबंध है। आयोग ने दोनों पक्षों को बुलाया एवं चर्चा उपरांत 12 मार्च 2026 को युवती को नारी निकेतन रायपुर में रखने का आदेश दिया। आयोग के निर्देश पर युवती को ऑब्जर्वेशन होम रायपुर भेजा गया। इस मामले में युवती की मां ने हाईकोर्ट में बंदीप्रत्यक्षीकरण याचिका पेश की। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता रायपुर में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला है और उसकी बेटी जो बालिग और मानसिक रूप से स्वस्थ महिला है, उसके साथ रहती है। शिकायतकर्ता महिला ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के समक्ष एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने अपने पति और याचिकाकर्ता की बेटी के बीच अवैध संबंध होने का आरोप लगाया। उक्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, आयोग ने संबंधित व्यक्तियों को तलब किया और उसके बाद 12 मार्च 2026 को एक आदेश पारित किया, जिसमें निर्देश दिया गया कि याचिकाकर्ता की बेटी को रायपुर स्थित नारी निकेतन केंद्र के ऑब्ज़र्वेशन होम में रखा जाए। याचिकाकर्ता का आगे यह भी कहना है कि इस तथ्य के बावजूद कि उसकी बेटी के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है और किसी भी सक्षम न्यायालय ने कोई हिरासत आदेश पारित नहीं किया है, उसे कानून के किसी भी अधिकार के बिना ऑब्ज़र्वेशन होम में रखा गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अधिनियम, 1995 के नियमों के तहत किसी बालिग महिला को नारी निकेतन में हिरासत में रखने का कोई अधिकार नहीं है।

असम में एनडीए की लहर: चुनाव प्रचार में केंद्रीय मंत्री तोखन ने झोंकी ताकत

बिलासपुर/नवप्रदेश। असम विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एनडीए के पक्ष में माहौल बनाने के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू इन दिनों असम के सिदली-चिरांग क्षेत्र में दिन-रात एक कर रहे हैं। क्षेत्र में उनके सघन दौरों और जनसंवाद ने चुनावी मुकाबले को पूरी तरह एनडीए के पक्ष में मोड़ दिया है।

सिदली-चिरांग विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी पनिराम ब्रह्मा की जीत सुनिश्चित करने के लिए श्री साहू लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं। कोसु गांव, फकरीगुड़ी, बेलटुली और ककरा जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी मौजूदगी और स्थानीय भाषा व संवेदनाओं के साथ जुड़ाव ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया है। जनसंपर्क के दौरान तोखन साहू ने जोर देकर कहा कि असम में एनडीए की डबल इंजन सरकार ने शांति, सुरक्षा और समृद्धि का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि 'ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रहा अपार जनसमर्थन यह बताता है कि असम की जनता ने विकास विरोधी ताकतों को नकार कर सुशासन को चुनने का मन बना लिया है। हम हर घर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। श्री साहू का चुनावी अभियान सुबह तड़के से शुरू होकर देर रात तक जारी है, जिसमें वे न केवल बड़ी जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं, बल्कि चौपालों और पदयात्राओं के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को भी सुन रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि श्री साहू की यह सक्रियता बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद से जुड़े इन इलाकों में एनडीए की पकड़ को और मजबूत कर रही है।

नई संजीवनी एक्सप्रेस 108 एम्बुलेंस का शुभारंभ गुरूर क्षेत्र को मिली बड़ी स्वास्थ्य सुविधा

गुरूर/नवप्रदेश। कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर, जिला बालोद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदाय की गई बेसिक लाइफसपोर्ट (बीएलएस) सुविधा युक्त नई संजीवनी एक्सप्रेस 108 एम्बुलेंस का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया।

यह नई एम्बुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी के लिए उपलब्ध कराई गई है। इसके संचालन से क्षेत्रवासियों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। यह सुविधा निश्चित रूप से मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की सभापति संध्या अजेन्द्र साहू सहित अन्य जनपद सदस्य एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों में तानसिंह देहारी, दिनेश्वरी फगुराम सिन्हा, गणेश्वरी खरेन्द्र, अजीत कुंजाम, कौशिल्या भोजराम चन्द्रवंशी, हरिकृष्ण गंजीर, झालेन्द्र कुमार साहू, लता लक्ष्मीचंद साहू, संतोषी साहू, आशीष साहू, प्रमिला रामस्वरूप साहू सहित अन्य शामिल रहे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक योगेश साहू, विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी के.आर. उर्वशा, नेत्र सहायक अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, संगणक नरेश सिन्हा, सहायक ग्रेड-03 विवेक देवांगन, रोशन कुमार सुधाकर, कामिन यादव, माखन लाल साहू, लक्ष्मीकांत साहू, 108 वाहन के पायलट एवं ईएमटी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

मां कर्मा जयंती महोत्सव में समाज के प्रतिभाओं का सम्मान

भव्य रूप से निकाली गई कलश यात्रा

गुरूर/नवप्रदेश। शनिवार को साहू सदन गुरुर मे तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल से सामाजिक महिलाओं के द्वारा पारंपरिक परिधान में जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई, जो नेशनल हाईवे 930 से होते हुए, बस स्टैंड, धनेली चौक के बाद देउर मंदिर पहुंची, जहां सामाजिक पदाधिकारियो द्वारा पूजा अर्चना कर ग्राम कोलिहामार की गलियों में भ्रमण करते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। तत्पश्चात सामाजिक पदाधिकारी एवं अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि समाज की सबसे मजबूत नींव बालोद की गुरूर में रखी गई है। समाज के हित में चिंतन करने वाला बालोद जिला का प्रदेश में अहम भूमिका है। वर्तमान में समाज में कई प्रकार की विकृति आ चुकी है, जिसे दूर करना है। यदि अभी से समाज संगठित नही होगा तो आने वाली पीढ़ी को परेशानी होगी। सुरक्षा, संगठन की दृष्टि से तथा समाज की विकृति को दूर करने के लिए सभी को चिंतन करने की जरूरत है। हर घर में तथा हर दिन मां कर्मा की पूजा अर्चना होनी चाहिए। बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर, संस्कारवान बनाना है। तेलघानी विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज की उत्थान, समाज का विकास तथा रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश की साय सरकार द्वारा लगातार चिंतन किया जा रहा है। पहले घर, परिवार तथा समाज में समानता था, लेकिन अब वर्तमान में कहीं न कहीं सामाजिक विकृति के कारण असमानता भी नजर आती है। उन्होंने कहा कि जो भी सामाजिक बंधु तेलघानी मशीन लगाएगा उसे सरकार की तरफसे 35 हजार की सब्सिडी दी जाएगी। तेल की खरीदी भी सरकार करेगी। सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाये संचालित की जा रही है लेकिन योजना का लाभ लेने के लिए योजना की जानकारी लेना भी जरूरी है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ कोषाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि आज साहू समाज की रीति व नीति के चलते अन्य समाज भी अनुसरण कर रहा है। जिस तरह आदर्श विवाह संपन्न कराकर समाज ने अपनी पहचान बनाई है उसी तरह आने वाले दिनों में शराबबंदी की ओर बढ़ते कदम से प्रदेश में साहू समाज अपनी पहचान बनायेगी। तहसील साहू संघ गुरुर के अध्यक्ष मिथलेश साहू ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 12 परिक्षेत्र में मां कर्मा जयंती मनाने के बाद आज तहसील स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। यह एक उत्सव ही नहीं बल्कि सामाज के हित में चर्चा तथा समाज की रीति नीति पर चिंतन मनन का भी दिन है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण साहू समाज भानपुरी द्वारा रक्तदान करने पर 200 रुपए तथा किसी व्यक्ति का निधन होने पर पीड़ित परिवार को 1 हजार संदेवना राशि देने की सकारात्मक पहल कर समाज में मिशाल पेश की है।

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग)

क्रमांक / 74 / न.पा.नि./ लो.नि.वि./2025-26 बीरगांव, दिनांक 02/04/2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव में वार्ड क्र. 20 से 27 में सी.सी. रोड, नाली, कल्वर्ट, भवन, शासकीय स्कूलों तथा शौचालयों का मरम्मत एवं संधारण कार्य हेतु मरम्मत संधारण मद अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "ए" में छत्तीसगढ़ के पी.डब्लू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर. 01.01.2025 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर 2020 (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु (आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.04.2026 एवं निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 24.04.2026) तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित है।

उपरोक्त कार्यो की अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्ते, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड/प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने रायपुर रेल मंडल की उपलब्धियों को मीडिया के साथ किया साझा

रायपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में रचा इतिहास

■ रायपुर मंडल में आधारभूत संरचना, माल लदान, यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधाओं पर दिया विशेष ध्यान

रायपुर/नवप्रदेश। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रायपुर रेल मंडल के वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। मंडल ने इस वर्ष आधारभूत संरचना विकास, माल लदान, यात्री सुविधाओं और राजस्व वृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। रायपुर रेल मंडल ने यात्री सुविधाओं के विकास का बेहतर क्रियान्वयन तथा प्रमुख स्टेशनों में नई-नई यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने रायपुर रेल मंडल में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे के साथ ही साथ रायपुर मंडल में आधारभूत संरचना, माल लदान, यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान नई लाइनों का निर्माण, चौथी लाइन कार्य में प्रगति, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में प्रगति हुई है। यात्री सुविधाओं के विकास का बेहतर क्रियान्वयन तथा प्रमुख स्टेशनों में नई-नई यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई। माल लदान के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।

रायपुर मंडल का शून्य ट्रेन दुर्घटना वर्ष

■ आर यू बी (रोड अंडर ब्रिज) के निर्माण के माध्यम से लेवल क्रॉसिंग से निजात सड़क सुरक्षा में सुधार और यातायात जाम को कम करने के लिए, रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण के बाद लेवल क्रॉसिंग को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है:
(1) लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 387 (दावनबोड) निपानिया भाटापारा खंड।
(2) लेवल क्रॉसिंग नंबर 393 (केसदा) हथबंद तिल्दा नेवरा सेक्शन।
(3) लेवल क्रॉसिंग नंबर. डीडी-5 (बोरसी गेट) दुर्ग - मरौदा सेक्शन।
(4) लेवल क्रॉसिंग नंबर डीडी-40 (जुनवानी गेट) सिकोसा यात्री हॉल्ट के पास।
(5) लेवल क्रॉसिंग नंबर 413 (टेकरी गेट) मांढर-उरकुरा सेक्शन.
(6) लेवल क्रॉसिंग नंबर नंबर 378 (निपानिया गेट) निपानिया यार्ड
(7) लेवल क्रॉसिंग नंबर नंबर 404 (जलसो गेट) बैकुंठ-सिल्यारी
(8) लेवल क्रॉसिंग नंबर नंबर 403 (जलसो किरना) बैकुंठ-सिल्यारी

■ महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में हथबंद एवं बैकुंठ स्टेशनों के मध्य 17.24 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन बिछाने के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड की मंजूरी प्राप्त हो गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 274 करोड़ है ।

■ बैकुंठ-उरकुरा खंड (26.40 किमी) के बीच चौथी रेल लाइन के निर्माण को रेल मंत्रालय से स्वीकृति प्रदान की गई है । इस महत्वपूर्ण क्षमता संवर्धन परियोजना की अनुमानित लागत 426.01 करोड़ है।

रायपुर रेल मंडल की प्रमुख उपलब्धियां

■ रायपुर मंडल ने राजस्व, संरक्षा, तकनीकी नवाचार एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेल में एक आदर्श मंडल के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है।

■ वित्तीय वर्ष 2025 -26 में 03.87 प्रतिशत (लगभग 04 प्रतिशत) की वृद्धि हासिल की है और 46.44 मिलियन टन लदान कर 4983 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में रायपुर मंडल को 46.33 मिलियन टन लदान का लक्ष्य दिया गया था।

■ रायपुर मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2024 -25 में 44.73 मिलियन टन लदान कर 4818 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया था ।

■ इस उपलब्धि के पीछे आधुनिक लोडिंग अवसंरचना, ग्राहक-केंद्रित नीतियाँ, डिजिटल पहल तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । रायपुर रेल मंडल द्वारा कोयला, स्टील प्लांट के लिए रॉ-मटेरियल, पिग आईरन, फिनिश्ड स्टील, आयरन ओर, सीमेंट, फूड ग्रेन फर्टिलाइजर, इत्यादि का माल लदान किया है।

■ रायपुर मंडल नए अवसर बनाने में सफल रहा है। साथ ही रायपुर मंडल भारतीय रेल के प्रमुख शीर्ष मंडलों में 9 वें स्थान पर रहा हैं।

■ वित्तीय वर्ष 2025 -26 अवधि के दौरान रायपुर मंडल ने माल यातायात के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखा है। त्योहारों, छुट्टियों एवं विशेष अवसरों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को अधिकाधिक आरक्षित बर्थ एवं सीट उपलब्ध कराने हेतु 195 ट्रिप के लिए 19 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का सफलतापूर्वक परिचालन के साथ एवं 12 भारत गौरव ट्रेनों का भी परिचालन किया है। एवं विभिन्न श्रेणी के 60 अतिरिक्त कोच को ट्रेनों में जोड़ा गया है।

नई ट्रेनों की शुरुआत

■ रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस (03.08.2025)

■ राजिम-रायपुर सेवा (18.09.2025)

■ अभनपुर-राजिम ब्रॉड गेज लाइन पर यात्री एवं माल संचालन प्रारंभ

■ रायपुर रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग दल्लीराजहरा सेक्शन में 8 स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई को लगभग 10.78 करोड़ रुपए की लागत से बढ़ाया जा रहा है, ताकि 12 कोच की मेमू ट्रेन भी खड़ी हो सकेगी। इसमें स्टेशन मरौदा, पउवारा, रिसामा, गुंडरदेही, सिकोसा, लाटाबोर, भैंसबोर्ड, सलाईटोला शामिल हैं ।

■ यात्री ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ाने हेतु यात्रियों की सुविधा के लिए बालोद स्टेशन, दल्लीराजहरा भानुप्रतापपुर, गुदुम स्टेशनों पर दूसरा प्लेटफार्म बनाने की योजना भी स्वीकृत हो चुकी है। दूसरे प्लेटफार्म के साथ-साथ इन स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज रैंप के साथ बनाए जाने का प्रावधान है। जिनकी संयुक्त लागत लगभग 30 करोड़ के आसपास है।

■ कुसुमकसा स्टेशन पर 12 कोच वाली डीईएमयू को समायोजित करने के लिए प्लेटफार्म का विस्तार, 12 कोच वाली डीईएमयू के लिए यात्री सुविधाओं में सुधार, स्टेशनों के लिए फर्नीचर और 3 मीटर चौड़े एफओबी के साथ द्वितीय यात्री प्लेटफार्म का प्रावधान और यात्री सुविधाएं और फर्नीचर। लगभग 8 करोड़ की लागत से किया जाना है।

■ रायपुर स्टेशन पर 04 एस्केलेटर स्थापित किये गए है नया फुट ओवर ब्रिज बनाया जाना हैं।

■ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली लगभग 52 ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर स्थाई ठहराव दिया गया है इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल के बिल्हा रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर नागपुर इंटरसिटी, सारनाथ, शालीमार एवं शिवनाथ एक्सप्रेस को ठहराव दिया गया है। हथबंद स्टेशन में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है, देवबलोदा चरौदा में एलटीटी शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है।

■ यात्री यातायात, माल ढुलाई, विविध आय, गैर-किराया राजस्व, पार्किंग आय, खानपान से होने वाली आय सभी में बढोत्तरी हासिल की है ।

■ **यात्री यातायात एवं राजस्व:** 26.6 मिलियन यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुचाया यात्री यातायात से 631.35करोड़ राजस्व प्राप्त किया, वाणिज्य विभाग ने यात्री यातायात में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यात्रियों की 7.30% वृद्धि दर्ज की है । इसी प्रकार, यात्री राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 3.85% की वृद्धि हुई है।

■ **विविध आय:** वाणिज्य विभाग ने कुल विविध आय 25.18 करोड़ अर्जित की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18.27% अधिक है।

■ गैर-किराया राजस्व आय 17.10 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 12.35% की वृद्धि दर्शाती है।

■ खानपान से होने वाली आय 03.22 करोड़ रुपये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 75% की वृद्धि दर्शाती है।

■ वित्तीय वर्ष 2025-26 में रायपुर मंडल ने टिकट चेकिंग के 01 लाख 97 हजार 873 केस दर्ज किये जिनसे 11.13 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।

■ पार्किंग आय ?3.44 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.84% अधिक है। रायपुर विभाग ने इस वित्तीय वर्ष के लिए अपने पार्किंग आय लक्ष्य को एक बार फिर पार कर लिया है।

■ वित्तीय वर्ष 2025-26 में रायपुर मंडल ने पार्सल से 7.44 करोड़ रुपये आय अर्जित की है जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.06% की वृद्धि दर्शाती है।

■ वित्तीय वर्ष 2025-26 में रायपुर मंडल के वाणिज्य विभाग ने 5663.65 करोड़ रुपये कुल आय अर्जित की है पिछले वित्तीय वर्ष 2024 -25 में 5463.23 करोड़ रुपये कुल आय अर्जित की थी। जो पिछले वर्ष की तुलना में 03.67% अधिक है।

■ **रेल मदद:** रायपुर रेल मंडल में यात्रियों की शिकायत निवारण एवं अन्य सहायता हेतु रेल मदद के माध्यम से 17943 लोगों ने सहायता मांगी जिसमें बेडरोल, कोच क्लीनिंग, कोच मेंटेनेंस, दिव्यांग फैसिलिटी, इलेक्ट्रिक इक्विपमेंट, महिलाओं के लिए सहायता, चिकित्सा सहायता, यात्री सुविधाओं, टिकट रिफंड, पानी की उपलब्धता जैसे सवाल सम्मिलित रहे।

■ वाणिज्य विभाग से यात्रियों ने यात्रा सहायतार्थ 3845 केस प्राप्त हुए। पिछले वित्तीय वर्ष में 3931 केस प्राप्त हुए थे वाणिज्य विभाग से सम्बंधित रेल मदद में 2.19 प्रतिशत की कमी हुई है जो यात्रियों के संतोष का प्रतिक है।

■ सहायता के लिए 1386 केस, जिसमें 32 प्रतिशत वृद्धी हुई।

■ त्वरित समय में उचित निदान मिलने पर यात्रियों से एक्सीलेंट रेटिंग 1373 पर प्राप्त हुई, जिसमे 27.60 प्रतिशत वृद्धी हुई।

■ सेटिस्फेक्ट्री रेटिंग 318 केस में प्राप्त हुई जिसमे 14.18 प्रतिशत वृद्धी हुई।

■ रेलवे, सूचना और प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव, चयनित रेलवे कर्मचारियों को 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को रेल मदद शील्ड प्राप्त होने हुई थी। विशेष तौर पर रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी द्वारा स्वयं रेल मदद की मॉनिटरिंग एवं उनके नेतृत्व में वाणिज्य कंट्रोल विभाग की सक्रिय टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई।

■ रायपुर डिवीजन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 -26 अवधि के दौरान यात्री सुविधाओ में बढोत्तरी कुल 68 अनुबंध सफलतापूर्वक दिए गए, जिनमें से 23 नए अनुबंध हैं - जो सक्रिय व्यावसायिक जुड़ाव और प्रभावी राजस्व अनुकूलन को दर्शाते हैं।

■ प्लान हेड 53 के तहत यात्री सविधाओ के 26 नए कार्य स्वीकृत कराये गए है।

■ नॉन-एसी स्लीपर कोचों में सैनिटाइज्ड बेड रोल की आपूर्ति - स्लीपर श्रेणी के यात्रियों के लिए स्वच्छता और बेहतर यात्रा आराम सुनिश्चित करने वाली एक यात्री-केंद्रित पहल का अनुबंध किया गया है। संपर्क क्रांति एवं अमरकंटक से शरुआत की जायेगी।

■ आरएसडी गोदाम का पट्टा - रनिंग शेड (आरएसडी) गोदाम को पट्टे पर देकर रेलवे संपत्तियों का उत्पादक उपयोग, जिससे गैर-किराया राजस्व में योगदान मिला ।

■ बाइक और अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएं: दोपहिया व अन्य पार्सलों के लिए पैकिंग सेवाओं की शुरुआत, ग्राहकों के लिए मूल्यवर्धन और अतिरिक्त व्यावसायिक राजस्व सृजन।

■ हेल्थ बेस लाउंज - स्टेशन सुविधाओं और समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विकसित यात्री कल्याण सुविधा।

■ वंदे भारत ट्रेन में विज्ञापन - वंदे भारत ट्रेन में व्यावसायिक विज्ञापन स्थान का सफलतापूर्वक उपयोग, जिससे ट्रेन में प्रीमियम राजस्व का स्रोत जुड़ा।

न्यूज गैलरी

नक्सलवाद समाप्त: विस्थापित परिवारों के लिए नई पुनर्वास नीति: अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब उनके लिए पुनर्वास का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद समाप्त होने के बाद अब सुदुर अंचल में

जो लोग तेलंगाना, आंध्रप्रदेश की ओर चले गये थे अब उनकी वापसी के लिए पुनर्वास कार्यक्रम बनाया जा रहा है। प्रदेश में इस समय बस्तर जैसे क्षेत्र में अभी तक हजारों की संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है वहीं टॉप लीडर पापा राव सहित टॉप लीडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं हिड़मा जैसा कुख्यात अपराधी नक्सली मारा गया है। अरूण साव ने कहा कि अब नक्सलमुक्त बस्तर में स्थापित परिवारों का पुनर्वास किया जाए। उनके रहने, खाने एवं रोजगार की व्यवस्था के लिए एक कार्यक्रम बनाया जा रहा है। प्रदेश के गृहमंत्री ने कहा कि राज्य में अब प्रशस्त्र नक्सल खत्म हो गए हैं अब विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। केन्द्र सरकार के निर्देश पर यह कार्यक्रम चलाया गया जो कि सफल रहा। अब यहां पर हमें लोगों के विस्थापन की व्यवस्था करनी है। ज्ञात रहे कि भारत के गृहमंत्री अमित शाह ने 21 मार्च तक देश को नक्सलमुक्त करने का अभियान छेड़ा था जिसमें सशस्त बलों ने कई नक्सलियों को मार गिराया तथा टॉप लीडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया है, इससे बस्तर जैसे क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

बैंक सखी बन संज्योति चौहान ने बनाई आत्मनिर्भरता की मिसाल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में बिहान योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। स्व सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आजीविका के नए अवसर विकसित कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड के ग्राम टांगरगाँव की श्रीमती संज्योति चौहान ने बैंक सखी के रूप में कार्य कर आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की है। वे चांदनी स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिली। श्रीमती चौहान वर्ष 2019 से ग्रामीण बैंक से संबद्ध बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। वे किराना दुकान के साथ-साथ बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान कर रही हैं। उनके द्वारा प्रतिमाह लगभग 8 से 9 लाख रुपये तक का लेन-देन किया जाता है, जिससे उन्हें औसतन 3 से 4 हजार रुपये की आय प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त वे डिजिटल भुगतान, बीमा एवं अन्य वित्तीय सेवाओं के माध्यम से ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने बताया कि बैंक सखी के रूप में कार्य प्रारंभ करने के लिए उन्होंने स्व सहायता समूह के माध्यम से 68 हजार रुपये का ऋण लिया, जिससे उन्हें यह कार्य शुरू करने में सहायता मिली।

रात के सन्नाटे को चीरता तेज डीजे, मौके पर ही जब्त हुआ पूरा साउंड सिस्टम

रायपुर/नवप्रदेश। रात की तय सीमा पार होते ही जब भाठागांव की गलियों में मालवाहक वाहन पर गूंजता तेज़ डीजे लोगों की नींद और शांति को तोड़ रहा था, तभी सिटी कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ एक्शन लेते हुए मौके पर पहुंचकर पूरे सिस्टम को जब्त कर दिया और संचालक के खिलाफसीधी कानूनी कार्रवाई कर दी। मामला 03 अप्रैल 2026 की देर रात का है, जब पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन क्रमांक छ्त्त13 रू8096 में बेहद तेज आवाज में डीजे और धूमाल बजाया जा रहा है, जिससे इलाके में कोलाहल की स्थिति बन गई है, सूचना मिलते ही थाना सिटी कोतवाली की टीम बिना देर किए मौके पर पहुंची और मौके का जायजा लेते ही पाया कि नियमों की खुली अवहेलना हो रही है।

सीएम विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनने का किया दावा

पश्चिम बंगाल में चार सीटों पर नामांकन में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल के एक जिले की चार विधानसभा सीटों पर नामांकन के लिए रवाना होने से पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा, पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी, एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। इसी भरोसे के दम पर उन्होंने पश्चिम बंगाल में भी इस बार एनडीए सरकार बनने का दावा किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, पश्चिम बंगाल के एक जिले की चार विधानसभा सीटों पर नामांकन भरवाने जा रहे पार्टी कार्यकर्ता और नेता पूरी तरह

आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। उनके मुताबिक, जमीनी स्तर पर भाजपा के पक्ष में माहौल बन चुका है और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि बंगाल की राजनीति में भाजपा अब केवल चुनौती देने वाली पार्टी नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्र तक पहुंचने वाली ताकत बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उनके इस बयान को भाजपा की चुनावी रणनीति और आत्मविश्वास का बड़ा संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, बंगाल में भाजपा लगातार अपने संगठन को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बढ़ाने में जुटी हुई है। ऐसे में मुख्यमंत्री का यह बयान चुनावी माहौल को और गर्म करने वाला माना जा रहा है।

मोदी के नेतृत्व पर जनता का बढ़ता भरोसा

साय ने अपने बयान में कहा कि देश की जनता का विश्वास भाजपा, एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेड्डतृत्व पर लगातार मजबूत हुआ है। केंद्र सरकार की योजनाओं, विकास मॉडल और मजबूत नेतृत्व का असर अब राज्यों की राजनीति में भी साफदिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि यही भरोसा पश्चिम बंगाल में भी भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन में बदल रहा है, जिसका असर आने वाले चुनावी नतीजों में दिखेगा।

5वीं अखिल भारतीय वालीबाल स्पर्धा में शामिल हुईं मेयर चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 अंतर्गत माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के क्षेत्र महादेवघाट में आज दिनांक 3 अप्रैल से 5 अप्रैल 2026 तक रायपुरा महादेवघाट में आयोजित की जा रही 5वीं अखिल भारतीय वालीबाल स्पर्धा में खिलाडियों को प्रोत्साहित करने पहुंची। महापौर मीनल चौबे ने 5वीं अखिल भारतीय वालीबाल स्पर्धा के आयोजक हटकेश्वर वालीबाल संघ और मास्टर एसोसिएशन के सैयद अनवर अली और मैक्सीन सहित अन्य पदाधिकारियों, खिलाडियों, खेलप्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति में मैदान में पहुंचकर दोनों महिला टीमों की खिलाडियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें अच्छा खेल प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनायें देते हुए आयोजन समिति पदाधिकारियों को 5वीं अखिल भारतीय वालीबाल स्पर्धा के आयोजन हेतु सराहा और आयोजन के सफल होने हार्दिक मंगलकामनायें कीं. आयोजकों ने मंच पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे का आत्मीय स्वागत किया, महापौर ने वालीबाल की परम्परागत खेल स्पर्धा का राष्ट्र स्तरीय आयोजन रायपुर में करने हेतु आयोजन समिति के पदाधिकारियों को सराहा।

कैरम युगल में किशन व त्रिलोचन की जोड़ी चैंपियन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 के तहत आयोजित स्व. रमेश नैयर स्मृति कैरम युगल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। फाइनल में किशन लोखंडे व त्रिलोचन मानिकपुरी की जोड़ी ने मो. अमीन व हिमांशु शर्मा को 34-10 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। छह दिन तक चली कैरम प्रतियोगिता के अंतिम दिन युगल का फाइनल मैच किशन लोखंडे व त्रिलोचन मानिकपुरी और मो. अमीन व हिमांशु शर्मा के बीच खेला गया। 10 राउंड तक

चले मुकाबले में शुरू से ही किशन व त्रिलोचन की जोड़ी ने अंतिम समय तक बढ़त बनाए रखी। किशन व त्रिलोचन ने लगातार पहला व दूसरा राउंड जीतकर स्कोर 14-0 किया। तीसरे राउंड में अमीन व हिमांशु ने जीत हासिल कर स्कोर 14-2 किया। चौथे राउंड में किशन व त्रिलोचन ने जीत हासिल कर 24-2 की बढ़त बनाई। इसके बाद अमीन-हिमांशु की जोड़ी ने पांचवां राउंड जीतकर स्कोर 24-8 किया, लेकिन छठे राउंड में किशन- त्रिलोचन ने शानदार प्रदर्शन कर स्कोर 25-8 किया। अमीन-हिमांशु ने सातवां राउंड जीतकर स्कोर 25-10 पहुंचा दिया। इसके बाद किशन-त्रिलोचन ने लगातार तीन राउंड जीतकर फाइनल मैच 29-10 से अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान किशन-त्रिलोचन ने कई बेहतरीन स्ट्रोक लगाए।

भटगांव विधानसभा में मंत्री राजवाड़े ने किया 13.22 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ओड़गी और भैयाथान विकासखंड में 13.22 करोड़ रूपये से अधिक लागत के तीन अहम विकास कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। मंत्री राजवाड़े ने

विकासखंड ओड़गी के ग्राम हरिहरपुर में कागज नाला पर 419.37 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। राजवाड़े ने भैयाथान विकासखंड के ग्राम सांवरावा में 136.23 लाख रूपये की लागत से जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया । उन्होंने प्रतापपुर-भैयाथान मुख्य मार्ग से परसापारा तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 766.37 लाख रूपये है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के बाद सामुदायिक पावर हाउस के रूप में जाने जाएंगे सिद्दी

सिद्दी समुदाय के पहलवानों ने जीते तीन स्वर्ण और एक रजत पदक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिभा को किसी परिचय की जरूरत नहीं होती'- यह कहावत 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' में सच साबित हुई, जहां कर्नाटक के 'सिद्दी समुदाय' के पहलवानों ने मैट पर अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी है। उनकी यह सफलता अब सिर्फ़ पदकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समुदाय के कुश्ती के क्षेत्र में एक ताकत के तौर पर उभरने का प्रतीक है। अफ़्रीकी मूल के भारत में लगभग 50,000 सिद्दी लोग रहते हैं, जिनमें से एक-तिहाई कर्नाटक में निवास करते हैं। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 में कर्नाटक के 9

पहलवानों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 4 सिद्दी समुदाय से थे। इन चार पहलवानों में से तीन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि एक को रजत पदक मिला। स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवानों में मनीषा जुआवा सिद्दी (76 किग्रा), रोहन एम डोड़ामणि (ग्रीको रोमन 60 किग्रा) और प्रिंसिता पेदरू फर्नांडिस सिद्दी (68 किग्रा) शामिल हैं जबकि शालिना सेयर सिद्दी (57 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन पहलवानों की सफलता न सिर्फ उनके संघर्ष और मेहनत की कहानी कहती है, बल्कि कुश्ती जैसे खेलो में सिद्दी समुदाय के बढ़ते वर्चस्व को भी दिखाता है। कर्नाटक के इन चारों पहलवानों का दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रायल हुआ था और वहां भी ये पहले नंबर पर रहे थे। सिद्दी समुदाय के प्रदर्शन से कर्नाटक कुश्ती टीम की कोच ममता बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। ममता ने कहा, ''जैसे हमारे देश में कुश्ती में हरियाणा का दबदबा है तो ठीक वैसे ही हमारे राज्य में अहलियाल क्षेत्र का कुश्ती में वर्चस्व रहता है। राज्य में डिपार्टमेंट ऑफ यूथ एंड डेवलपमेंट एंड सेंटर मुख्य रूप से इन्हीं सिद्दी समुदाय के लिए है। इनके बच्चे यहीं पर ट्रेनिंग करते हैं। पिछले कुछ समय से इस समुदाय के लोगों के अंदर कुश्ती का क्रेज बढ़ा है और वे अब अपने बच्चों को कुश्ती में भेजने लगे हैं। उत्तरी कर्नाटक के धारवाड़ जिले से आने वाले पुरुष पहलवान रोहन एम. डोड़ामणि भी इसी समुदाय से आते हैं। डोड़ामणि की मां सरकारी स्कूल में खाना पकाती हैं जबकि पिता का छह साल पहले ही देहांत हो चुका है। रोहन ने कहा, सिद्दी समुदाय के अंदर समय-समय पर छोटे दंगल होते रहते हैं और जो इनमें जीतता है, उन्हें ज्यादा से ज्यादा पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाता है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 में स्वर्ण जीतने से पहले मैं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, नेशनल गेम्स और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी भाग ले चुका हूं। देश में खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा की पहचान करने और उन्हें एक बेहतर मंच देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय ने मिलकर 2018 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरुआत की थी।

मौसम का बदला मिजाज, कल ओलावृष्टि की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है। पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि यह गिरावट राहत लेकर आई है, लेकिन मौसम विभाग ने आने वाले 5 दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार, प्रदेश के ऊपर एक द्रोणिका और चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है, जिसके कारण मौसम में यह बदलाव आया है।

स्टेट ऑफ होर्मुज से निकला एक और जहाज 'ग्रीन सान्वी'

भारत के लिए अच्छी खबर है। एलपीजी लदा एक और गैस टैंकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार कर गया है। भारतीय ध्वज वाले इस गैस टैंकर का नाम 'ग्रीन सान्वी' है और इस पर 46,550 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस यानी एलपीजी लदा है। ईरान ने जिन देशों के ईंधन टैंकरों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी है उसमें भारत भी शामिल है। इसे भारत की कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। इस टैंकर के आने से देश में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति और गति पकड़ेगी।

इससे पहले 28 मार्च को एलपीजी लेकर एक और जहाज गुजरात के जामनगर पहुंचा। इस जहाज पर 47,000 मीट्रिक टन एलपीजी लदा था। समाचार एजेंसी एएनआई का कहना है कि ईंधन लेकर आ रहे जहाजों को सुरक्षा देने के लिए भारतीय नौसेना स्टैंड बॉय मोड में है। भारतीय ईंधन टैकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित निकलें इसके लिए भारत सरकार ईरान के साथ लगातार बातचीत करती आ रही है। इससे पहले जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि फारस की खाड़ी में 18 जहाज और करीब 485 नाविक हैं। पश्चिम एशिया में मौजूदा परिस्थितियों के कारण तेल आपूर्ति में बाधा और टैंकरों को रोके जाने की स्थिति के बीच उनकी ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना देश के लिए विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'समुद्र में कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हमारी नौसेना लगातार सक्रिय उपस्थिति बनाए रखती है ताकि वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे।

देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा आपूर्ति समेत देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है और ऐसे में उभरते समुद्री खतरों के बीच वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां आईएनएस तारागिरी के जलावतरण समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखती है, चाहे वह फारस की खाड़ी हो या मलक्का जलसंधि।

न्यूज गैलरी

'जब अन्याय कानून बन जाए, तो विरोध आखिरी रास्ता'

कोलकाता(वार्ता)। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा को लेकर सियासत तेज हो गई है। माकपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद सलीम ने इस घटना का बचाव करते हुए कहा कि जब अन्याय कानून बन जाता है, तो विरोध ही एकमात्र रास्ता बचता है। सलीम ने कहा कि यह घटना केंद्र और राज्य सरकार की विफलताओं का परिणाम है, खासकर मतदाता सूची से नाम हटाने के विवाद को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। उनके मुताबिक, जब लोगों के नागरिक और वोटिंग अधिकार प्रभावित होते हैं, तो ऐसे आंदोलन स्वाभाविक हो जाते हैं। मालदा के मोथाबाड़ी इलाके में बुधवार को हालात उस समय बिगड़ गए जब प्रदर्शनकारी भीड़ ने सड़क जाम, तोड़फोड़ और पुलिस पर हमला किया। इस दौरान सात न्यायिक अधिकारियों को बीडीओ कार्यालय में बंधक बना लिया गया, जबकि एक अधिकारी को वाहन में करीब नौ घंटे तक रोके रखा गया। इस मामले में अब तक 35 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच की जिम्मेदारी सीआईडी के साथ-साथ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) को भी सौंपी गई है, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सक्रिय हुई है। सलीम ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक तंत्र और चुनाव आयोग जनता को न्याय देने में विफल रहे हैं।

'पति-पत्नी के झगड़े से नहीं बनता आत्महत्या का मामला'

मुंबई(वार्ता)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि सिर्फ वैवाहिक विवाद के आधार पर किसी जीवनसाथी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। अदालत ने कहा कि घरेलू जीवन में मतभेद और तनाव सामान्य बात है और इसे सीधे तौर पर आत्महत्या से जोड़ना उचित नहीं है। नागपुर बेंच ने यह टिप्पणी करते हुए एक 49 वर्षीय महिला के खिलाफ दर्ज आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले को खारिज कर दिया। यह मामला 2019 में अमरावती पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराने के लिए यह साबित करना जरूरी है कि आरोपी ने सीधे तौर पर पीड़ित को ऐसा कदम उठाने के लिए प्रेरित किया या उसे उकसाया। केवल पति-पत्नी के बीच झगड़े या आरोप-प्रत्यारोप को इसका आधार नहीं बनाया जा सकता। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी फाल्के की एकल पीठ ने कहा कि इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर दुर्व्यवहार और प्रताड़ना के आरोप लगाए थे।

चुनाव प्रचार के दौरान अधीर रंजन चौधरी पर कथित हमला

बहरामपुर/(वार्ता)। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी ने दावा किया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन पर हमला किया गया। इस घटना ने पश्चिम बंगाल में चल रहे चुनावी माहौल में तनाव को और बढ़ा दिया है। कांग्रेस नेता के साथ यह घटना तब हुई, जब अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसंपर्क अभियान में भाग ले रहे थे। आरोप है कि टीएमसी के कुछ कार्यकर्ताओं ने अचानक अभियान में बाधा डाली और चौधरी समेत उनके समर्थकों पर हमला किया। इस दौरान कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है।

ईरान की मिसाइल शक्ति ने अमेरिकी हवाई दबदबा तोड़ा, एफ-15 और ए-10 गिराए

वॉशिंगटन/तेहरान। ईरान द्वारा दो अमेरिकी सैन्य विमानों को मार गिराया जाना अमेरिका के लिए एक दुर्लभ घटना है, जो पिछले 20 वर्षों में पहली बार हुई है। यह घटना इस्लामिक गणराज्य की जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता को दर्शाती है, भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया हो कि ईरान को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। यह हमले अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए शुरुआती हमलों के पांच सप्ताह बाद हुए। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि तेहरान की मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च करने की क्षमता पूरी तरह से नष्ट दी गई है। ईरान ने शुक्रवार को एक अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू जेट को मार गिराया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, एक सेवा सदस्य को बचा लिया गया है और दूसरे की तलाश जारी है। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी बताया कि ईरानी रक्षा बलों द्वारा मार गिराए जाने के बाद एक अमेरिकी ए- कैंटवेल, जिन्होंने चार युद्ध अभियानों में सेवा दी है और अब एयरोस्पेस स्टडीज के मिशेल इंस्टीट्यूट में एक वरिष्ठ निवासी फेलो हैं, ने कहा यह तथ्य कि यह अब तक नहीं हुआ है, एक पूर्ण चमत्कार है। हम यहां युद्ध मिशन उड़ा रहे हैं, उन पर हर दिन गोली चलाई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि संभवतः कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अमेरिकी बलों ने ईरान युद्ध में 13,000 से अधिक मिशन उड़ाए हैं और 12,300 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है।

10 अटैक एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया

अमेरिकी वायु सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जनरल ह्यूस्टन कैंटवेल, जो एक पूर्व एफ-16 लड़ाकू पायलट थे, ने बताया कि आखिरी बार किसी अमेरिकी लड़ाकू जेट को युद्ध में 2003 में इराक पर अमेरिकी आक्रमण के दौरान एक ए-10 थंडरबोल्ट II को मार गिराया गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि उस समय अमेरिका मुख्य रूप से ऐसे विद्रोहियों से लड़ रहा था जिनके पास एंटी-एयरक्राफ्ट क्षमताएं नहीं थीं। कैंटवेल के अनुसार, ईरान में अधिक लड़ाकू विमानों के नुकसान न होने का तथ्य अमेरिकी बलों की क्षमताओं का प्रमाण है।

'ईरान कमजोर लेकिन अभी भी घातक'

फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज के ईरान कार्यक्रम के वरिष्ठ निदेशक बेहम बेन तालेब्लू के अनुसार, ईरान के हवाई क्षेत्र पर अमेरिकी प्रभुत्व के मामले में, अभी भी हवाई श्रेष्ठता और हवाई वर्चस्व के बीच अंतर है। उन्होंने कहा एक अक्षम वायु रक्षा प्रणाली एक नष्ट वायु रक्षा प्रणाली नहीं है। हमें हैरान नहीं होना चाहिए कि वे अभी भी लड़ रहे हैं। तालेब्लू ने बताया कि अमेरिकी विमान कम ऊंचाई पर मिशन उड़ा रहे हैं, जिससे वे ईरान की मिसाइलों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि संभव है कि ईरान ने एफ-15 पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी हो, लेकिन अधिक संभावना है कि एक पोर्टेबल, कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया गया हो।

ईरान-इजराइल युद्ध में मध्यस्थ बन रहे पाक को यूएई ने दिखाया आईना

■ वापस मांगा 3.5 अरब डॉलर का कर्ज

इस्लामाबाद/ए.। ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए पाकिस्तान मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि इस बीच यूएई ने उसे आईना दिखाते हुए अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है। आर्थिक मोर्चे पर तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को संयुक्त अरब अमीरात के इस कदम से बड़ा झटका लगा है। यूएई की तरफ से कर्ज चुकाने की अवधि को बार-बार बढ़ाया जा रहा था। हालांकि, शुक्रवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूएई ने पाकिस्तान से इस महीने के अंत तक सारा कर्ज वापस करने के लिए कहा है। मौजूदा समय में पाकिस्तान के पास विदेशी मुद्रा भंडार में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि है। विदेशी मुद्रा भंडार की राशि से पाकिस्तान फिलहाल यूएई को कर्ज चुका सकता है, लेकिन आने वाले महीनों में देश को बाहरी वित्तीय मदद की आवश्यकता पड़ सकती है। हालांकि, पाकिस्तान दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैलाकर ही अपनी गाड़ी को आगे खींच रहा है। 31 मार्च 2026 तक पाकिस्तान ने आईएमएफ से लगभग 729 करोड़ डॉलर का कर्ज ले रखा है।

चीन-पाकिस्तान का सबसे बड़ा कर्जदाता

आईएमएफ के अनुसार, पाकिस्तान वर्तमान में आईएमएफ के 7 अरब डॉलर के विस्तारित फंड सुविधा कार्यक्रम के तहत काम कर रहा है। जल्द ही आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए लगभग 1.2 अरब डॉलर की अगली किस्त जारी करने पर सहमति जताई। चीन पाकिस्तान का सबसे बड़ा कर्जदाता है। चीन ने पाकिस्तान को लगभग 29 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। इसके अलावा सऊदी अरब ने करीब 9.16 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता और जमा राशि के रूप में मदद दी है।

सीबीएसई के नए पाठ्यक्रम पर विवाद गैर-हिंदी राज्यों पर भाषा थोपने की कोशिश

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सीबीएसई के नए पाठ्यक्रम ढांचे की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे भाषाई थोपने की सुनियोजित कोशिश बताते हुए आरोप लगाया कि यह नीति हिंदी को बढ़ावा देती है और क्षेत्रीय भाषाओं को कमजोर करती है। दरअसल, सीबीएसी 2026-27 शैक्षणिक सत्र से चरणबद्ध तरीके से तीन-भाषा नीति लागू करने जा रहा है, जिसकी शुरुआत कक्षा 6 से होगी। इस नीति के तहत छात्रों को एक अतिरिक्त भाषा सीखनी होगी और तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारतीय भाषाएं अनिवार्य होंगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने विस्तृत पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि यह कोई साधारण शैक्षणिक सुधार नहीं है, बल्कि एक चिंताजनक और सुनियोजित प्रयास है, जो हमारी पुरानी आशंकाओं को सही साबित करता है। भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के नाम पर एनडीए सरकार एक केंद्रीकृत एजेंडा चला रही है, जो हिंदी को बढ़ावा देता है और देश की समृद्ध भाषाई विरासत को व्यवस्थित रूप से हाशिये पर डालता है। उन्होंने तीन-भाषा फॉर्मूले को हिंदी को गैर-हिंदी राज्यों में विस्तार देने का एक छिपा हुआ तंत्र बताया और कहा कि यह नीति संरचनात्मक रूप से हिंदी भाषी छात्रों को लाभ पहुंचाती है, जिससे निष्पक्षता, संघवाद और क्षेत्रीय समानता प्रभावित होती है। स्टालिन ने सवाल उठाया कि दक्षिणी राज्यों के छात्रों के लिए यह नीति व्यवहार में हिंदी को अनिवार्य बना देती है, लेकिन क्या हिंदी भाषी राज्यों में तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम या यहां तक कि बंगाली और मराठी सीखना अनिवार्य किया जाएगा? उन्होंने कहा कि इस तरह की पारस्परिकता का अभाव इस नीति की एकतरफा और भेदभावपूर्ण प्रकृति को उजागर करता है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वही केंद्र सरकार, जो केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्कूलों में तमिल को अनिवार्य नहीं बना पाई और पर्याप्त तमिल शिक्षकों की नियुक्ति भी नहीं कर सकी, अब राज्यों को भारतीय भाषाओं के प्रचार का पाठ पढ़ा रही है। यह प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि खुली पाखंडता है।

गैर-हिंदी भाषी राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप

स्टालिन ने कहा कि यह ढांचा संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचाता है, गैर-हिंदी भाषी राज्यों के साथ भेदभाव करता है और छात्रों व शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ डालता है। उन्होंने केंद्र सरकार से भारत की भाषाई विविधता का सम्मान करने और राज्यों के अधिकारों की रक्षा करने की अपील की।

यूसीसी को लेकर ओवैसी का हमला मुसलमानों पर थोपा जा रहा हिंदू कानून

अहमदाबाद। देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर चल रही बहस के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि यूसीसी के बहाने सरकार मुसलमानों पर हिंदू उत्तराधिकार कानून थोपने की कोशिश कर रही है, जो संविधान के खिलाफ है। हैदराबाद के सांसद ने कहा कि भारतीय संविधान देश के हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की पूरी आजादी देता है। लेकिन यूसीसी के जरिए मुसलमानों के पर्सनल लॉ को खत्म कर उन पर दूसरे धर्म के कायदे-कानून लादे जा रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 यानी जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। ओवैसी के मुताबिक, मुसलमानों का अपना एक अलग विश्वास और उसूल हैं और इस तरह का कोई भी कानून निकाह जैसे पवित्र रिश्ते की गरिमा को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने दावा किया कि नए कानून में गुजारा भत्ता, एलिमनी और संपत्ति के बंटवारे के जो नियम रखे जा रहे हैं, वे पूरी तरह से हिंदू पर्सनल लॉ से प्रेरित हैं। यूसीसी कानून में लिव-इन रिलेशनशिप को अनिवार्य रूप से पंजीकृत करने के प्रावधान पर भी ओवैसी ने भाजपा और आरएसएस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जो संगठन भारतीय संस्कृति और संस्कारों की दुहाई देते नहीं थकते, वे अब लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देने पर चुप क्यों हैं? बता दें कि देश में यूसीसी को लेकर काफी समय से घमासान मचा हुआ है। उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य बना जिसने इसे कानून के रूप में पास किया। सरकार का तर्क है कि यूसीसी से देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होगा, जिससे महिलाओं को बराबरी का हक मिलेगा और समाज में विसंगतियां दूर होंगी।

'मुसलमानों पर हिंदू कानून क्यों?'

ओवैसी ने यूसीसी के ड्राफ्ट को लेकर कहा कि शादी, तलाक और विरासत को लेकर इस्लाम में अपने अलग नियम हैं। लेकिन सरकार जो यूसीसी ला रही है, उसमें तलाक के लिए व्यभिचार का सबूत मांगना, अदालती दखल और विशेष परिस्थितियां जैसी चीजें शामिल की गई हैं। ये सभी हिंदू धर्म और उनके कानूनों का हिस्सा हैं। इन्हें जबरन मुसलमानों पर क्यों थोपा जा रहा है?

एयरटेल ने किया 650 मिलियन ग्राहकों का आंकड़ा पार

■ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी बनी

नई दिल्ली। भारती एयरटेल, जो ग्राहक संख्या के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर और भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है, कंपनी ने 650 मिलियन ग्राहकों का आँकड़ा पार कर लिया है। जीएसएमए इंटेलिजेंस के अनुसार, मोबाइल ग्राहक के आधार पर भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है, और इसका संचालन भारत तथा अफ्रीका के विभिन्न देशों में फैला हुआ है। भारती एयरटेल के एग्ज़िक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 650 मिलियन ग्राहकों का आँकड़ा पार कर वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर बनना हमारे लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। यह हमें हर दिन अपने ग्राहकों को और बेहतर सेवा देने के लिए प्रेरित करता है।इसी सोच के साथ हम अत्याधुनिक तकनीकों में लगातार निवेश कर रहे हैं, ताकि केवल कनेक्टिविटी ही नहीं बल्कि एक सुरक्षित और भरोसेमंद नेटवर्क अनुभव भी प्रदान कर सके।

हमारा उद्देश्य स्पष्ट है, जैसे-जैसे हम अपनी मौजूदगी को और मजबूत और विस्तारित कर रहे हैं, हम नवाचार, विश्वसनीयता और ग्राहक अनुभव के मानकों को लगातार ऊँचा उठाने का प्रयास करेंगे, ताकि हमारा हर जुड़ाव ग्राहक के साथ विश्वास अर्जित करने और बेहतर मूल्य प्रदान करने का अवसर बने। मोबाइल ग्राहक के आधार पर दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर के रूप में एयरटेल की रैंकिंग वैश्विक स्तर पर लगातार बेहतर होते उसके प्रदर्शन को दर्शाती है। कंपनी भारत और अफ्रीका में संचालित है। इसे डिजिटल सेवाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमताओं के बढ़ते पोर्टफोलियो का सहयोग मिला है, जो इसके विभिन्न बाजारों में विस्तार को मजबूती प्रदान करता है। - 368 मिलियन से अधिक मोबाइल ग्राहकों को सेवा देते हुए एयरटेल 5जी प्लस सेवाएँ लॉन्च करने वाली पहली कंपनी रही है।

जसप्रीत बुमराह ने डीसी के खिलाफ मैदान पर कदम रखते ही रचा इतिहास

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 के 8वें मैच में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटिल्स की टीम शनिवार को आमने सामने है. इस मैच में मुंबई इंडियंस के लिए मैदान पर कदम रखते ही जसप्रीत बुमराह ने इतिहास रच दिया. बुमराह के लिए बेहद खास है, क्योंकि यह मुंबई इंडियंस के लिए उनका 150वां टी20 मैच है. 4 अप्रैल 2013 को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुंबई इंडियंस के लिए IPL डेब्यू करने वाले अहमदाबाद के 32 साल के तेज गेंदबाज बुमराह मुंबई इंडियंस के लिए 150 T20 मैच खेलने वाले चौथे क्रिकेटर बन गए हैं। मुंबई की इस फ्रेंचाइज के लिए 147 IPL मैच खेलने के अलावा बुमराह ने उनके लिए चैंपियंस लीग ञ20 में भी तीन मैच खेले हैं. मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज़्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है. भारत के पूर्व कप्तान शनिवार को दिल्ली में MI के लिए अपना 238वां T20 मैच खेल रहे हैं. उनके बाद इस लिस्ट में काइरन पोलार्ड का नंबर आता है, जिन्होंने 211 मैच खेले हैं (189 IPL में और 22 चैंपियंस लीग T20 में) और फिर तीसरे नंबर पर हरभजन सिंह (158 मैच) हैं.

मुंबई इंडियंस के लिए 186 विकेट

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे मैच की शुरुआत से पहले बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए 186 विकेट लिए। IPLमें उनके नाम 183 विकेट हैं और चैंपियंस लीग T20 में तीन विकेट हैं।

रिलीज हुआ 'डकैत' का ट्रेलर

मुंबई। अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की अपकमिंग फिल्म 'डकैत' की रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले दर्शक इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। उनका यह इंतजार पूरा हो हुआ। 'डकैत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आइए जानते हैं ट्रेलर में क्या खास है फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि हरि (अदिवि शेष) और जूलिएट (मृणाल ठाकुर) एक-दूसरे से शादी करना चाहते हैं। शादी के बाद वह एक बच्चा चाहते हैं और अपना परिवार बसाना चाहते हैं। इस बीच जूलिएट के साथ कुछ गलत हो जाता है। इसके बाद उनकी जिंदगी एकदम बदल जाती है।

मिशन पर निकलते हैं हरि-जूलिएट

इसके बाद हरि पुलिस हिरासत में नजर आते हैं। कुछ दिनों बाद जब वह पुलिस हिरासत से छूट जाते हैं तो उन्हें जूलिएट ऐसी हालत में मिलती है कि उसे पैसों की जरूरत होती है। इसके बाद दोनों एक मिशन पर निकलते हैं। हरि अपने साथ हुए गलत काम का बदला लेते हैं।

'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि अब इसकी रिलीज डेट बदल दी गई है। अब यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

हिंदी और तेलुगु में एक साथ फिल्माई गई फिल्म 'डकैत' की कहानी और पटकथा आदिवी शेष और शेनिल देव ने मिलकर लिखी है। इन दोनों ने ही फिल्म का निर्देशन भी किया है। आदिवी शेष-मृणाल ठाकुर के अलावा इस फिल्म में अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी भी अहम भूमिकाएं निभाएंगे।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में 14 प्रतिशत की छलांग

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने खनिज क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सुदृढ़ प्रबंधन के बल पर राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16,625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित किया, जो निर्धारित लक्ष्य का 98 प्रतिशत है। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद के अनुसार, यह उपलब्धि प्रभावी नीति क्रियान्वयन, बेहतर निगरानी व्यवस्था और सुशासन का प्रत्यक्ष परिणाम है। यह न केवल प्रशासनिक दक्षता को दर्शाती है, बल्कि राज्य की खनिज आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती को भी उजागर करती है। इस वर्ष खनिज राजस्व में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले पांच वर्षों की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह बढ़ोतरी राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए सुधारात्मक कदमों और तकनीकी उपायों की सफलता का प्रमाण है। राजस्व वृद्धि के प्रमुख कारणों में अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के लिए डिस्पैच रूट्स का बेहतर अनुकूलन शामिल है। साथ ही, 'खनिज 2.0' जैसे आईटी-आधारित प्लेटफॉर्म ने पारदर्शिता, निगरानी और संचालन दक्षता में बड़ा सुधार किया है। आने वाले वित्तीय वर्ष में सरकार गौण खनिजों को भी 'खनिज 2.0' प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना बना रही है, जिससे पूरी खनन व्यवस्था डिजिटल और एकीकृत हो सके। इसके अलावा, खनिज परिवहन की निगरानी को और मजबूत करने के लिए वीटीएस गेट्स और ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम का व्यापक विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य खनिज संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, ताकि राजस्व में निरंतर वृद्धि हो और विकास कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो सकें।

सावधान: 10वीं-12वीं में पास कराने के नाम पर ठगी का खतरा

रायपुर/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन के बीच 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों व उनके पालकों को पास कराने के नाम पर फर्जी कॉल आने की शिकायतें सामने आने लगी हैं। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने सतर्क रहने की सलाह जारी की है। मंडल ने स्पष्ट किया है कि इन दिनों प्रदेश के 31 जिलों के 36 केंद्रों में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्व विद्यार्थियों और पालकों को फोन कर परीक्षा में पास कराने या नंबर बढ़ाने का झांसा देकर पैसे की मांग कर रहे हैं। माशिमं ने बताया कि वर्ष 2024 और 2025 में भी इस तरह के फर्जी कॉल सामने आए थे, जिनमें परिणाम सुधारने के नाम पर अवैध मांग की गई थी। इसे देखते हुए इस बार पहले से ही अलर्ट जारी किया गया है। मंडल ने विद्यार्थियों और पालकों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल पर भरोसा न करें और किसी प्रकार का लेन-देन बिल्कुल न करें। यदि इस तरह का कॉल आता है तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। मंडल ने साफकिया है कि इन फर्जी कॉल का माशिमं से कोई संबंध नहीं है। इधर, मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर भी सख्ती बरती जा रही है। मूल्यांकन केंद्रों में शिक्षकों के मोबाइल, बैग और पर्स ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही मूल्यांकन के दौरान बाहरी व्यक्तियों से संपर्क पर भी रोक है। मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने कहा कि विद्यार्थी और पालक किसी भी प्रकार के झांसे में न आएं और फर्जी कॉल से सतर्क रहें।

भारत भवन पर ठंडा पड़ा अमल: घोषणा के एक साल बाद भी प्रोजेक्ट अधर में

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में प्रस्तावित 'भारत भवन' का निर्माण अब ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। करीब एक साल पहले की गई इस महत्वाकांक्षी घोषणा पर अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि भोपाल स्थित भारत भवन की तर्ज पर नवा रायपुर में एक बहु-कला केंद्र विकसित करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए पुरखौती मुक्तांगन संग्रहालय परिसर की रिक्त भूमि चिन्हित की गई थी। इस परियोजना की घोषणा तत्कालीन पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक अनुज शर्मा की मांग पर की थी। योजना के तहत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए करीब 49.78 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत तय की गई थी। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में शामिल इस योजना का मौजूदा वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोई उल्लेख नहीं है। यही नहीं, वर्तमान पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी इस घोषणा की जानकारी नहीं होने की बात कही है और मामले में जानकारी लेने की बात कही है। विधानसभा में भी इस मुद्दे पर सवाल उठ चुका है। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर द्वारा जानकारी मांगे जाने पर सरकार ने जवाब दिया था कि भारत भवन का निर्माण प्रस्तावित है और स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा। जानकारों के मुताबिक, परियोजना की डीपीआर तैयार होने के बावजूद अब तक इसे वित्त विभाग की मंजूरी नहीं मिली है, जिसके कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि भोपाल का भारत भवन देश का प्रमुख बहु-कला केंद्र है, जहां ललित कला, रंगमंच, साहित्य और संगीत की गतिविधियां संचालित होती हैं।

नाबालिग से मारपीट कर दुष्कर्म की कोशिश, पांच साल की कैद

रायपुर/नवप्रदेश। पांच वर्षीय लड़की के साथ मारपीट कर दुष्कर्म करने की कोशिश के मामले में जिला न्यायाधीश ने आरोपी को 5 साल कठोर कारावास और 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त एक माह कठोर सजा भुगतनी होगी। वहीं पीड़िता के परिजनों को क्षतिपूर्ति के रूप में एक लाख रुपए देने का भी आदेश दिया है। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) गिरीश कुमार मंडावी की कोर्ट में पूरी हुई। मामले की पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्त समुंद तारक (36 वर्ष) काफी दिनों से नाबालिग पर गलत नजर रखे हुए था। 20 मई 2025 की दोपहर करीब 1 बजे किसी चीज का लालच देकर पीड़िता को अपने घर लेकर चला गया। दुष्कर्म करने की कोशिश के दौरान रोने पर पीड़िता की पिटाई भी की। जब पीड़िता चुप नहीं हुई, तो धमकी देते हुए वहां से जाने दिया। बार-बार रोने और चुप नहीं होने पर घर वालों ने पूछताछ की तो पीड़िता ने घटना के बारे में बताया। माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्य, घर वालों और आरोपी के बयान कोर्ट में पेश किए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्त को पांच साल कठोर कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

तेंदूपत्ता सीजन की तैयारी पर मंथन, 727 फड़ों से होगा संग्रहण

सुकमा/नवप्रदेश। तेंदूपत्ता संग्रहण सत्र को लेकर वन विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में वनमंडल सुकमा के अंतर्गत एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें तेंदूपत्ता प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता वनमंडलाधिकारी सह जिला लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक ने की। इस दौरान उपवनमंडलाधिकारी, वनपरिक्षेत्र अधिकारी, प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधक एवं पोषक अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में तेंदूपत्ता संग्रहण की रूपरेखा फड़ मुंशी नियुक्ति, बुटकाटाई कार्यों की प्रगति और मजदूरी भुगतान व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले की सभी 25 समितियों में बुटकाटाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस वर्ष 727 फड़ों के माध्यम से संग्रहण कार्य संचालित किया जाएगा। वहीं, गोगुण्डा क्षेत्र में एक नए फड़ की शुरुआत भी की गई है, जिससे स्थानीय संग्राहकों को अतिरिक्त रोजगार के अवसर मिलेंगे। तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य इस बार भी 5500 रुपये प्रति मानक बोरा तय किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता के मानकों का पालन करते हुए ही खरीदी की जाएगी, ताकि संग्राहकों को उचित पारिश्रमिक मिल सके। भुगतान व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए सभी लेनदेन ऑनलाइन माध्यम से ही किए जाएंगे। नकद भुगतान पर पूरी तरह रोक रहेगी। इसके साथ ही जिन संग्राहकों के बैंक खाते नहीं खुले हैं, उन्हें शीघ्र खाते खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिए गए। अवैध फड़ संचालन और पड़ोसी राज्यों में तेंदूपत्ता के गैरकानूनी परिवहन को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

आजीविका का अहम आधार

सुकमा जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण हजारों ग्रामीण और वनवासी परिवारों की आय का प्रमुख साधन है। हर वर्ष इस सीजन से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। ऐसे में सुव्यवस्थित प्रबंधन और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। अधिकारियों ने सभी संबंधित अमले को निर्देश दिए कि वे जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए तेंदूपत्ता सीजन को सफल और व्यवस्थित बनाएं।

वनमंडलाधिकारी अक्षय भोसले ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण सुकमा जिले के हजारों वनवासी परिवारों की आजीविका से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। इसे पूरी पारदर्शिता और व्यवस्थित ढंग से संचालित करना हमारी प्राथमिकता है। यह भी स्पष्ट किया कि अवैध फड़ संचालन एवं तेंदूपत्ता के अवैध परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस सीजन को सफल बनाएं।

-**अक्षय भोसले**, डीएफओ, सुकमा

देश के सबसे बड़े ओपनकास्ट प्रोजेक्ट में ग्राउंड जीरो पर जांच, प्रोडक्शन से डिस्पैच तक पड़ताल

चेयरमैन की एंट्री से हड़कंप, कुसमुंडा में 'परफॉर्म या पनिश' का सख्त संदेश

कोरबा/नवप्रदेश। कोयला उत्पादन के देश के सबसे बड़े केंद्र कोरबा में उस समय हलचल तेज हो गई, जब कोल इंडिया के चेयरमैन बी. साईंराम तीन दिवसीय दौरे पर एसईसीएल पहुंचे। दौरे के पहले ही दिन उन्होंने साफकर दिया कि फोकस केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि जमीन पर काम करने वाली पूरी व्यवस्था पर रहेगा। रायपुर से सीधे गेवरा हाउस पहुंचने के बाद चेयरमैन ने बिना समय गंवाए एशिया के सबसे बड़े ओपनकास्ट कोयला प्रोजेक्ट कुसमुंडा कोल माइन का दौरा किया। उनके साथ एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन समेत शीर्ष प्रबंधन मौजूद रहा।

व्यू पॉइंट से जमीनी हकीकत का आकलन: नीलकंठ साकार व्यू पॉइंट से पूरे खदान क्षेत्र का जायजा लेते हुए चेयरमैन ने मौजूदा उत्पादन, निर्धारित लक्ष्य और वास्तविक परफॉर्मेंस के बीच अंतर को लेकर अधिकारियों से सीधे सवाल किए। उन्होंने साफ तौर पर संकेत दिए कि आने वाले समय में लक्ष्य हासिल करने में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिकारियों में बढ़ा दबाव, जवाबदेही तय

इस हाई-प्रोफाइल विजिट के दौरान एसईसीएल के निदेशक स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें तकनीकी, कार्मिक, वित्त और परियोजना से जुड़े शीर्ष पदाधिकारी शामिल थे। चेयरमैन की सख्त समीक्षा के बाद पूरे प्रशासनिक ढांचे में स्पष्ट तौर पर दबाव महसूस किया गया। सूत्रों के अनुसार, यह दौरा केवल निरीक्षण नहीं बल्कि एक तरह का परफॉर्म या पनिश संदेश है, जिसमें हर स्तर पर जवाबदेही तय करने की तैयारी दिखाई दे रही है।

बदलाव के संकेत: उत्पादन और सिस्टम दोनों पर जोर

विशेषज्ञों का मानना है कि कुसमुंडा प्रोजेक्ट देश की ऊर्जा जरूरतों का अहम आधार है, ऐसे में यहां उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ सिस्टम को और मजबूत करना जरूरी है। चेयरमैन के इस दौरे को उसी दिशा में बड़ा संकेत माना जा रहा है।

ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ा बड़ा संदेश

कोरबा को देश का पावर हब कहा जाता है और यहां से निकलने वाला कोयला कई राज्यों की बिजली व्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे में चेयरमैन का यह दौरा केवल एक प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा से भी सीधे जुड़ा हुआ है। चेयरमैन बी. साईंराम का कुसमुंडा दौरा साफसंकेत देता है कि अब केवल लक्ष्य तय करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि हर स्तर पर परिणाम दिखाना अनिवार्य होगा। कुसमुंडा में आने वाले समय में सख्ती, सुधार और तेज़ी तीनों साथ-साथ देखने को मिल सकते हैं।

माइनिंग से डिस्पैच तक हर सिस्टम पर फोकस

दौरे के दौरान चेयरमैन ने केवल औपचारिक निरीक्षण तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि एनआईएमएल पैच पहुंचकर खनन गतिविधियों को करीब से देखा। एफएमसी (फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी) सिस्टम की कार्यक्षमता साइलो के उपयोग की स्थिति, कोल डिस्पैच की गति और पारदर्शिता के संबंध जानकारी जुटाई।

भविष्य की एवाक्युएशन प्लानिंग

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर बाधा को तुरंत दूर किया जाए।

निगरानी में गड़बड़ी उजागर, आरटीई सीटों का भौतिक सत्यापन, स्कूलों पर कार्रवाई के संकेत

रायपुर/नवप्रदेश। नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत चल रही प्रवेश प्रक्रिया के बीच निजी स्कूलों में सीटों की संख्या को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेशभर में स्कूलों की सीटों का भौतिक सत्यापन कराया है। विभागीय जांच में पाया गया है कि कई निजी स्कूल आरटीई के तहत अनिवार्य 25 प्रतिशत सीटों में हेरफेर कर रहे हैं। कहीं सीटें अधिक दर्शाई गईं तो कहीं कम, जिससे पात्र बच्चों के प्रवेश पर असर पड़ रहा है। विभाग ने ऐसे स्कूलों के खिलाफकार्रवाई के संकेत दिए हैं।

इस वर्ष राज्य शासन ने आरटीई प्रवेश नियम में बदलाव करते हुए नर्सरी के बजाय कक्षा पहली से प्रवेश की व्यवस्था लागू की है। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के 6861 निजी स्कूलों में कक्षा पहली में कुल 21,698 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि इन सीटों के लिए 38,439 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है और अब पात्र विद्यार्थियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

जांच में यह भी सामने आया है कि नर्सरी और कक्षा पहली की सीटों के अंतर का फायदा उठाकर कुछ स्कूलों ने कुल दर्ज संख्या में हेरफेर किया है। नर्सरी

में सामान्यत: एक या दो सेक्शन होते हैं, जबकि कक्षा पहली में तीन से चार सेक्शन संचालित होते हैं। ऐसे में कुछ स्कूलों ने वास्तविक सीटों को छिपाकर आरटीई के तहत आरक्षित सीटों की संख्या प्रभावित की है।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। उनसे पूछा गया है कि सीटों में अंतर के क्या कारण हैं और क्या संबंधित अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन किया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं कक्षा आठवीं से पहले बच्चों के ड्रॉपआउट होने के कारण तो सीटों में अंतर नहीं दिख रहा है। इधर, जहां निजी स्कूलों में कक्षा पहली से प्रवेश लागू किया गया है, वहीं मुख्यमंत्री डीएवी स्कूलों में पुराने नियम के तहत नर्सरी से ही प्रवेश दिया जा रहा है। इन स्कूलों में भी ऑनलाइन आवेदन और लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, सत्यापन के बाद कुछ स्कूलों में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी भी की गई है, जबकि गड़बड़ी करने वाले संस्थानों पर जल्द कार्रवाई संभव है।

फर्जी नियुक्ति पत्र से ठगी: रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 15 लाख रुपए ऐंठे

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रिटायर्ड कर्मचारी से करीब 15 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि विशाखापट्टनम की एक महिला और उसकी बेटी ने ई-मेल के जरिए फर्जी नियुक्ति पत्र भेजकर विश्वास दिलाया और कई साल तक पैसे लौटाने का भरोसा देकर टालते रहीं। मामले में तोरवा पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, तोरवा थाना क्षेत्र निवासी एन. वेंकट सूर्यप्रताप ने शिकायत दर्ज कराई है कि अगस्त 2020 में उन्हें तेनिटी इंद्राणी नाम की महिला का फोन आया था। महिला ने उनके बेटे को रेलवे में नौकरी

दिलाने का दावा किया और इसके एवज में रकम मांगी।

आरोप है कि महिला ने अपनी बेटी वलिवेती वेंकट नागा कीर्ति के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने को कहा। शुरुआत में 4 लाख रुपए जमा कराए गए, इसके बाद 50-50 हजार रुपए की अतिरिक्त रकम ली गई। बाद में राजनीतिक कोटा और अन्य कारणों का हवाला देकर लगातार रकम बढ़ाई जाती रही। जून 2024 में आरोपियों ने रेल मंत्रालय के नाम से एक फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल के जरिए भेजा, जो देखने में असली जैसा था। इसी पर भरोसा कर पीड़ित ने और रकम देना जारी रखा। जब नौकरी नहीं लगी तो आरोपियों ने कोविड-19 और चुनाव का हवाला देकर समय टाल दिया। दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच भी अलग-अलग बहानों से फिर पैसे मांगे गए। इस दौरान यूपीआई, बैंक ट्रांसफर और एनईएफटी के जरिए कुल 18 ट्रांजेक्शन में करीब 15 लाख रुपए जमा कराए गए। लंबे समय तक इंतजार के बाद भी न नौकरी मिली और न ही पैसे लौटाए गए, तब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

कोरबा में अनूठा मामला: गन्ना रस बेचने वाले ने बर्फ की सिल्ली तोड़ी तो निकला मेंढक

गुस्साए लोगों ने की कार्रवाई की मांग

कोरबा/नवप्रदेश। गर्मियों के मौसम में गन्ने और अन्य फलों का जूस पीने वाले लोग जरा सावधानी बरतें। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि, क्योंकि, कहीं आपके ड्रिंक में मरी हुई मेंढक या छिपकली ना मिल जाए। ऐसा ही एक ताजा मामला कोरबा के घंटाघर चौपाटी से आया से है। जहां जूस बनाते समय जब बर्फ को तोड़ा जा रहा था, तो उसमें मेंढक दिखाई दिया, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोग हैरान रह गए। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार,

जूस संचालक घंटाघर चौपाटी में अपनी दुकान लगाकर सोडा औरजूस बेचता है। शुक्रवार की शाम दुकान पर कुछ ग्राहक आए और उन्होंने जूस का ऑर्डर दिया। संचालक ने पहले जूस बनाया, बाद में उसमें डालने के लिए बर्फतोड़ने लगा। तभी उसे बर्फमें मरा हुआ मेंढक मिला।

जिसे देखकर वह और वहां पर मौजूद लोग हैरान रह गए. कुछ देर बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। चौपाटी संघ के अध्यक्ष रवि वर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बर्फतोड़कर मेंढक को बाहर निकला। इस घटना के बाद ग्राहकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही बेहद खतरनाक है। बताया जा रहा है कि दुकान में इस्तेमाल की जा रही बर्फधन्नु बर्फ डिपो से लाई गई थी। इस घटना के बाद ग्राहकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही बेहद खतरनाक है। ग्राहकों ने खाद्य विभाग और नगर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर खाद्य-औषधि विभाग के अधिकारी विकास भगत ने कहा कि, मामले की जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जाएगी और शहर की सभी बर्फफैक्ट्रियों की पड़ताल भी की जाएगी।

अच्छी पहल: बेमेतरा जिले के सरकारी स्कूल में आयोजन, अपने जन्मदिन पर बच्चों को बांटे उपहार

प्रधानपाठक ने कराया न्योताभोज: खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी में नेवता भोज का अह्यह्यायोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानपाठक कोमल सिन्हा ने अपने जन्मदिवस पर कराया है। नेवता भोज खाकर बच्चे खुश हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

प्रधान पाठक कोमल सिन्हा ने अपने जन्मदिवस को यादगार बनाते हुए विद्यार्थियों के बीच उपयोगी शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। कक्षा पाँचवीं, चौथी और तीसरी के विद्यार्थियों

को कंपास बॉक्स भेंट किए गए। जिससे उनके अध्ययन में सहूलियत होगी। वहीं कक्षा पहली एवं दूसरी के नन्हे विद्यार्थियों को रंग-बिरंगे कलर पैकेट प्रदान किए गए, जिससे उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, सभी विद्यार्थियों को स्वादिष्ट जलेबी, शीतल पेय एवं ताजे फल वितरित किए गए। बच्चों ने बड़े आनंद और उत्साह के साथ इन उपहारों को स्वीकार किया और अपने शिक्षक के जन्मदिवस को खास बना दिया।

बच्चों ने प्रधान पाठक को जन्मदिन की दी बधाई

विद्यालय परिसर में बच्चों की खुशियों और उत्साहपूर्ण गतिविधियों ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक देवराम साहू एवं आशुतोष चौबे, साथ ही शाला विकास समिति के अध्यक्ष भागवत वर्मा एवं सदस्य जितेंद्र मानिकपुरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रधान पाठक कोमल सिन्हा को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कार्यक्रम की सराहना की।

विद्यालय के प्रति लगाव और सकारात्मक वातावरण का होता है निर्माण

शिक्षकों ने इस प्रकार के आयोजन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि, इससे बच्चों में विद्यालय के प्रति लगाव और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। अंत में बच्चों ने अपने शिक्षक के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करते हुए उनका जन्मदिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए खुशी का कारण बना, बल्कि विद्यालय परिवार के बीच आपसी जुड़ाव और सौहार्द का भी प्रतीक बना।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com